# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

मकर संक्रांति की मंगलकामनाएं

haribhoomi.com भोपाल, सोमवार 15 जनवरी 2024


पीएम मोदी के आह्वान पर प्रदेश भर के मंदिरों में स्वच्छता अभियान शुरू

## सीएम यादव ने उज्जैन के मंदिर में झाड़ू लगाई मंत्री प्रहलाद पटेल व प्रद्युम्न ने पोंछा लगाया

1 22 जनवरी को प्रदेश के हर घर में मनेगी दीवाली

2 अलग-अलग शहरों ने दीप जलाने की संख्या तय की

सीएम यादव ने प्रदेश के लोगों से आह्वान किया कि 16 से शुरू होकर 22 जनवरी तक चलने वाले समारोह में बढ़-चढ़ कर भाग लें। अपने-अपने घरों से लेकर हर चौक-चौराहे तक उत्सव मनाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

अयोध्या में रामलला मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले देश भर में उत्सव का माहौल है। मप्र सरकार ने भी सभी जिलों के मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाने के साथ ही 22 जनवरी को अपने अपने घरों में दीवाली की तर्ज पर दीपक जलाने व उत्सव मनाने का आह्वान प्रदेशवासियों से किया गया है।

इसी के मद्देनजर पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समेत कई मंत्रियों, विधायकों व गणमान्य लोगों ने मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर के लोगों को स्वच्छता के साथ उत्सव मनाने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन के श्री राम जनार्दन मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन किया और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में मंदिरों में चल रहे स्वच्छता अभियान के तहत मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई भी की। उन्होंने कहा कि रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा धूमधाम के साथ होने जा रही है। देश के लोगों के लिए यह गौरव की बात है कि 500 साल बाद रामलला विराजित हो रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि 16 से शुरू होकर 22 जनवरी तक चलने वाले समारोह में बढ़-चढ़ कर भाग लें।



मुख्यमंत्री समेत कई मंत्रियों व विधायकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

### मंत्री पटेल ने विदिशा के खाटू श्याम मंदिर में सफाई की



पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने विदिशा के खाटू श्याम मंदिर परिसर में झाड़ू और पोंछा लगाया। मंत्री पटेल ने बताया कि मंदिर हो या गुरुद्वारा, चाहे किसी संप्रदाय या किसी भी पूजा पद्धति का हो उसकी स्वच्छता सुनिश्चित की जानी है। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद जेपी नड्डा ने भी रविदास मंदिर से इसकी शुरुआत की है।

### कृष्णा गौर शिव-शक्ति मंदिर पहुंची

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने रविवार को शिव शक्ति मंदिर, पंचवटी मार्केट, गोविंदपुरा में झाड़ू-पोंछा लगाया। श्रीमती गौर ने कहा कि मंदिर और मंदिर प्रांगण को साफ-स्वच्छ रखना सभी श्रद्धालुओं की जिम्मेदारी है। वे गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के सभी मंदिरों में नागरिकों के साथ साफ-सफाई के लिए वह स्वयं पहुंचेंगी।



### विधायक रामेश्वर ने हनुमान मंदिर में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की


हुजूर विधानसभा से विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी भोपाल के चार इमली स्थित हनुमान मंदिर में कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में स्थित हनुमान जी से आशीर्वाद प्राप्त कर सफाई अभियान चलाया।



### ऊर्जा मंत्री तोमर किले स्थित मंदिरों में पहुंचे

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ग्वालियर किला स्थित हरसिद्धि मां और हनुमान मंदिर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेते हुए सभी को स्वच्छता के लिए जागरुक किया। उन्होंने हनुमान मंदिर में पोंछा लगाकर सफाई की।

### कश्मीर में एक किमी के दायरे में खुलेंगे स्कूल



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में अब एक किलोमीटर से अधिक दूरी पर सरकारी स्कूल नहीं खुलेंगे। लोहड़ी पर पत्रकारों से अनौपचारिक बात करते हुए कहा कि नियम है कि एक किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर स्कूल नहीं होने चाहिए। इसे ध्यान में रखते हुए स्कूल खुलेंगे, यानी एक किमी से अधिक दूरी तय कर बच्चों को नहीं जाना पड़ेगा।

## सीएम ने मृतक के परिजनों को 4 लाख की सहायता दी

ऐसी घटनाएं रोकने के लिए कलेक्टर को सख्त कदम उठाने के दिए निर्देश

सीएम मोहन यादव ने खुले बोरवेल की सूचना तत्काल कलेक्टर को देने को कहा

मासूम को कुत्तों के झुंड द्वारा मार डालने का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

कुत्ते के काटने से बच्चे की मौत को लेकर मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुख जताया है।

साथ ही निर्देश दिए हैं कि कलेक्टर को ऐसी घटनाएं रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देशित किया कि इस तरह की घटना न हों, इसके प्रबंध किए जाएं। मुख्यमंत्री ने इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए विभिन्न समाजों व अन्य लोगों से भी सुझाव आमंत्रित किए हैं। जिससे इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालक के परिजनों को चार लाख रुपए की सहायता राशि देने के निर्देश भी दिए। इस घटना लेकर कलेक्टर ने भी मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद निगम अधिकारियों से स्ट्रीट डॉग को लेकर चर्चा की। इस घटना के अलावा मुख्यमंत्री ने बोरवेल में बच्चों के गिरने की घटनाओं रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोग खुले बोरवेल की सूचना जिला कलेक्टर को दें।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिए निर्देश

केंद्र सरकार को दिया 8 हफ्ते का समय

## हिट एंड रन केस के पीड़ितों का बढ़ाया जा सकता है 'मुआवजा'

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

जस्टिए एएस ओका और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा हर साल हिट एंड रन के मामलों के आंकड़ों की जानकारी दी जाती है। इनसे पता चलता है कि साल दर साल हिट एंड रन के मामलों में तेजी आ रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह हिट एंड रन मामलों में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को और गंभीर रूप से घायलों को दिए जाने वाले मुआवजे की राशि को बढ़ाने पर विचार करे। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को इस फैसले पर विचार के लिए आठ हफ्तों का समय दिया है और 22 अप्रैल को अगली सुनवाई पर जानकारी देने का निर्देश दिया है।



### अभी मिलता है अधिकतम 2 लाख मुआवजा

मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के अनुसार अगर किसी व्यक्ति को कोई वाहन टक्कर मारकर फरार हो जाता है और इस हादसे में पीड़ित की मौत हो जाती है तो उसे अधिकतम दो लाख रुपए का मुआवजा मिलता है। वहीं, गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद मिलती है। सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को भी हिट एंड रन के पीड़ितों के परिजनों को कानून के तहत मुआवजा योजना की जानकारी देने को भी कहा है।




# दो दिवसीय मकर संक्रांति महोत्सव के शुभारंभ पर मंत्री सारंग ने कहा 21वीं सदी भारत की सदी, सनातन संस्कृति विश्व को दिशा दिखाएगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के मुख्य आतिथ्य में दो दिवसीय मकर संक्रांति महोत्सव अंतर्गत काईट फेस्टिवल का शुभारंभ मोतीलाल नेहरू परेड ग्राउंड में किया गया। मंत्री सारंग ने कहा कि मकर संक्रांति पर्व का हमारे देश में विशेष महत्व है। आज से सूर्य उत्तरायण में होंगे और हमें तेज और शक्ति प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत में हर ऋतु का स्वागत धूम-धाम से किया जाता है। ऋतु परिवर्तन वैज्ञानिक महत्व से भी जुड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि 21वी सदी भारत की सदी है। हमारी संस्कृति विश्व को दिशा दिखाने का कार्य करेगी। मंत्री सारंग ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को सनातन संस्कृति से जोड़ कर रखना है, इसे सहेज कर रखना होगा।

**सूर्य को अर्घ्य देकर प्रारंभ हुआ संक्रांति महोत्सव**

## गुजरात से आए दल ने 5 से 30 फीट तक आकार की पतंगें उड़ाई





## सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने लोगों को मकर संक्रांति का महत्व समझाया

सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने मकर संक्रांति का महत्व समझाते हुए सभी को पर्व की बधाई दीं। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने दो दिवसीय कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने रामदरबार का पूजा-अर्चन कर सूर्य को अर्घ्य देकर मकर संक्रांति महोत्सव का शुभारंभ किया। अतिथियों ने भी पतंग उड़ाई। इस अवसर पर पर्यटन पर आधारित कैलेंडर का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया।

## कई आकृतियों की पतंगों के साथ मलखंभ भी

मकर संक्रांति महोत्सव कार्यक्रम में काइट फेस्टिवल अंतर्गत गुजरात से आए कलाकारों के द्वारा बड़े आकर की विशेष ज्वाइंट काइट को हवा में उड़ाया गया, जिनका आकर 5 से 30 फीट तक था, जो आसमान में लहरा रही थी। इनमें विभिन्न कार्टून एवं आकृतियों की पतंग प्रोफेशनल द्वारा उड़ाई गईं। पतंग उड़ाने के शौक़ीन लोगों के लिए कार्यक्रम स्थल पर पतंग और डोर उपलब्ध थी, कुशल प्रशिक्षक ने पतंग उड़ाने के गुर सिखाए। कार्यक्रम में श्री हनुमंत ध्वज पताका ग्रुप द्वारा महाराष्ट्रीयन ढोल की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। महोत्सव में मलखंब के खिलाड़ियों द्वारा मनमोहक मलखंब का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम स्थल पर स्व-रोजगार से जुड़ी महिला उद्यमी, महिला स्व-सहायता समूह के उत्पादों के साथ शहर के अन्य स्टार्टअप आदि के स्टॉल भी लगाए गए। इसी के साथ स्थल पर तिल-गुड़ स्पेशल फूड फेस्ट तथा स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए गए हैं। इस अवसर पर विधायक भगवान दास सबनानी, जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार नवरंग गुर्जर, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, आयुक्त नगर निगम फेंक नोबल सहित गणमान्य नागरिक, बड़ी संख्या में बच्चे एवं नगरवासी उपस्थित रहे।



## तीर्थ स्थलों पर स्नान, दान पुण्य करेंगे श्रद्धालु

# कुछ जगह मनी, तो कुछ जगहों पर आज मनाई जाएगी मकर संक्रांति





*राजधानी के अधिकांश मंदिरों में भी 15 जनवरी को ही होंगे आयोजन*

*अधिकांश ज्योतिषियों के अनुसार 15 को ही माना गया शुभ मुहूर्त*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस बार मकर संक्रांति की तिथि को लेकर पंचांगों में भेद होने के चलते राजधानी में रविवार व सोमवार यानी दो दिनों तक मकर संक्रांति मनाई जा रही है। हालाकि अधिकांश पंडित व ज्योतितिषों के अनुसार 15 जनवरी के मुहूर्त का शुभ माना गया है। इसके चलते राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश लोग सोमवार को ही यह पर्व मनाएंगे। तो वहीं भोपाल सहित कुछ स्थानों पर रविवार को मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया। इसके चलते मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। लोगों ने विशेष पूजा अर्चना के साथ दान-पुण्य किया। इस सबके बीच राजधानी के राजनेताओं ने भी पतंगबाजी कर मकर संक्रांति मनाई, वहीं कुछ नेता सोमवार को भी पतंग उड़ाएंगे। सोशल मीडिया पर भी दिन भर लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। पं. रामजीवन दुबे के अनुसार सूर्य मकर राशि में रविवार रात 2:40 मिनट से लेकर 15 जनवरी की रात 11:10 मिनट तक है। यह योग 77 साल बाद बन रहा है। इसके साथ ही 15 जनवरी को सुबह 7 बजकर 15 मिनट से 8 बजकर 7 मिनट तक रवि योग रहेगा। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि मकर संक्रांति का आगमन 14 की मध्यरात्रि के बाद हो रहा है, इसलिए 15 को ही यह पर्व मनाना शुभकारी होगा।

### मंदिरों में आज मनाई जाएगी संक्रांति

शहर के गुफा मंदिर, बाके बिहारी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी को ही मनाया जाएगा। बांके बिहारी मार्कंडेय मंदिर में 15 जनवरी को मकर संक्रांति उत्सव मनाया जाएगा। संक्रांति प्रवेश 14 जनवरी की मध्यरात्रि में होगा। इसलिए इसका पर्वकाल 15 को मनेगा। तो वहीं होशंगाबाद नर्मदा स्नान सहित राजधानी में शीतलदास की बागिया व तलाबों के अन्य घाटों पर पहुंचेंगे। मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी, लड्डू, कंबल, गर्मवस्त्र, दक्षिणा-दान करें। पवित्र नदियों में स्नान का विशेष महत्व है।

### बुराइयां खत्म करने का दिन है संक्रांति

पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि महाभारत काल के महान योद्धा भीष्म पितामह ने भी अपनी देह त्यागने के लिए मकर संक्रांति का ही चयन किया था। भगवान विष्णु ने इस दिन असुरों का अंत कर युद्ध समाप्ति की घोषणा की थी और सभी असुरों के सिरों को मंदार पर्वत में दबा दिया था। इस प्रकार यह दिन बुराइयों और नकारात्मकता को खत्म करने का दिन भी माना जाता है। यशोदा जी ने जब भगवान कृष्ण जन्म के लिए व्रत किया था, तब सूर्य देवता उत्तरायण काल में पदार्पण कर रहे थे और उस दिन मकर संक्रांति थी। कहा जाता है तभी से मकर संक्रांति व्रत का प्रचलन हुआ।

### मौसम में बदलाव आना शुरू होता है

मकर संक्रांति के दिन से मौसम में बदलाव आना आरंभ होता है। यही कारण है कि रातें छोटी व दिन बड़े होने लगते हैं।



## महिला स्वास्थ्य पर सेमिनार कर आयुर्वेद डॉक्टर्स ने मनाई संक्रांति

**भोपाल।** शहर के महिला आयुर्वेद डॉक्टर के संगठन वीमेन ऑफ विजडम के भोपाल चैप्टर द्वारा अपोलो सेज हॉस्पिटल के सेजआनंदम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महिला स्वास्थ्य संरक्षण एवं प्रसूति से संबंधित जटिल समस्याओं एवं उनके समाधान, विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें भोपाल संभाग की लगभग 100 आयुष महिला डॉक्टर्स ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. बबिता शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम के प्रथम हिस्से में अपोलो सेज अस्पताल के स्त्री रोग विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों के साथ स्त्री रोग एवं प्रसव संबंधित जटिलताओं और उसके उपचार विषय पर हेल्थ टॉक के द्वारा अपना ज्ञानवर्धन किया तथा अगले हिस्से में संगठन के सभी सदस्यों ने मिलकर उत्तरायण पर्व के उपलक्ष्य में पीले रंग की ड्रेसेज पहनकर तथा पतंग प्रॉप के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का जमकर मजा उठाया। इसके साथ ही समूह नृत्य प्रतियोगिता, रैंप वॉक में सभी डॉक्टर ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आयुर्वेद के विकास और प्रचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए नगर की वरिष्ठ महिला आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. निबेदिता मिश्र को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। आयोजन समिति सदस्य डॉ गायत्री, डॉ. प्रीति चोपड़ा, डॉ. मोनिका, डॉ स्वाति, डॉ. श्रद्धा डॉ. आशी, डॉ. नीरू कुंदवानी मौजूद थीं।

- समूह नृत्य के साथ रैंप वॉक में सभी डॉक्टर्स ने लिया हिस्सा

# मलयाली समाज आज मनाएगा मकर विलक्कू पर्व, दीप आराधना के साथ करेगा अन्नदान

## अय्यप्पा मंदिर सजे, जलाएंगे आस्था, विश्वास और पूजा के दीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मलयाली समाज में मकर विलक्कू पर्व की खुशियां सोमवार को विशेष पूजा, अभिषेक, दीप आराधना और अन्नदान के साथ मनाई जाएगी। बरखेड़ा स्थित मंदिर सहित अन्य राजधानी के सभी अय्यप्पा मंदिरों में धूमधाम से मकर विलक्कू का पर्व मनाया जाएगा। तो वहीं पूर्व संध्या पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें मंदिर व घरों में विशेष दीपमाला व रंगोली सजाई गई।

### तमिल समाज मनाएगा पोंगल पर्व

राजधानी भोपाल में रहने वाले दक्षिण भारतीय इस साल 15 जनवरी को पोंगल पर्व मनाएंगे। यह त्योहार भगवान सूर्य देव और खेती से जुड़ा हुआ है। फसलों के लिए भगवान सूर्य नारायण की विशेष पूजा की जाती है। आस्था और संपन्नता का प्रतीक पोंगल का पर्व चार दिन तक मनाया जाता है। प्रत्येक दिन पोंगल का अलग-अलग नाम होता है। पहले दिन भोगी पोंगल, दूसरे दिन सूर्य पोंगल, तीसरे दिन मट्टू पोंगल और चौथे दिन कानुम पोंगल कहते हैं।

### निकाली जाएगी शोभायात्रा

त्रिलंगा क्षेत्र से अय्यप्पा संगम समिति द्वारा भगवान की शोभायात्रा निकाली जाएगी। यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई शिवाजी नगर अय्यप्पा मंदिर पहुंचेगी। इसके पूर्व सुबह गणपति होम, दीप आराधना और शाम को अन्न दान होगा । नारायण मिशन मंदिर गोविंदपुरा में भी आराधना की जाएगी।

### गायत्री परिवार मनाएगा समारोह

## दीपावली जैसा सजेगा शक्तिपीठ 2400 दीपक से होगी आरती

**भोपाल।** अखिल विश्व गायत्री परिवार ने 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह उत्साह के साथ मनाने के लिए शांतिकुंज हरिद्वार मुख्यालय के पत्रानुसार राजेश पटेल, जोनल समन्वयक की उपस्थिति में गायत्री शक्तिपीठ पर सभी सक्रिय परिजनों की गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में अयोध्या में होने वाले रामलाल प्राण प्रतिष्ठा समारोह को उत्साह को मनाने के लिए गायत्री शक्तिपीठ, प्रज्ञा पीठ और चेतना केंद्र पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 22 तारीख को सुबह 10:30 बजे से गीत संगीत, सुंदरकांड पाठ, आरती के साथ अयोध्या से सीधा प्रसारण दिखा जाएगा। सायंकाल की बेला में हजारों दीपकों की दीपमाला के माध्यम से परिसर को पूरा सजाया जाएगा। शक्तिपीठ के मुख्य मार्ग से लेकर संपूर्ण गायत्री मंदिर परिसर को दीपावली की तरह सजाया जाएगा। रंगोली, तोरण आदि सजाए जाएंगे। 2400 दीपकों के साथ महा आरती की जाएगी।



## सूर्यदर्शन कार्यक्रम में सारिका ने बच्चों को बताया सूर्य का साइंस

**भोपाल।** सूर्य की आराधना से जुड़े मकर संक्रांति पर्व पर नेशनल अवॉर्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बच्चों के लिणए सूर्यदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। वैज्ञानिक रूप से सुरक्षित सोलर व्यूअर की मदद से सूर्य का अवलोकन कराते हुए सारिका ने बताया कि जीवन के लिए ऊर्जा देने वाले सूर्य की आयु लगभग चाढ़े चार अरब वर्ष है। हाईड्रोजन एवं हीलियम से बने इस तारे की पृथ्वी से दूरी लगभग 15 करोड़ किमी है। सारिका ने जानकारी दी कि सूर्य का सबसे गर्म हिस्सा इसका कोर है जहां का तापमान लगभग 1.5 करोड़ डिग्री सेल्सियस से ऊपर है। सूर्य इतना बड़ा है कि अगर यह कोई खोखली गेंद होती तो उसे भरने में लगभग 13 लाख पृथ्वी की आवश्यक्ता होती।



## नर्मदा क्लब में छाया लोहड़ी का उल्लास, हुआ भांगड़ा और गिद्दा

**भोपाल।** पंजाबी समुदाय का खास त्योहार लोहड़ी रविवार को मनाया गया। सिख, पंजाबी, सिंधी समाज की ओर से मैदानों में अग्नि जलाकर उसमें तिल, गुड़, मक्के के दाने, मूंगफली अर्पित कर अग्नि की परिक्रमा की। इस दौरान युवा भांगड़ा और गिद्दा पर थिरके। भोपाल पंजाबी समाज की ओर से लोहड़ी महोत्सव का सामूहिक आयोजन रविवार को नर्मदापुरम रोड के नर्मदा क्लब में किया गया। समाज के अध्यक्ष संजीव सचदेवा ने बताया कि इसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में पंजाब से 10 कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

### लोहड़ी में गो-काष्ठ का हुआ उपयोग

इस बार प्रदूषण फ्री लोहड़ी मनाई गई। इसके लिए पंजाबी समाज ने पेड़ों को बचाने के साथ गोकाष्ठ का उपयोग कर लोहड़ी मनाई। उनका मानना है कि उनका यह कदम पर्यावरण बचाने में अहम भूमिका अदा करेगा। शहर में लोहड़ी के त्योहार को लेकर पंजाबी समाज में उल्लास नजर आया।

## 21 को होगा सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ

**भोपाल।** अयोध्या में 22 जनवारी को होने वाली रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में जगह-जगह आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 21 जनवरी को विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में अयोध्या बायपास स्थित टनाटन ढाबे के पास दोपहर 1 बजे से राम भक्तों द्वारा सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। मुख्य अतिथि खगेंद्र भागर्व प्रांत संगठन मंत्री मध्य भारत विश्व हिन्दू परिषद और मुख्य वक्ता काजल हिन्दुस्तानी होंगी।

**असाटी समाज का स्नेह सम्मेलन वार्षिक महोत्सव**

## महिलाओं ने लगाई कुर्सी दौड़, बच्चों ने की रेस




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

असाटी समाज का वार्षिक स्नेह सम्मेलन स्नेह सम्मेलन समारोह घोड़ा पछाड़ रेस्ट हाउस में रविवार को आयोजित किया गया। महासभा के अध्यक्ष वीरेन्द्र असाटी, डॉ. रमेश असाटी, सशि असाटी, अंकुर असाटी सहित अन्य पदाधिकारी सम्मिलित हुए। समाज के मुख्य संरक्षक अशोक गुप्ता असाटी विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि असाटी समाज भवन हेतु जगह क्रय की गई है, जिसका विधिवत भूमि पूजन किया गया।

### जमीन खरीदने दी राशि

दान राशि में महासभा द्वारा 10 लाख जमीन क्रय के लिए चेक दिया गया। इसके साथ ही दान दाताओं की लाइन लग गई और कुछ ही देर में करीब 25 लाख दान मिल गया। समाज भवन करीब 70 लाख की लागत से पूर्ण होगा जिसमें समाज असाटी बंधुओ का विशेष योगदान आगे भी रहेगा। रविवार को स्नेह सम्मेलन में भारतीय पारंपरिक खेलकूद में महिलाओं द्वारा कुर्सी दौड़, बच्चों द्वारा रेस प्रतियोगिता, तथा तंबोला का भी आयोजन भी हुआ। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का समाजजनों ने आनंद लिया।22 तारीख को हो रहे अयोध्या मैं राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए सामाजिक बन्धुओ को घर-घर झंडा वितरण किया गया।



भोपाल
सोमवार, 15 जनवरी 2024
पौस मास शुक्ल पक्ष- 04
वर्ष : 10, अंक : 299
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 25
न्यून. 12

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मकर संक्रांति की मंगलकामनाएं



अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

हमारा संकल्प विकसित भारत

## मोदी सरकार की गारंटी

भारत दुनिया का मैन्युफैक्चरिंग हब

2014 की दो के मुकाबले अब देश में 200 से अधिक मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट;
भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरर देश





पीएम मोदी ने वहां उपस्थित बच्चों को दुलार किया

### केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के घर पीएम मोदी ने मनाया पोंगल, कहा-

# हमारी उत्सव परंपरा के केंद्र में 'अन्नदाता किसान'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में रविवार को पोंगल उत्सव मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मौके पर दिल्ली में केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन के आवास पर पोंगल उत्सव में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी काले रंग का कोट, सफेद लुंगी और कंधे पर शॉल डाले हुए नजर आए।

पीएम मोदी ने यहां एक बच्ची की परफॉर्मेंस देख उसे अपना शॉल देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोंगल की शुभकामनाएं दीं और कहा कि तमिलनाडु के हर घर से उत्सव का उत्साह देखा जा सकता ▶▶ शेष पेज 4 पर



### कई युवाओं ने श्रीअन्न पर स्टार्टअप उद्यम शुरू किया

पीएम मोदी ने लोहड़ी उत्सव, रविवार को मकर उत्तरायण का उत्सव, सोमवार को मनाई जाने वाली मकर संक्रांति और जल्द ही माघ बिहू की शुरुआत का भी उल्लेख किया। महान संत तिरुवल्लुवर का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र निर्माण में शिक्षित नागरिकों, ईमानदार व्यापारियों और अच्छी फसल की भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि पोंगल के दौरान, ताजा फसल भगवान को ▶▶ शेष पेज 4 पर

### श्रीअन्न उगाने वाले तीन करोड़ से ज्यादा किसान लाभान्वित



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 22 जनवरी को प्रदेश में शुष्क दिवस घोषित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में शुष्क दिवस घोषित करने का निर्णय लिया है। इस दिन प्रदेश में भांग, शराब एवं सभी प्रकार के मादक पदार्थों की दुकानें बंद रहेंगी।

### मशहूर शायर मुनव्वर राणा का निधन



**लखनऊ।** मशहूर शायर मुनव्वर राणा का एसजीपीजीआई हॉस्पिटल में निधन हो गया। वह लंबे वक्त से बीमार थे। निधन की पुष्टि उनके बेटे ने की है।

### शिक्षाविद् सुमन मुक्तिबोध का निधन

**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह क्षेत्र कार्यवाह हेमंत मुक्तिबोध की माताजी और प्रख्यात शिक्षाविद् श्रीमती सुमन मुक्तिबोध का निधन हो गया है।



वे सरस्वती शिशु मंदिर, शिवाजी नगर, भोपाल की संस्थापक और प्रधानाचार्य थीं। उनके निधन पर सीएम डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम संस्कार सोमवार को प्रातः 9 बजे सुभाष नगर, विश्रामघाट में किया जाएगा।

### सोशल मीडिया के कमेंट पर प्रतिक्रिया न देने की सलाह भी दी

# न्यायाधीशों की सलाह: एआई का उपयोग जरूरत पड़ने पर सावधानी के साथ करें

मप्र न्यायिक अधिकारियों के द्विवर्षीय 10वें सम्मेलन के दूसरे दिन समापन सत्र को न्यायाधीशों ने संबोधित किया

*मप्र उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति रवि मलिमथ ने अपने उद्बोधन में मध्यप्रदेश के न्यायाधीशों को मेहनत और लगन से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने न्यायाधीशों को ईमानदारी से मानवीय संवेदनाओं के साथ कार्य करते हुए पक्षकारों की पीड़ा को विचार में लेने की अपेक्षा की। उन्होंने यह भी कहा कि लंबित प्रत्येक मामला न्यायाधीशों के लिए एक ऋण की तरह है, जिसे न्यायाधीशों को त्वरित निराकृत कर विमुक्त होना चाहिए।*

### 1500 न्यायाधीश उपस्थित रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायधिपति अभय एस. ओक ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) मानवीय संवेदनाओं को प्रभावित कर सकता है। यह मानव मस्तिष्क में प्रवेश कर एक सहायक की तरह काम कर सकता है। यह किसी भी व्यक्ति के जीवन को प्रभावित कर सकता है। राज्य न्यायिक अधिकारियों के सम्मेलन में उन्होंने न्यायाधीशों को सोशल मीडिया पर दी जाने वाली प्रतिक्रियाओं ▶▶ शेष पेज 4 पर




### न्यायपालिका पर एआई के प्रभाव पर हुई विस्तार से चर्चा

उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश के न्यायमूर्ति रोहित आर्य और विवेक रूसिया ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए एआई का उपयोग सावधानीपूर्वक और सहायक कार्यों में करने की सलाह दी। हालांकि उन्होंने एआई का उपयोग करते समय पूरी सावधानी बरतने को भी कहा। उन्होंने एआई और सोशल मीडिया के न्यायपालिका पर प्रभाव के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग दैनिक न्यायालयीन कार्यों में एक सहायक की तरह किया जाकर यह मानव मस्तिष्क, मानवीय संवेदनाओं को प्रतिस्थापित नहीं कर सकता है।

### मप्र न्यायाधीश संघ की वेबसाइट का अनावरण किया

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश न्यायाधीश संघ की वेबसाईट का अनावरण किया गया। इस संबंध में न्यायाधीशों को आवश्यक जानकारी प्रदान भी दी गई। वेबसाइट में किन किन बातों का ध्यान दिया गया है, इस बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि यह किस तरह से सभी के लिए उपयोगी है। मध्यप्रदेश न्यायाधीश संघ के अध्यक्ष सुबोध जैन ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति के प्रति विशिष्ट आभार ▶▶ शेष पेज 4 पर

### भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस को 'बड़ा झटका'

# देवड़ा ने कांग्रेस से परिवार का 55 साल पुराना नाता तोड़ा, अब एकनाथ के साथ

दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट बनी इस्तीफे की वजह



### देवड़ा ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत भावुक दिन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। देवड़ा के इस्तीफे के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

मिलिंद के परिवार का कांग्रेस से 55 साल से भी ज्यादा का रिश्ता रहा है जो खत्म हो गया। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। उन्होंने एकनाथ शिंदे ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मिलिंद मुरली देवड़ा के बेटे हैं

*मिलिंद देवड़ा अनुभवी राजनेता मुरली देवड़ा के बेटे है। मिलिंद ने बोस्टन विश्वविद्यालय के क्वेस्ट्रॉम स्कूल ऑफ बिजनस से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में ग्रेजुएशन किया है। 2004 के आम चुनावों में भाजपा की जयवंतीबेन मेहता को दस हजार से ज्यादा वोटों से हराने के बाद मिलिंद देवड़ा मुंबई दक्षिण लोकसभा सीट से संसद सदस्य बने थे। 2011 में मिलिंद देवड़ा का कद और बढ़ गया और उन्हें केंद्रीय संचार और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री बनाया गया। इसके अलावा अक्टूबर 2012 में उन्होंने जहाजरानी राज्य मंत्री की जिम्मेदारी भी संभाली।*

### रिक्टर स्केल पर 3.1 रही तीव्रता

## शहडोल,अनूपपुर जिलों में भूकंप के आए झटके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



रविवार को प्रदेश के शहडोल और अनूपपुर जिले के कुछ इलाकों में माइल्ड कैटेगरी के भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप के झटके रविवार दोपहर 2:18 मिनट पर महसूस किए गए। रिएक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.1 मापी गई। यह माइल्ड कैटेगरी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### *बॉम्बे हाई कोर्ट ने महिला की शिकायत को किया खारिज*

## खाना बनाना नहीं आने की टिप्पणी करना अपराध नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि महिला को खाना बनाना नहीं आने की टिप्पणी करना क्रूरता नहीं है। कोर्ट ने कहा कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498ए के तहत 'क्रूरता' नहीं है। इसी के साथ कोर्ट ने महिला द्वारा अपने पति के रिश्तेदारों के खिलाफ दर्ज की गई ▶▶ शेष पेज 4 पर

### दो अलग-अलग हुई घटनाएं

## अंगीठी जलाकर सोने से 2 बच्चों समेत 6 की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली में ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाकर सोने के दो अलग-अलग मामलों में 6 लोगों की मौत हो गई है। एक मामला इंद्र पूरी थाना इलाके का है जबकि दूसरा अलीपुर का। इन लोगों ने रात में ठंड से बचने के लिए अंगीठी जलाई थी। बताया जा रहा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### *मणिपुर में कांग्रेस प्रमुख खरगे ने किया ध्वजारोहण, भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत*

# राहुल करीब 70 नेताओं के साथ पैदल और बस में करेंगे 'सफर'

मणिपुर के थौबा से शुरु हुई यात्रा, कुल 67 दिन, 110 जिले व 6700 किमी की यात्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रविवार से शुरू हो गई। यात्रा के लिए राहुल गांधी दिल्ली से मणिपुर पहुंचे। राजधानी इंफाल से यात्रा की शुरुआत से पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ध्वजारोहण किया। व्यापक जनसंपर्क के मकसद से शुरू हुई इस यात्रा में राहुल गांधी के अलावा कई अन्य वरिष्ठ नेता भी शरीक हो रहे हैं। 'भारत जोड़ो न्याय



यात्रा' की शुरुआत से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मणिपुर के थौबा में खोंगजोम युद्ध ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सुरक्षा के लिए 14,000 पुलिसकर्मी तैनात

# मकर संक्रांति पर गंगा सागर में 65 लाख तीर्थयात्रियों ने लगाई डुबकी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

देश भर में मकर संक्रांति इस बार दो दिन मनाया जा रहा है। हर साल 14 जनवरी को मनाया जाता है। हालांकि, इस बार 15 जनवरी को भी मनाया जाएगा। इस बीच, मकर संक्रांति पर पश्चिम बंगाल में गंगा सागर मेला क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। राज्य के ऊर्जा और खेल विभाग के मंत्री अरूप विश्वास ने बताया कि ▶▶ शेष पेज 4 पर



### *45 निगरानी टावर बनाए गए*

*उन्होंने कहा कि 14,000 पुलिसकर्मी तैनात करने के साथ 45 निगरानी टावर बनाए गए हैं और 1,100 से अधिक सीसीटीवी लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों को नौकाओं आदि के जरिए सागर द्वीप तक पहुंचाया जा रहा है, जबकि मुरीगंगा नदी पर 300 'फॉग लाइट' लगाई गई हैं। वरिष्ठ मंत्री ने कुंभ मेले की तरह गंगा सागर मेले को भी राष्ट्रीय मेला का दर्जा देने की राज्य सरकार की मांग दोहराई। मंत्री ने कहा, अकेले राज्य सरकार के लिए वार्षिक* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### यूपी, पंजाब, राजस्थान, दक्षिण भारत, बंगाल और महाराष्ट्र के लिए अलग-अलग फूड कोर्ट

# राजस्थानी दाल बाटी चूरमा, बंगाली रसगुल्ला, मद्रासी डोसा,राम भक्तों को परोसे जाएंगे ये स्वादिष्ट व्यंजन

करीब 7 हजार विशिष्ट अतिथियों को इस कार्यक्रम के लिए निमंत्रण दिया गया

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां जोरों पर है। करीब 7 हजार विशिष्ट अतिथियों को इस कार्यक्रम के लिए निमंत्रण दिया गया है।

इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले अतिथियों के लिए विशेष तैयारी की जा रही है। अयोध्या में विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं के लिए भंडारा और ओपन फूड ▶▶ शेष पेज 4 पर




### अब तक कहां से क्या आया?

*1. यूपी के एटा से अष्टधातु का घंटा*
*2100 किलो वजन के इस घंटे के निर्माण में करीब 25 लाख रुपए की लागत आई है।*

*2. महाकाल से 5 लाख लड्डू*
*महाकालेश्वर मंदिर परिसर में लड्डू प्रसाद निर्माण इकाई में शुद्ध देशी घी और सूखे मेवे के पांच लाख लड्डू तैयार किए जा रहे हैं। इसका वजन करीब 250 क्विंटल बताया जा रहा है। 16 जनवरी को तीन ट्रकों से लड्डू अयोध्या भेजे जाएंगे।*

*3. छत्तीसगढ़ से चावल*
*30 दिसंबर 2023 को 11 ट्रकों से तीन हजार क्विंटल चावल भेजा गया था। 22 जनवरी के दिन इस चावल का इस्तेमाल भगवान श्रीराम के महाभंडारे में होगा।*

*4. राजस्थान से सरसों तेल*
*जयपुर से सरसों* ▶▶ शेष पेज 4 पर

# सीएम, प्रदेश अध्यक्ष, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री, प्रदेश संगठन महामंत्री एवं शासन के मंत्रियों ने मंदिर में की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भाजपा की ओर से रविवार से प्रदेश भर के मंदिरों में स्वच्छता अभियान शुरू किया है। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री, प्रदेश संगठन महामंत्री, प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री एवं पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में झाड़ू लगाकर सफाई की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन के श्रीराम जनार्दन मंदिर, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा पन्ना के बलदेव जी मंदिर में सफाई की।



◆ प्रदेश भर में कार्यकर्ताओं ने मंदिरों में पहुचंकर चलाया स्वच्छता अभियान



## मुख्यमंत्री ने उज्जैन, प्रदेश अध्यक्ष ने पन्ना, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने भोपाल में की सफाई

### कैलाश ने इंदौर तो प्रहलाद ने विदिशा में की सफाई

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर के श्रीविद्याधाम मंदिर, प्रहलाद पटेल ने विदिशा के खाटू श्याम मंदिर, राकेश सिंह ने जबलपुर के गढ़ा में संकटमोचन हनुमान मंदिर में सफाई की। भोपाल के स्मार्ट सिटी रोड के श्रीराम मंदिर में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल के साथ प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने स्वच्छता अभियान के तहत मंदिर में सफाई की।





## खबर संक्षेप

### भूतेश्वर मंदिर में मंत्री राजपूत ने लगाई झाड़ू

**भोपाल।** सागर के प्राचीन भूतेश्वर मंदिर पहुंचे खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर परिसर में साफ-सफाई एवं झाड़ू लगाते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। मंत्री राजपूत ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता के लिए अभियान चलाया है, जिसका असर पूरे देश सहित छोटे-छोटे गांव में भी दिख रहा है। 22 जनवरी को प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है, जिसको लेकर हम सब क्षेत्र के मंदिरों में भी साफ-सफाई करें, जिससे रामलला के स्वागत में मंदिर, शहर, हर घर-आंगन साफ और स्वच्छ रहे।

### कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांग पत्र

**भोपाल।** प्रदेश में दतिया, रायसेन के बाद शनिवार को नजीराबाद में वन माफिया ने वन रक्षक पर हमला कर दिया। दो दिन बाद भी पुलिस अब तक हमला करने वाले वन माफिया को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंप कर वन रक्षक पर हमला करने वालों को गिरफ्तार उन पर रासुका लगाने की मांग की है। पांडे ने बताया कि वर्ष 2023 में 18 हमले हुए थे वहीं वर्ष 2024 में भी अब तक तीन हमले वन कर्मचारियों पर हो चुके हैं।

### चार एएसआई सहित 9 पुलिसकर्मी निलंबित

**भोपाल।** सागर शहर में चोरी के मामले में तत्काल कार्रवाई करने में लापरवाही बरतने वाले 4 एएसआई समेत 9 पुलिसकर्मियों को एसपी अभिषेक तिवारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सभी निलंबित कर्मचारियों को रिजर्व भेज दिया है। 12-13 जनवरी की दरम्यानी रात सागर शहर की डॉ. नाचनदास वाली गली में स्थित फरियादी संतोष जैन के सूने मकान में चोरी की वारदात हुई थी। जिसमें चोर मकान से सोने-चांदी के गहने ले गए थे। इसी चोरी की सूचना पर तत्काल कार्रवाई नहीं करने पर एसपी तिवारी ने एक्शन लिया है।

### श्रीरामचंद्र पथगमन न्यास की बैठक कल

**भोपाल।** श्रीरामचंद्र पथगमन न्यास की पहली बैठक चित्रकूट में 16 जनवरी को होगी। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। यह बैठक ग्रामोद्योग विश्वविद्यालय चित्रकूट में आयोजित होगी। इस बैठक में लिए गए निर्णय के आधार पर राम वन गमन पथ का रोड मैप तैयार होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ पर्यटन राज्यमंत्री, मुख्य सचिव, विभिन्न विभागों के एसीएस, पीएस सहित पांच संभागों के संभागायुक्त और 8 जिलों के कलेक्टर भी मौजूद रहेंगे। बैठक में न्यास से जुड़े सभी विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### केंद्रीय संस्कृत विवि में आज से शुरू होगा इग्नू का अध्ययन केंद्र

**भोपाल।** राजधानी स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में 15 से 20 जनवरी 2024 तक पांच दिवसीय भारतीय मनोविज्ञान राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। सोमवार को इंदिरा गांधी मुक्त विवि के अध्ययन केंद्र की केंद्रीय संस्कृत विवि भोपाल परिसर में शुरुआत होने जा रही है। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृत विवि नई दिल्ली के कुलपति प्रोफेसर श्रीनिवास बरखेड़ी भी प्रमुख रुप से उपस्थित रहेंगे।

## सिंहस्थ की प्लानिंग में साधु-संतों का परामर्श लें

# सिंहस्थ 2028 से पहले क्षिप्रा नदी की शुद्धि के लिए कार्य योजना तैयार करें: डॉ. यादव

*कान्ह नदी के गंदे पानी को रोकने की सुविचारित*

*क्षिप्रा नदी शुद्धिकरण की बैठक में सीएम ने दिए निर्देश*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर क्षिप्रा नदी का पानी स्वच्छ निर्मल एवं आचमन योग्य बनाने के लिये इंदौर, उज्जैन एवं देवास के संबंधित अधिकारियों को क्षिप्रा नदी को साफ रखने की कार्य योजना तैयार करने को कहा है। उन्होंने गंदे पानी को रोकने के लिए जगह-जगह स्टॉप डैम बनाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज रविवार को उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ 2028 के विकास कार्य एवं क्षिप्रा शुद्धिकरण के संबंध में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इंदौर एवं उज्जैन संभाग के संभागायुक्तों एवं कलेक्टर्स को कार्ययोजनाएं बनाने के निर्देश दिए।

### बनेंगे 9 स्टॉप डैम

बताया गया कि सिंहस्थ 2028 में 12 करोड़ श्रद्धालुओं का अनुमान है। इसके लिए सभी मूलभूत आवश्यकताओं की व्यवस्था की जाएगी। इंदौर में क्षिप्रा नदी में नालो का गंदा पानी रोकने के लिए 9 स्टॉप डैम बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां-जहां गंदे नाले का पानी क्षिप्रा में मिल रहा है। जहां-जहां संत रहते हैं, उन घाटों का विस्तार प्राथमिकता से किया जाएगा, एवं मेला क्षेत्र में भी मूलभूत आवश्यकताओं की व्यवस्था की जाएगी।

### डायवर्जन प्लानिंग पर नाराजगी व्यक्त की

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कान्ह नदी का गंदा पानी क्षिप्रा में रोकने के लिए बनाई गई 99 करोड़ रुपए की डायवर्जन प्लानिंग पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि एक बार में ही ऐसी योजना बनाएं कि क्षिप्रा का जल पीने और आचमन योग्य बन जाए। गलत प्लानिंग के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत केंद्र सरकार से क्षिप्रा शुद्धिकरण के लिए आवश्यक बजट की मांग की जाएगी।*

### भीड़ नियंत्रण पर प्रभावी कार्रवाई अभी से शुरू

*भीड़ नियंत्रण पर प्रभावी कार्रवाई के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकाल मंदिर के अलावा राम जनार्दन मंदिर, सिद्धनाथ, काल भैरव जहां सेटेलाइट टावर है, वहां भी भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए आवश्यक प्लान बनाए जाएंगे। डॉ. यादव ने कहा की एक ही सड़क पर भीड़ का भार डालना उचित नहीं है, इसके लिए चार से पांच वैकल्पिक मार्ग भी बनाए जाएंगे।*

### मेला सनातन परंपरा के अनुसार होगा

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस बार भी सिंहस्थ मेला गौरवशाली सनातन परंपरा के अनुसार आयोजित किया जाएगा। क्षिप्रा शुद्धिकरण के साथ ही महाकाल मंदिर तक जाने सड़क चौड़ीकरण, वैकल्पिक मार्ग की प्लानिंग, पावर स्टेशन, हवाई पट्टी विस्तार, ठहरने की व्यवस्था, पार्किंग आदि के भी विकास कार्य पूरा किए जाएंगे।*

### श्रद्धालु आएं तो करें गौरव का अनुभव

डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ मेले का इंदौर, देवास, ओंकारेश्वर दादा धुनी वाले, पशुपतिनाथ मंदिर, बगलामुखी मंदिर में भी विस्तार रहता है। जनता की सहभागिता रहती है। जब श्रद्धालु आएं तो गौरव का अनुभव करें।

## विज्ञान प्रौद्योगिकी में छिपी हैं नई संभावनाएं : मुख्यमंत्री

**इसरो का सेंटर मप्र में भी खुले इस संबंध में प्रयास किया जाएगा** | **डॉ. यादव वैज्ञानिक युवा संवाद कार्यक्रम में हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज, भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय एवं मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में कालिदास अकादमी के संकुल हॉल में वैज्ञानिक युवा संवाद कायज्र्क्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि इसरो का एक सेंटर प्रदेश में भी खुले इस संबंध में प्रयास किए जायेंगे। विज्ञान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं छिपी हुई हैं। पुण्य भूमि उज्जयिनी एक अलग आनन्द मिलता है। ब्रह्माण्ड को कोई नहीं जान सकता। मकर संक्रांति के पावन पवज़् पर एक अलग आनन्द की अनुभूति हो रही है और यह पवज़् वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी जुड़ा है। उन्होंने कहा कि हमारे पर्व और



त्यौहारों में कई रोचक बातें छिपी हुई हैं। मोक्ष देने वाली नगरियों में उज्जयिनी नगरी की महत्ता का भी अपना एक अलग महत्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हैदराबाद से आए इसरो के निदेशक डॉ. प्रकाश चौहान के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हुए कहा कि उज्जैन में आकर उन्होंने युवाओं से रुबरु होकर विज्ञान के क्षेत्र में उनकी जिज्ञासाओं का संतोषजनक समाधान किया है।

**समाज को आगे बढ़ाने में विज्ञान एवं तकनीकी का बड़ा योगदान :** युवा संवाद में हैदराबाद इसरो के निदेशक डॉ. प्रकाश चौहान ने कहा कि हमारे समाज को आगे बढ़ाने ने विज्ञान एवं तकनीकी का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी बहुत अच्छी सोच रखने वाली पीढ़ी है। हमारे देश के वैज्ञानिक देश का नाम उज्ज्वल कर रहे हैं।

### ब्रह्मलीन संतों की समाधि स्थल पहुंचे सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन के खाचरौद में ब्रह्मलीन 1008 श्री सच्चिदानंद जी महाराज और ब्रह्मलीन 1008 श्री निजानंद जी महाराज के आश्रम पहुंचे।



मुख्यमंत्री ने ब्रह्मलीन संतों की समाधि पर पुष्प अर्पित किए और पूजन अर्चन किया। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष मकर संक्रांति पर्व पर यहां भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने संत विवेक गुरुदेव एवं अन्य संतों से सौजन्य भेंट की।

### रेलवे क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान का किया भूमिपूजन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आगर रोड स्थित इंदिरा नगर के समीप रेल्वे की भूमि पर बहु-विषयक क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान का विधिवत



भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। शहर के विकास में एक और नया आयाम जुड़ गया है, जो शहरवासियों के लिए अनुपम भेंट होगी। उन्होंने कहा कि सरकार सड़कों के विकास के साथ-साथ रेल्वे का भी विकास और विस्तार कर रही है। केन्द्र सरकार ने रेल्वे के विकास में 13 हजार 672 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

### मकर संक्रांति पर राहगिरी आनंदोत्सव का किया शुभारंभ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज 14 जनवरी को मकर संक्रांति के पवन पर्व पर हर्षोल्लास के साथ राहगीरी आनन्दोत्सव का शुभारंभ किया। आनन्दोत्सव में बचपन से पचपन और आनंदमयी उम्र के



उत्सवधर्मी, भारतीय संकृति से जुड़े प्राचीन खेलों, सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिभागियों का उत्सावहर्धन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश विकास के पथ पर लगातार बढ़ रहा है। विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। सरकार सब का भला करने वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि गरीब व्यक्ति की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। राहगीरी में हर वर्ग के उत्सव प्रेमियों ने सहभागिता की।

### मकर संक्रांति के पावन पर्व पर दीं शुभकामनाएं

*इस अवसर पर सीएम डॉ. यादव ने शुभकामनाएं दी और सब के परिवार में सुख-समृद्धि और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्यौहारों का वैज्ञानिक एवं पौराणिक महत्व है। उन्होंने कहा कि नेतृत्व सही हो तो देश निश्चित ही आगे बढ़ता है। मुख्यमंत्री ने सुबह तरणताल चौराहे से कोठी तक पैदल चल कर उत्सवधर्मियों का उत्साहवर्धन कर हौसला बढ़ाया। राहगीरी में बचपन से पचपन और आनन्दमयी उम्र के उत्सवधर्मी भारतीय संस्कृति से जुड़े प्राचीन खेलों की गतिविधियां संचालित हुई।*

## अब 17 से 21 जनवरी के बीच अयोध्या जाऊंगी, फिर अपने गांव में रहूंगी: उमा

### माता बेटी बाई सोशल फाउंडेशन के कार्यक्रम में हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



पूर्व सीएम उमा भारती ने माता बेटी बाई सोशल फाउंडेशन के कार्यक्रम में अयोध्या के घटनाक्रम सुनाए और भावुक हो गईं। उन्होंने राम मंदिर और कार सेवा के संस्मरण सुनाते हुए कहा कि समर्थकों से अंतिम बार मिल रही हूं। शायद यह मेरी आपसे विदाई है। 17 से 21 जनवरी के बीच कभी भी अयोध्या जाऊंगी। इसके बाद अपने गांव में रहूंगी। उन्होंने कहा कि मुझे लग रहा है कि शायद सबसे अब मैं अंतिम बार विदा ले रही हूं। उन्होंने अब तक साथ देने वालों का सम्मान भी किया। उमा भारती ने कार सेवा का अनुभव साझा करते हुए कहा कि 1992 में ही मथुरा और काशी का मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा कि हमने आज उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम स्व. कल्याण सिंह को भुला दिया है। उन दिनों देवराहा बाबा ने भविष्यवाणी की थी कि विवादित ढांचे की एक-एक ईंट लोग ले जाएंगे। उनकी बात सच साबित हुई। पूर्व सीएम ने कहा कि आंदोलन के दौरान एक बार तो आडवाणी जी ने मंदिर के लिए मरने की इच्छा तक जता दी थी।

### विद्या भारती के समागम 'संकल्प दृष्टि 2024 का समापन'

## दिग्विजयी, विश्व का नेतृत्व करने वाला भारत बनाने का संकल्प लें: विस्पुते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमें एक दिग्विजयी भारत, विश्व का नेतृत्व करने वाला सशक्त भारत बनाना है। हम इस दिशा में चल पड़े हैं। एक पराक्रमी भारत बनाने के लिए हम अपने आप को तिरोहित कर दें, इस बात का संकल्प लेकर हम अपने-अपने क्षेत्रों में जाएं। यह आह्वान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक दीपक विस्पुते ने रविवार को विद्याभारती के समिति कार्यकतार्ओं से किया। वे शारदा विहार में आयोजित तीन दिवसीय प्रांतीय समिति समागम संकल्प दृष्टि के समापन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। सत्र की अध्यक्षता पूर्व राज्यपाल एवं विद्याभारती



मध्यभारत प्रांत के प्रथम अध्यक्ष रहे कप्तान सिंह सोलंकी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के सह संगठन मंत्री यतीन्द्र शर्मा मौजूद थे।

### मणिपुर पहुंचे एमपी कांग्रेस के नेता

## दिग्विजय, पटवारी, उमंग ने फ्लाइट में लगाया नारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मणिपुर से शुरू होने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए मप्र कांग्रेस के नेता भी दिल्ली से इंफाल के लिए रवाना हुए। दिल्ली से रवाना हुई स्पेशल फ्लाइट में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, अभिषेक मनु सिंघवी, अशोक गहलोत, भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के साथ एमपी के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी इंफाल पहुंचे। फ्लाइट टेक ऑफ के पहले कांग्रेस नेताओं ने न्याय का हक मिलने तक का नारा लगाया।

### भारत जोड़ो यात्रा : मध्य प्रदेश में यात्रा सात दिनों में 698 और 9 जिलों को कवर करेगी

*हालांकि राहुल गांधी की इस यात्रा के शुरूआती कार्यक्रम में पूर्व सीएम कमलनाथ नहीं पहुंचे। मध्य प्रदेश में यात्रा सात दिनों में 698 और 9 जिलों को कवर करेगी। भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान के धौलपुर से मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में प्रवेश करेगी। इसके बाद मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, राजगढ़, आगर मालवा, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ से होते हुए राजस्थान के बांसवाड़ा तक जाएगी। राहुल करीब 7 दिन तक मध्य प्रदेश में यात्रा करेंगे। इस दौरान वह 9 जिलों को कवर करेंगे। इसका समापन 20 या 21 मार्च को मुंबई में होगा।*

### 30-31 जनवरी तक लोकसभा प्रभारियों को रिपोर्ट देनी होगी

## 29 लोस प्रभारी देंगे दावेदारों के नाम, क्षेत्रों में करेंगे दौरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों के प्रभारियों की शुक्रवार को हुई दिल्ली में बैठक के बाद अब उन्हें अगले सप्ताह से अपने-अपने प्रभार वाले लोकसभा क्षेत्रों में जाना होगा। यहां से दावेदारों के नामों के पैनल तैयार करना होगा। ये नाम 30-31 जनवरी तक एआईसीसी को वे देंगे। इस बैठक से यह साफ हो गया है कि अब टिकट चयन का मामला एआईसीसी ही अपने हाथ में रखेगी। इसके चलते ही उसने ही लोकसभा प्रभारियों को बनाया और सीधे ही उनकी बैठक ली। खास बात यह है कि इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित कोई भी पदाधिकारी शामिल नहीं था। सभी प्रभारियों से कहा गया है कि वे 18 से 24 जनवरी के बीच अपने प्रभार के क्षेत्र में जाएं और यहां की व्यापक रूप से रिपोर्ट तैयार करें। इसके साथ यह भी पता करें कि बेहतर उम्मीदवार कौन-कौन हो सकते हैं। इनमें से तीन नाम छांट कर एआईसीसी को भेजन का भी कहा गया है। कांग्रेस के सीनियर नेता ने बताया कि 30-31 तक लोकसभा प्रभारियों को रिपोर्ट देनी है। इसके बाद स्क्रीनिंग कमेटी नामों पर पीसीसी में ही मंथन करेगी। इस बार युवा चहेरों के साथ बुजुर्ग नेताओं को भी उतारा जा सकता है। हालांकि दर्जन से अधिक जिलों में कांग्रेस का खाता विधानसभा चुनाव में नहीं खुला है।

■ **टिकट चयन का मामला एआईसीसी ही अपने हाथ में रखेगी**

### कांग्रेस के नेताओं ने भितरघात का आरोप लगाया

कांग्रेस में होने वाली बैठकों में एक ही मुद्दा बार बार उठाया जा रहा है। कांग्रेस के नेताओं ने भितरघात का आरोप कार्यकर्ताओं पर लगाया था। पार्टी ने मांग की थी कि उन्हें बाहर किया जाए। इसके लिए अनुशासन कमेटी फैसला करेगी। हालांकि अभी तक बैठक कमेटी की नहीं हुई है। इसलिए नेताओं की नाराजगी भी उजागर हो रही है।

### 460 स्थानों पर युवा कांग्रेस शुरू करेगी 'न्याय दो, रोजगार दो' अभियान

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव की तैयारी में युवा कांग्रेस प्रदेश में 460 स्थानों पर नवमतदाता सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है तो युवा कांग्रेस भी इसके मुकाबले की तैयारी में जुट गया है। युवा कांग्रेस पूरे प्रदेश में इसी माह से 'न्याय दो, रोजगार दो' अभियान शुरू करने जा रहा है। इसमें युवा कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर पोस्टकार्ड बांटेंगे। इसके माध्यम से वह लोगों से संपर्क कर बेरोजगारी के मुद्दे को उठाएंगे।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 15 जनवरी 2024



राजधानी में रविवार को मोतीलाल नेहरु ग्राउंड में काइट फेस्टिवल मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में शहरवासी जुटे और बड़ी-बड़ी विभिन्न आकृतियों वाली पतंगे उड़ाईं। कोई बिल्ली रूपी पतंग उड़ा रहा था तो कोई चीता रूपी। वहीं अवकाश और मकर संक्रांति पर्व होने के कारण लोगों ने जमकर मस्ती मारी। (पेज 2 भी पढ़ें)

### वीडियो में तलवार लगते ही गिरता नजर आ रहा बुजुर्ग

## कार में पहले काम कराने की बात पर तलवार से हमला, 4 घायल

**बदमाशों ने तलवार और लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया**

**काम करने में थोड़ा समय लगेगा, इसी बात पर विवाद**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित सेफिया कॉलेज रोड पर कार डेकोरेशन संचालक समेत उनके परिवार के सदस्यों पर बदमाशों ने तलवार और लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में तलवार लगने से एक युवक बेसुध होकर गिरता हुआ नजर आ रहा है।

पुलिस के अनुसार ओल्ड सैफिया कॉलेज निवासी 60 साल के मोहम्मद नफीस उर्फ पप्पू की बीएस कार सीट कवर नाम से कार डेकोरेशन की दुकान है। उनके बेटे नासिर ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह अपने छोटे भाई फहीम और पिता नफीस के साथ शनिवार शाम दुकान पर थे।




**नासिर के सिर में 25 टांके आए**

*इस बीच आरोपियों ने नासिर के सिर में तलवार मार दी। उनके सिर में 25 टांके आए हैं। इस मारपीट और तलवार बाजी में उनके बेटों को भी चोट आई हैं। थाना प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि हमला करने वाला इमरान भी घायल हुआ है।*

**इमरान ने कार में साउंड सिस्टम लगाने कहा था**

इस बीच टीला जमालपुरा निवासी इमरान कार लेकर पहुंचा। उसने कार में साउंड सिस्टम लगाने के लिए कहा। नफीस ने कहा कि अभी पहले आए ग्राहकों की गाड़ियों में काम चल रहा है थोड़ा समय लगेगा। इस बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर वहां मौजूद लोगों ने समझइश दी और विवाद थम गया। इमरान वहां से निकल गया था। रात करीब 9 बजे वह अपने अन्य साथियों के साथ नफीस की दुकान पर पहुंचा था। उसके और साथियों के हाथ में तलवार समेत रॉड थी। गालीगलौज करते हुए आरोपियों ने नफीस और उसके परिवार के साथ मारपीट की।

### एमपी नगर जोन वन में लैटिट्यूड लाउंज के सामने खड़ी कारों में तोड़फोड़



**तलवार लेकर पहुंचे युवक ने कारों में की तोड़फोड़ सीसीटीवी में फुटेज कैद**

ऐशबाग, कमला नगर, कोलार, जहांगीराबाद के बाद अब एमपी नगर जोन वन में वाहनों में तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। घटना शनिवार देर रात करीब पौने एक बजे के आसपास की है। पुलिस के अनुसार जोन वन में तोड़फोड़ की सूचना मिली थी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले तो पता चला कि पौने 1 बजे आसपास एक युवक आया और 38 सेकंड के अंदर उसने एक के बाद एक तीन कारों में तोड़फोड़ की है। इससे पहले आरोपी दो कार में तोड़फोड़ कर चुका था।

## खनिज विभाग की कार्रवाई से मचा हड़कंप 80 किमी दूर थमे रहे अवैध डंपरों के पहिए

**बिना रॉयल्टी पकड़े 6 रेट के डंपर, एक डंपर की फर्जी मिली रॉयल्टी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी में खनिज विभाग की कार्रवाई से हड़कंप मच गया। कार्रवाई की भनक लगते ही आस-पास 80 किमी तक अवैध रेत या अन्य खनिज ला रहे डंपरों के पहिए जहां थे वहीं थम गए।

सुबह चार बजे तक राजधानी में अवैध डंपरों का आवागमन कम रहा। देर रात टीमों ने कार्रवाई करते हुए छह रेत के अवैध डंपरों को पकड़ कर संबंधित थाना क्षेत्र में खड़ा कराया है। वहीं दो मुरम के डंपर पकड़े, जो बिना रॉयल्टी कोपरा भरकर ला रहे थे। विधानसभा चुनाव के बाद खनिज विभाग ने यह पहली कार्रवाई की है।



**लंबे समय से मिल रही थी अवैध परिवहन की सूचना**

लंबे समय से रेत के अवैध परिवहन की सूचना मिल रही थी, इसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर रात को टीमें बनाकर कार्रवाई की है। छह रेत के अवैध डंपर और दो मुरम के डंपर पकड़े हैं। ये कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

**प्रदीप तिवारी,** जिला खनिज अधिकारी

**अलग- अलग स्थानों पर कार्रवाई**

खनिज विभाग की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध रेत जब्त की है। एक टीम ने सूखी सेवनिया में कार्रवाई करते हुए रेत के डंपर को रोककर उसकी रॉयल्टी चेक की तो वह फर्जी निकली। टीम ने चालक से इस संबंध में जानकारी करना चाही तो वह कुछ तथाकथित नेताओं के नाम बताकर धौंस दिखाने लगा। टीम ने डंपर को सूखी सेवनिया थाने में खड़ा करा दिया है। एक अन्य डंपर बैरसिया थाने में खड़ा कराया है, इस पर भी रसीद नहीं थी। टीम में तहसीलदार कुनाल राउत, प्रदीप तिवारी उप संचालक खनिज स्वयं थे। टीम ने कटारा और बागसेवनिया में दो हाईवा वाहनों को पकड़ा है।

### कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

## 22 को मंदिरों में राम कीर्तन दीप प्रज्जवलन, भंडारे होंगे

**साफ-सफाई व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के भी होंगे आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भोपाल जिला कलेक्टर ने रविवार को एक आदेश जारी किया है, जिसके तहत 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के तहत राम मंडलियों के द्वारा प्रभातफेरी निकाली जाएंगी। साथ ही रामरक्षा स्त्रोत, रामचरित मानस का पाठ, रामधुन, रामकीर्तन, नृत्यनाटिकाएं, कथावाचन, भजन संध्या के साथ प्रमुख मंदिरों में भंडारा होगा। आयुक्त नगर निगम एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कार्यक्रम का समन्वय करेंगे।



**यह कार्यक्रम होंगे**

घर-घर दीपोत्सव, रंगोली, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, भोपाल रामरक्षा स्त्रोत, रामचरित मानस का पाठ, चित्रशिल्प, रोशनी, रामधुन, मंदिरों की साफ-सफाई होगी। इसके साथ ही सभी विद्यालयों में भाषण प्रतियोगिताएं, परिचर्चा, निबंध लेखन, गायन, चित्रलेखन, रंगोली बनाई जाएंगी।

**यहां होगी साफ-सफाई, सजावट**

प्रत्येक शासकीय कार्यालय में 16 से 21 जनवरी तक सफाई और 21 से 26 तक रोशनी व रंगोली आदि सजाई जाएंगी। ट्रेन, सड़क मार्ग से आयोध्या जा रहे तीर्थ यात्रियों को सम्मान व स्वागत किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, समस्त सीईओ, जपं, आयुक्त ननि व सीईओ, जिपं कार्यक्रम का समन्वय करेंगे।

## नगर निगम के नीमच में बन रहे दो संयंत्र इसी वर्ष होंगे शुरू, महापौर व अधिकारियों ने लिया संयंत्रों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

नगर निगम भोपाल के नीमच में बन रहे दो संयंत्र इस वर्ष काम करने लगेंगे, जिसकी प्रगति देखने भोपाल से नगर निगम महापौर मालती राय व विद्युत शाखा के अधिकारी रविवार को नीमच पहुंचे। नीमच पहुंचने के बाद महापौर ने बताया कि रास्ते में कई पवन ऊर्जा संयत्र का भी निरीक्षण कर सभी प्रकार की जानकारी लीं। जिससे यह जानकारी मिल सके कि भोपाल नगर निगम सही दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि यह दोनों संयंत्र इस साल काम करने लगेंगेए जिससे इन परियोजनाओं से 55 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। यह बिजली निगम को 25 वर्षों तक रियायती दर पर उपलब्ध होगी।

- **नीमच में 180 करोड़ से 20-20 मेगावाट के दो सौर ऊर्जा और 90 करोड़ रुपए, से 15 मेगावाट का एक पवन ऊर्जा संयत्र**

नीमच में 180 करोड़ रुपए से 20-20 मेगावाट के 2 सौर ऊर्जा और 90 करोड़ से 15 मेगावाट का पवन ऊर्जा संयत्र लग रहा है। निगम बिजली के बढ़ते खर्च से बचने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा पर निर्भरता बढ़ा रहा है। नीमच में 180 करोड़ रुपये से 20.20 मेगावाट के दो सौर ऊर्जा संयंत्र और 90 करोड़ रुपये से 15 मेगावाट का एक पवन ऊर्जा संयत्र लगाने जा रहा है। तीनों परियोजनाओं से 55 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। यह बिजली निगम को 25 वर्षों तक रियायती दर पर मिलेगी।

**प्रथम चरण में 20 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र**

प्रथम चरण में 20 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का काम शुरु हो गया है। इसमें 90 करोड़ रुपये खर्च होंगे। 28 करोड़ रुपए नगर निगम को देना होगा, बाकी रकम ठेकेदार देगा। इसके बदले निगम को ठेकेदार आगामी 25 वर्षों तक 3.14 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली देगा। वहीं दूसरे चरण में 15 मेगावाट के पवन ऊर्जा संयंत्र प्लांट का काम नीमच चालू हो गया है। इसकी लागत भी 90 करोड़ रुपए होगी। इसमें 30 करोड़ रुपये नगर निगमए जबकि बची हुई राशि ठेकेदार मिलाएगा। इसमें भी निगम को 25 वर्षों तक 4.24 रुपए प्रति यूनिट बिजली मिलेगी।

### आज नहीं चलेगी प्रयागराज एक्सप्रेस

**भोपाल।** रेलवे की ओर से 14 जनवरी को प्रांरभिक स्टेशन प्रयागराज जंक्शन से महू जाने वाली ट्रेन नंबर 14116 को निरस्त कर दिया। इस कारण 15 जनवरी को ट्रेन 14115 डॉ अंबेडकर नगर-प्रयागराज जंक्शन एक्सप्रेस रैक के अभाव में महू से निरस्त रहेगी। यह ट्रेन कल सोमवार को ललितपुर, बीना, विदिशा, भोपाल सहित सहित अन्य स्टेशनों से सफर करने वाले यात्रियों को खासी परेशानी होगी।

## हेलमेट पहनिए, यह आपके और परिवार की सुरक्षा के लिए जरूरी

**परिवहन विभाग ने रोड सेफ्टी को लेकर चलाया जागरुकता अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

परिवहन व प्रदेश के युवा खिलाड़ी व छात्रों के द्वारा रोड सेफ्टी को लेकर भोजपुर क्लब से आनंद पार्क 10 नंबर तक एक जागरुकता रैली निकाली गई। भोपाल आरटीओ संजय तिवारी व अन्य स्टाफ की ओर से सभी बाइक चालकों से हेलमेट पहनने और कार चालकों से सीट बेल्ट लगाने की अपील की गई। खिलाड़ियों व स्कूली छात्र-छात्राओं ने वाहन चालकों को हेलमेट लगाने व शराब पीकर वाहन नहीं चलाने जागरूक किया। हाथों में बैनर पोस्टर लिए लोगों से शराब पीकर वाहन न चलाने, ओव्हर लोड, मोबाइल से बात करते हुए वाहन न चलाने को लेकर समझाइश दी गई।



### हर माह 3 हजार नसबंदी का लक्ष्य

## आवारा कुत्तों को दूसरी जगह नहीं छोड़ पा रहे निगमकर्मी

**मुख्यमंत्री ने समाजों व प्रमुख लोगों से इस समस्या से निपटने के लिए मांगे सुझाव**



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

नगर निगम द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान जोरशोर से चलाया जा रहा है। इन कुत्तों को पकड़कर नसबंदी की जा रही है। नगर निगम के पास सबसे बड़ी समस्या यह है कि इन कुत्तों को रखने के लिए कोई जगह नहीं है। नसबंदी करने के बाद वापस कुत्तों को उन्हीं के मोहल्ले में छोड़ा जा रहा है। निगम अधिकारियों के अनुसार यह मामला मुख्यमंत्री तक पहुंच गया, लेकिन उन्होंने भी लोगों से इस समस्या से निपटने के लिए सुझाव मांगे हैं। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार आवारा कुत्तों को रोजाना ही पकड़ा जा रहा है। इसके लिए विशेष अभियान भी चल रहा है, लेकिन समस्या इनको रखने की ही समस्या है। इस कारण नसबंदी करने के बाद उसी मोहल्ले में ही छोड़ा जा रहा है।

**खूंखार कुत्तों को छोड़ने की समस्या**

जो कुत्ते खूंखार हैं, उन्हें नगर निगम ने अभी एबीसी सेंटर में बंद करके रखा है, लेकिन उनकी संख्या बढ़ने के बाद, समस्या यह ही रहेगी कि उन्हें कहां छोड़ें। जबकि ज्यादा खतरनाक कुत्तों को जंगल में ही छोड़ा जा रहा है। रविवार को भी शहर के कई हिस्सों में खूंखार आवारा कुत्तों की खोज की गई। जबकि जो पैट लवर्स इनको पकड़ने का विरोध कर रहें, उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत की जा रही है।

### यह है राजधानी के मॉडल जय प्रकाश अस्पताल का हाल

## 59 सफाई कर्मी, फिर भी जगह-जगह कचरे के ढेर और गुटके के दाग, कचरे में पड़ी हैं दवाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी का मॉडल अस्पल जेपी में सफाई व्यवस्था के नाम पर सरकारी रुपयों की बर्बादी हो रही है। सफाई का जिम्मा जिस कंपनी को दिया गया है, वह खानापूर्ति कर रही है। यही कारण है कि अस्पताल परिसर में गंदगी और गुटके के दाग देखे जा सकते है। आईपीडी वार्ड की खिड़कियों के बाहर कचरा और छिपे हुए कोनों में दवाईयों का ढेर आसानी से देखा जा सकता है।

जानकारी अनुसार जेपी अस्पताल की सफाई का जिम्मा निजी कंपनी के पास है। जिसका नाम प्रथम नेशनल सिक्योरिटी सर्विसेस है। यह फर्म इंदौर की है। फर्म को जो ठेका दिया गया है, उसकी शर्तों के अनुसार 59 सफाई कमी जेपी अस्पताल में हर दिन ड्यूटी देंगे, लेकिन फर्म द्वारा सफाई सिर्फ 20 से 25 कर्मचारियों द्वारा कराई जा रही है। ताकि अधिक से अधिक पैसा बचाया जा सके। इतना ही नहीं ओपीडी के समय में सफाई पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता, बल्कि दोपहर में जब भीड़ कम होती है तब सफाईकर्मी एक से दो घंटे में सफाई करते हुए देखे जाते हैं।





सफाई व्यवस्था में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जएगी। यदि निजी फर्म द्वारा कम संख्या में सफाई कर्मियों से काम लिया जा रहा है तो मैं इस मामले की जांच कराउंगा। यदि फर्म ने कुछ गड़बड़ी की है तो कंपनी पर जुर्माना लगाकर ठेका निरस्त किया जाएगा।

**डॉ. राकेश श्रीवास्तव,** अधीक्षक, जेपी अस्पताल

**बायोमेडिकल वेस्ट का निष्पादन नहीं**

जेपी अस्पताल की सफाई व्यवस्था में सबसे बड़ी लापरवाही बायोमेडिकल वेस्ट मामले में हो रही है। अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली दवाईयां कचरे के ढेर में आए दिन मिलती हैं। इसके अलावा ग्लब्स, पट्टी और अन्य मेडिकल वेस्ट भी खुले परिसर में नाले के पास अक्सर देखे जाते हैं।

**नहीं मिला अवार्ड**

जेपी अस्पताल में सफाई व्यवस्था लचर रहने और मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं सुस्त रहने के कारण कायाकल्प अवार्ड में नंबर आने का मौका नहीं मिला है। जबकि अवार्ड को शुरू हुए 7 साल हो गए हैं।

**बिजनेस साइट**

## लार्ज एंड मिड कैप फंड: लीडर्स और चुनौती देने वालों की एक ड्रीम-टीम

**ग्वालियर।** कॉर्पोरेट परिदृश्य में, छोटी कंपनियाँ हमेशा स्थापित कंपनियों को चुनौती दे रही हैं जबकि बड़ी कंपनियां छोटे प्रतिद्वंद्वियों की तलाश में हैं जो उन्हें मात दे सकें। संक्षेप में, कड़ी प्रतिस्पर्धा के इस तेज खेल में एक कंपनी हमेशा दूसरी कंपनी के खिलाफ खड़ी रहती है। सौभाग्य से, निवेशक अपने पोर्टफोलियो का निर्माण करते समय लार्ज-कैप फर्मों और मिड-कैप कंपनियों दोनों को एक साथ रख सकते हैं और लीडर्स और चुनौती देने वालों की ड्रीम टीम से लाभ उठा सकते हैं।

लार्ज-कैप स्टॉक सफलता के प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड वाली अच्छी तरह से स्थापित कंपनियां हैं। वे मिड-कैप शेयरों के समान उच्च संभावित रिटर्न की पेशकश नहीं कर सकते हैं, लेकिन वे कम जोखिम वाले भी हैं। दूसरी ओर, मिड-कैप स्टॉक तेजी से विकास की व्यापक क्षमता दिखाते हैं, और जबकि उनमें रिटर्न की मजबूत क्षमता होती है, वे लार्ज-कैप की तुलना में अधिक अस्थिरता प्रदर्शित करते हैं।

इक्विटी म्यूचुअल फंड जगत में, लार्ज और मिड-कैप फंड एक ऐसी श्रेणी है जो लार्ज और मिड-कैप का अधिकतम मिक्स प्रदान करती है। बेस्ट लार्ज और मिड-कैप फंड प्रमाणित और अनुशासित निवेश प्रक्रियाओं द्वारा समर्थित कंपनियों के विविध पोर्टफोलियो में निवेश करते हैं। ऐसा फंड अच्छी तरह से स्थापित लार्ज-कैप शेयरों और मिड-कैप शेयरों में न्यूनतम 35 प्रतिशत एक्सपोजर के साथ निवेश करता है।



**किशन सिंह तोमर**
एमडी, एआईएम मनी फिनबेस्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ग्वालियर

शेष हिस्से में, फंड मैनेजर के पास जरूरत पड़ने पर स्मॉल-कैप में सामरिक आवंटन करने की सुविधा होती है। यह इसे पांच साल और उससे अधिक के निवेश क्षितिज के साथ लॉन्गटर्म विकास क्षमता चाहने वाले निवेशकों के लिए उपयुक्त बनाता है। लार्ज-कैप स्थिर पूंजी पर रिटर्न लाते हैं जबकि मिड-कैप समग्र फंड में महत्वपूर्ण अल्फा लाते हैं।

यह देखते हुए कि फंड की प्रकृति इक्विटी-उन्मुख है, ऐसी पेशकश में निवेश करते समय जोखिम कारकों के प्रति सचेत रहना चाहिए। लॉन्गटर्म ऐतिहासिक डेटा से पता चलता है कि यदि कोई धैर्यवान निवेशक अनिश्चित समय में टिके रहने के लिए तैयार है तो उसके पास पर्याप्त रिटर्न उत्पन्न करने का अवसर है।

इस श्रेणी में कई सारे फंड उपलब्ध है। जब फंड चयन की बात आती है, तो किसी फंड मैनेजर ने विभिन्न बाजार चरणों के माध्यम से पोर्टफोलियो को कैसे नेविगेट किया है, यह समझने के लिए फंड के ऐतिहासिक प्रदर्शन को देखना चाहिए। इस पैरामीटर के आधार पर, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज एंड मिड कैप फंड, निवेशकों के लिए विचार करने के लिए एक अच्छा चयन प्रतीत होता है।

## पेज एक का शेष

### हमारी उत्सव परंपरा...

है। उन्होंने कहा कि मैं सभी नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि और संतोष की धारा के निरंतर प्रवाह की कामना करता हूं।

### कई युवाओं ने...

अर्पित की जाती है, जो 'अन्नदाता किसानों' को इस उत्सव परंपरा के केंद्र में रखती है। पीएम मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त की कि सुपरफूड श्रीअन्न के बारे में एक नई जागरूकता आई है और कई युवाओं ने श्री अन्न पर स्टार्टअप उद्यम शुरू किया है। उन्होंने बताया कि मिलेट्स खेती करने वाले 3 करोड़ से ज्यादा किसान प्रोत्साहन से सीधे तौर पर लाभान्वित हो रहे हैं।

### न्यायाधीशों की सलाह...

पर ध्यान न देते हुए उनके साथ घटित विभिन्न घटनाओं का उदाहरण किसी भी प्रकार से सोशल मीडिया के कमेंटों पर प्रतिक्रिया आदि न देने की सलाह दी। न्यायधिपति ओक रविवार को रविंद्र भवन में आयोजित मप्र न्यायिक अधिकारियों के द्विवर्षीय 10 वें सम्मेलन के दूसरे दिन समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। यह सत्र आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और सोशल मीडिया का न्यायपालिका पर प्रभाव विषय पर आयोजित था। इस अधिवेशन में उच्च न्यायालय मप्र के तीनों खण्डपीठ के सभी न्यायामूर्ति मौजूद थे। इसके साथ ही जिला न्यायालय के लगभग 1500 न्यायाधीश उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए न्यायधिपति ओक ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जाहिर की।

**लंबित प्रत्येक मामला न्यायाधीशों के लिए एक ऋण की तरह:** मप्र उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधिपति रवि मलिमथ ने अपने उद्बोधन में मध्यप्रदेश के न्यायाधीशों को मेहनत और लगन से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने न्यायाधीशों को ईमानदारी से मानवीय संवेदनाओं के साथ कार्य करते हुए पक्षकारों की पीड़ा को विचार में लेने की अपेक्षा की। उन्होंने यह भी कहा कि लंबित प्रत्येक मामला न्यायाधीशों के लिए एक ऋण की तरह है, जिसे न्यायाधीशों को त्वरित निराकृत कर विमुक्त होना चाहिए। इस मौके पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायधिपति सूर्यकांत ने वीडियों मैसेज प्रेषित कर मप्र न्यायाधीश संघ को शुभकामनाएं देकर मध्यप्रदेश के न्यायाधीशों को उत्साहपूर्वक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**सोशल मीडिया का उपयोग विधि ज्ञान बढ़ाने में सावधानी पूर्वक करें:** सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायधिपति एस.ओक ने एआई के संबंध में और भी कई बातों का उल्लेख किया। उन्होंने सोशल मीडिया का उपयोग विधि का ज्ञान बढ़ाने, अपने साथियों और परिवार वालों के स्वास्थ्य व अन्य जानकारियां लेने तथा अपनी रूचियों और अच्छे कार्यों को करने के लिए प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने न्यायाधीशों को सोशल मीडिया पर दी जाने वाली प्रतिक्रियाओं पर ध्यान न देते हुए उनके साथ घटित विभिन्न घटनाओं का उदाहरण देते हुए किसी भी प्रकार से सोशल मीडिया के कमेंटों पर प्रतिक्रिया न देने की सलाह भी दी है।

### मप्र न्यायाधीश...

प्रकट करते हुए एक नवीन तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए न्यायाधीशों को बधाई दी। उन्होंने भविष्य में इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए न्यायाधीशों को प्रोत्साहित किया। न्यायाधीश संघ के सचिव धर्मेन्द्र टाडा ने सभी का आभार माना।

### देवड़ा ने कांग्रेस...

गुट की शिवसेना का दामन थाम लिया है। इस मौके पर देवड़ा ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत भावुक दिन है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं कांग्रेस छोड़ दूंगा। मैं शिव सेना में शामिल हो गया। मिलिंद को हाल ही में एआईसीस का संयुक्त कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया था। वे दक्षिण मुंबई लोकसभा सीट पर दावा करने वाली उद्धव ठाकरे की शिवसेना को ये सीट न देने पर अड़े थे। मिलिंद के कांग्रेस छोड़ने का कारण भी इसे बताया जा रहा है।

### शहडोल,अनूपपुर जिलों....

की रही। भूकंप से अभी तक किसी भी नुकसान की जानकारी नहीं है। छत्तीसगढ़ मौसम विभाग ने रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.1 मापी है। छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश की सीमा पर रविवार दोपहर भूकंप आया है। इसके कारण अमरकंटक क्षेत्र के इलाकों में लोगों को हल्के झटके महसूस हुए। इसका केंद्र बिलासपुर से 122 किमी उत्तर-पूर्व सोन नदी के पास बताया जा रहा है।

### खाना बनाना नहीं आने ...

एफआईआर को रद्द कर दिया। महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि उसके ससुराल वाले, जिनमें उसके बहनोई भी शामिल थे, उसे ताने मारते थे और उसका अपमान करते थे और टिप्पणी करते थे कि वह खाना बनाना नहीं जानती और उसके माता-पिता ने उसे कुछ भी नहीं सिखाया है। हाई कोर्ट ने कहा कि छोटे-मोटे झगड़े आईपीसी की धारा 498ए के तहत क्रूरता नहीं हैं और जस्टिस अनुजा प्रभुदेसाई और जस्टिस नितिन आर बोरकर की डिवीजन बेंच ने ने कहा कि इस तरह के अपराध का गठन करने के लिए, प्रथम दृष्टया महिला को आत्महत्या का प्रयास करने या उसे गंभीर चोट पहुंचाने या दहेज के लिए परेशान करने के लिए जानबूझकर किया गया आचरण कोर्ट के समक्ष लाना चाहिए।

### अंगीठी जलाकर सोने...

है कि अंगीठी के धुएं के कारण दम घुटने से उनकी मौत हुई है। इंद्रा पुरी थाना इलाके में दो लोगों की मौत हुई हई है। मरने वालों में एक 56 साल का और एक 22 साल का शख्स शामिल है। वहीं अलीपुर में 4 लोगों की मौत की खबर है। इनमें पति-पत्नी और दो बच्चे भी शामिल है। बताया जा रहा है कि ये भी रात में अंगीठी जलाकर सोए थे। सुबह पड़ोसियों ने उनके शव देखे तो हड़कंप मच गया। पड़ोसियों ने तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार सुबह 6 बजकर 40 मिनट पर उन्हें पीसीआर कॉल मिली और जानकारी दी गई कि 4 लोग बेहोश हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और घर की खिड़की तोड़कर अंदर घुसी और पाया कि चारों की मौत हो चुकी है। शुरुआती जांच में दम घुटने की वजह से ही मौत हुई है। हालांकि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है।

### राहुल करीब 70 नेताओं...

स्मारक का दौरा किया। इंडिगो की उड़ान से कांग्रेसी नेता इंफाल पहुंचे। कांग्रेस के इस जनसंपर्क अभियान के दौरान राहुल गांधी व अन्य कांग्रेस नेता, अगले 67 दिनों में 110 जिलों से होकर गुजरेंगे। मुंबई पहुंचने तक कुल 6,700 किलोमीटर से अधिक दूरी तय करने की योजना बनाई गई है। उधर, राज्य सरकार की ओर से कहा गया है कि रैली और यात्रा के दौरान कोई राष्ट्रविरोधी या सांप्रदायिक या कोई प्रतिकूल नारा नहीं लगना चाहिए। जिले के खोंगजोम इलाके के एक मैदान में इस यात्रा को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हरी झंडी दिखाई गई। खरगे समेत कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता इस कार्यक्रम में शामिल हुए। राहुल गांधी 60 से 70 यात्रियों के साथ पैदल और बस से सफर करेंगे। हालांकि, पहले यह राजधानी इंफाल से शुरू होने वाली थी, लेकिन बाद में इसमें बदलाव किया गया। यात्रा से पहले राहुल ने कहा कि शायद पीएम मोदी के लिए मणिपुर, हिंदुस्तान का हिस्सा नहीं है, लेकिन हम जनता के मन की बात सुनना चाहते हैं। गांधी ने कहा कि देश में मंहगाई और बेरोजगारी चरम पर है। भाजपा का तंज- कांग्रेस बताए उसके कितने प्रधानमंत्रियों ने उत्तर-पूर्व का दौरा किया?: भाजपा नेता नलिन कोहली ने कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर तंज कसते हुए कहा बीते 60 सालों को अगर पीएम मोदी के 9-10 साल से तुलना करें तो कांग्रेस के कितने प्रधानमंत्रियों ने उत्तर पूर्व का दौरा किया? पीएम मोदी बीते नौ साल में 60 बार वहां जा चुके हैं। मोदी सरकार के मंत्री 400 से ज्यादा दौरे कर चुके हैं। इंटरनेट, हाइवे, एयरपोर्ट, रेलवे का निर्माण तेज रफ्तार से हो रहा है। उत्तर पूर्व में 9 एयरपोर्ट से बढ़कर 17 हो गए हैं। 100 सालों के बाद नगालैंड में दूसरा रेलवे स्टेशन खुला है।

### मकर संक्रांति पर...

रविवार दोपहर तक 65 लाख तीर्थयात्रियों ने गंगा सागर में डुबकी लगाकर पुण्य कमाया। उन्होंने कहा कि सोमवार को मकर संक्रांति के अवसर पर गंगासागर संख्या बढ़ने की संभावना है।

### *45 निगरानी टावर ...*

*मेले के आयोजन का भारी खर्च वहन करना बहुत मुश्किल है। बेहतर संचार के परिणामस्वरूप श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी होने की वजह से इस वर्ष मेले के दौरान 265 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने का अनुमान है।*

### राजस्थानी दाल बाटी ...

कोर्ट से 50 स्वादिष्ट व्यंजन परोसे जाएंगे। श्रद्धालुओं को अयोध्या में लिट्टी चोखा, राजस्थानी दाल बाटी चूरमा, पंजाबी तड़का, दक्षिण भारतीय मसाला डोसा, इडली, बंगाली रसगुल्ला जैसी चीजे परोसी जाएंगी। इसके अलावा यूपी, पंजाब, राजस्थान, दक्षिण भारत, बंगाल और महाराष्ट्र जैसे अलग-अलग राज्यों के लिए अलग-अलग फूड कोर्ट बनाए जा रहे हैं। इन फ़ूड कोर्ट्स में मेहमानों और श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग राज्यों के लोगों की ओर से व्यवस्था की गई है।

### *अब तक कहां से ...*

*के तेल के 2100 पीपे अयोध्या भेजे गए हैं। सीता रसोई में बनने वाला प्रसाद जयपुर के चांदपोल स्थित गंगा माता मंदिर से भेजे गए तेल-घी से बनेगा।*

***5. गुजरात से धूपबत्ती व साड़ी***

*गुजरात के बड़ोदरा से 108 फीट लंबी धूपबत्ती अयोध्या भेजी गई है। धूपबत्ती 3,610 किलो की है। ये करीब डेढ़ महीने तक जलेगी। सूरत शहर में तैयार की गई एक विशेष साड़ी मंदिर अधिकारियों को भेजी जाएगी। सूरत के ही एक हीरा व्यापारी ने 5,000 अमेरिकी हीरे और दो किलो चांदी का उपयोग करके राम मंदिर की थीम पर एक हार बनाया है। 40 कारीगरों ने 35 दिन में डिजाइन पूरा किया और हार को राम मंदिर ट्रस्ट को उपहार में दे दिया गया है।*

***6. महाराष्ट्र से राम हलवा***

*नागपुर में रहने वाले शेफ विष्णु मनोहर ने घोषणा की है कि वह प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने वाले भक्तों के लिए 7,000 किलोग्राम 'राम हलवा' तैयार करेंगे।*

***7. तेलंगाना से सोने की चरण पादुका***

*हैदराबाद के 64 वर्षीय चल्ला श्रीनिवास शास्त्री ने सोने की परत चढ़ी चरण पादुका भेंट की।*

***8. आंध्र प्रदेश से 1 लाख लड्डू***

*तिरूपति में श्री वेंकटेश्वर मंदिर अयोध्या में भक्तों के लिए एक लाख लड्डू भेजेगा।*

# प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत साढ़े 10 हजार से अधिक आदिवासी घर होंगे रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिवपुरी जिले से 12 किमी दूर ग्राम हातोद में प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (प्रधानमंत्री जनमन योजना) के प्रथम चरण में 15 जनवरी को शिवपुरी जिले के आदिवासी बहुल ग्राम पडोरा, डेहरवारा एवं गढ़ीबरोद के 57 आदिवासी परिवारों के घरों को बिजली से रोशन करने का तोहफा देंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी गढ़ीबरोद, डेहरवारा एवं पडोरा के नवीन विद्युतीकृत आदिवासी परिवार के हितग्राहियों से वर्चुअली संवाद करेंगे। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना में गांवों और मजराटोलों को ऊर्जीकृत किया जा रहा है। इस योजना में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के ग्वालियर, विदिशा, अशोकनगर, श्योपुर, दतिया, गुना, शिवपुरी, रायसेन एवं भिण्ड जिलों के 306 गांवों एवं मजराटोलों को ऊर्जीकृत किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के प्रथम चरण में कुल 4 हजार 7 आदिवासी परिवारों के घर रोशन होंगे। विदिशा और ग्वालियर जिले के 36 जनजातीय परिवारों के घरों को रोशन कर दिया गया है। ओर पीने के पानी, सड़क और मूलभूत सुविधाएं मिलने से उनके रहन-सहन के स्तर में सुधार आएगा।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गढ़ीबरोद, डेहरवारा एवं पड़ोरा के आदिवासी परिवारों से आज करेंगे वर्चुअली संवाद
- 80 करोड़ रुपए से होंगे विद्युतीय कार्य

### पूर्व क्षेत्र के 946 गांवों एवं मजराटोलों को किया जा रहा है ऊर्जीकृत

पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अनूपपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा डिंडोरी, मंडला, नरसिंहपुर, शहडोल एवं सीधी जिले में कुल 946 गांवों एवं मजराटोलों को ऊर्जीकृत किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के प्रथम चरण में कुल 6 हजार 995 आदिवासी परिवारों के घर रोशन होंगे। इससे एक ओर जहाँ आदिवासी परिवारों के बच्चों को पढ़ने-लिखने के साथ ही घरेलू कामकाज और रोजगार के अवसर मिल सकेंगे।

## आईएसबीटी से दो महीने में 16 बाइक चुराने वाला बदमाश गिरफ्तार, तीन खरीदार भी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा पुलिस ने आईएसबीटी से बाइक चुराने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी की 16 बाइक बरामद की है। चोर ने महज दो महीने के अंदर आईएसबीटी से सोलह बाइक चुराई थी। यहां लगातार हो रही बाइक चोरी से पुलिस खासी परेशान थी। उक्त मामले में चोरी की बाइक खरीदने वाले तीन खरीदारों को भी आरोपी बनाया है। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि बाइक चोर जुआ खेलने का आदी था। जुए में हारने के कारण उस पर कर्ज हो गया था और बाइक चुराने लगा था। उसने चोरी से बुलेट खरीद ली थी।

## कार पेड़ से टकराई, 13 दिन बाद इंजीनियर की मौत

**भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित केरवा डैम रोड पर गत 31 दिसंबर की रात न्यू पार्टी से लौट रहे दो दोस्तों की कार पेड़ में जा घुसी। इस हादसे में को पेसेंजर साइड में बैठे इंजीनियर को गंभीर चोट आई थी। उसकी इलाज के दौरान रविवार दोपहर एम्स में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस कार चला रहे उसके दोस्त के खिलाफ प्रकरण दर्ज करेगी। एएसआई नंद किशोर दुबे ने बताया कि सार्थक भार्गव पिता अनुज भार्गव (28) जी सेक्टर अयोध्या नगर में रहता था।

# रक्षा के लिए राजपूतों ने दी हैं कुर्बानियां, इतिहास के पन्नों में दर्ज है राजपूत रानियों के जौहर: सिंह

### सर्व जादौन राजपूत समाज संघ का मिलन समारोह में शामिल हुए प्रदेशभर से बड़ी संख्या में लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




सर्व जादौन राजपूत समाज संघ का मिलन समारोह रविवार को ई सेक्टर बरखेड़ा जेपी मार्केट भेल स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि समाज के वरिष्ठजन रहे। इस मौके पर समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। इनके ही मार्ग दर्शन में समाज की रूप रेखा तैयार की गई।

जादौन राजपूत समाज के अध्यक्ष मनोज सिंह जादौन ने कहा कि कर्यक्रम के प्रथम चरण में भोपाल जादौन राजपूत समाज के लोगों को एकत्रित कर आयोजन किया गया। अगले चरण में देश भर के जादौन राजपूत समाज के लोगों को एकत्रित किया जाएगा। जादौन ने कहा कि मौजूदा समय में समाज के लोगों को एकत्रित होना अतिआवश्यक है। जब-जब आवश्यकता पड़ी है, तब-तब सबसे पहले देश और समाज की रक्षा के लिए राजपूतों ने अपने प्राणों की आहूतियां दी हैं। विदेशी आक्रांताओं से जंग लडकर देश की रक्षा के लिए कुर्बानियां दी हैं। राजपूत रानियों के जौहर इतिहास के पन्नों में दर्ज है। राजपूतों को खुद के मान-सम्मान और वैभव की रक्षा के लिए भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। कार्यक्रम में महासचिव भूपेंद्र सिंह जादौन शामिल हुए।





**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी **भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644, 9300009644


**कान्हा नानक फार्म/प्लॉट** 7509861369, 7509861379

प्रीमियम फार्म हाउस

फार्म हाउस 349/- Sqft.

- निवेश का सुनहरा मौका
- डायवर्जन युक्त फार्म हाउस उपलब्ध है
- पूर्णत: विकसित फार्म हाउस

प्लॉट मात्र 699/- से शुरू



प्लाट लोकेशन- 1 नं. कोकता ट्रांसपोर्ट नगर के पास कान्हासैया (न्यू RTO आफिस से मात्र 1.5km)
फार्महाउस लोकेशन अयोध्या बायपास चौराहा एवं नरेला जोड़ तिराहे से मात्र 4 किमी. की दूरी पर ग्राम अरेड़ी

**Medical Help Line**

विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



**सफेद दाग गारंटेड इलाज**

Timing 10:30 am to 8:00 pm

Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M: 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष** — कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु** — व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** — मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।



## भोपाल फाल्कन्स ने फॉरेस्ट 11 को आठ विकेट से दी शिकस्त

*आज के मैच*
*डिजियाना बनाम जनसंपर्क*
*सुबह 9.00 बजे*




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ओल्ड कैंपियन मैदान पर आयोजित 29वीं डिजियाना-आईईएस इंटर प्रेस क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को भोपाल फाल्कन्स ने फोरेस्ट इलेवन को आठ विकेट से पराजित किया। कारपोरेट वर्ग के मुकाबले में फारेस्ट ने टास जीतकर पहले खेलते हुए 9.4 ओवर में मात्र 48 रन बनाकर सिमट गई। जुबेर खान ने 16, कप्तान राहुल ठाकुर ने 11 रन बनाए। बाकी अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके। विक्रांत कोरी ने पांच, मकरंद कुलकर्णी ने दो, शशांक गुप्ता, यतीश शर्मा, योगेश बाथम ने एक-एक विकेट लिए। जवाब में भोपाल फाल्कन्स की टीम ने चार ओवर में दो विकेट खोकर जरूरी रन बना लिए। अभिषेक बकोरिया ने 16, जय देवनानी ने 12 रन बनाए। रोहित और अमित रजोरिया ने एक-एक विकेट लिए। घातक गेंदबाजी के लिए विक्रांत कोरी को मानसरोवर मैन आफ द मैच और मकरंद कुलकर्णी को आरएनटीयू वैल्युएबल पुरस्कार दिया गया।



## भोपाल की लावण्या और दीक्षा मप्र एसजीएफआई टीम में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय एसजीएफआई बालिका फुटबाल प्रतियोगिता झारखंड के रांची में 17 से 21 तक आयोजित हो रही है। इस प्रतियोगिता के लिए मप्र टीम का चयन कर लिया गया है। इसमें भोपाल की लावण्या शुक्ला और दीक्षा ठाकुर को शामिल किया गया है। लावण्या विध्याचल अकादमी स्कूल और दीक्षा सेंट जोसेफ स्कूल की छात्रा हैं। मप्र टीम इस प्रकार है : विदुशी सिंह, कुमकुम वैभव कोठरी, नियति शर्मा, धरती खरे अर्शिता ओसवाल, काश्वी, सुचि झंवर, अदिना फतिमा पठान, एशिता ओसवाल, वैदेही मुलेवा, अविशी गोधा, लावण्या शुक्ला व दीक्षा ठाकुर।

## *शब्द पहेली - 5395*



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

*शब्द पहेली- 5394 का हल*



## सूडोकु नवताल - 5405

✱✱✱✱✱ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

सूडोकु नवताल - 5404 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# मेगा सम्मेलन 'नीव- क्राफ्टिंग फाउंडेशन, इंस्पायरिंग होराइजंस'

## आईसीएआई ने किया सीए छात्रों का दो दिवसीय आयोजन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

सीआईसीएएसए की इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया भोपाल शाखा ने समन्वय भवन में दो दिवसीय सीए छात्र मेगा सम्मेलन नीव- क्राफ्टिंग फाउंडेशन, इंस्पायरिंग होराइजन्स का आयोजन किया। यह कार्यक्रम छात्र कौशल संवर्धन बोर्ड (अध्ययन-संचालन बोर्ड) द्वारा आयोजित किया जाता है और आईसीएआई के सीआईआरसी की सीआईसीएएसए की भोपाल शाखा द्वारा आयोजित किया गया है। सम्मेलन में लगभग 500 विद्यार्थी उपस्थित थे।

सीए छात्र मेगा सम्मेलन का उद्घाटन आईसीएआई के उपाध्यक्ष सीए रणजीत कुमार अग्रवाल और मुख्य अतिथि आईएएस सृष्टि देशमुख ने अन्य विशिष्ट अतिथि सीए अभय छाजेड़ सेंट्रल काउंसिल सदस्य, सीए मंगेश किनारे, अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ अध्ययन के साथ किया। सीए अनुज गोयल सेंट्रल काउंसिल सदस्य ने अपने विचार-विमर्श में सीए रणजीत कुमार अग्रवाल ने देश के आर्थिक विकास में चार्टर्ड अकाउंटेंट की भूमिका पर जोर दिया।

### प्रशिक्षण पैटर्न में बदलाव के बारे में भी बात की

उन्होंने छात्रों को आईसीएआई के पाठ्यक्रम में किए गए प्रमुख बदलावों के बारे में बताया। उन्होंने प्रशिक्षण पैटर्न में बदलाव के बारे में भी बात की, जिसे अब तीन साल से घटाकर दो साल कर दिया गया है। उन्होंने विशेष रूप से आईसीएआई के बोर्ड ऑफ स्टडीज की वेबसाइट पर उपलब्ध विशाल जानकारी को स्पष्ट किया और छात्रों को ऐसी जानकारी का भरपूर उपयोग करने का निर्देश दिया। मुख्य अतिथि आईएएस श्रुति देशमुख ने छात्रों को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने यूपीएससी परीक्षा को आगे बढ़ाने के अपने अनुभव को साझा किया और बताया कि कैसे उन्होंने न केवल अपना लक्ष्य हासिल किया बल्कि विशेष परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक 5 हासिल की। सीए अभय छाजेड़ ने छात्रों को विभिन्न सूचनात्मक सामग्रियों के बारे में जानकारी दी जो संस्थान द्वारा बड़े पैमाने पर समाज के लिए प्रसारित की जाती हैं।



### चार्टर्ड अकाउंटेंट के लिए उपलब्ध नए अवसरों के बारे में बताया

कर सलाहकार राजेश जैन ने बताया कि रविवार को प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता सीए वैशाली जैन ने की तथा वक्ता सीए थे। दिल्ली से कमल गर्ग ने। सीए कमल गर्ग ने छात्रों को ऑडिटिंग की विभिन्न बारीकियों और ऑडिट प्रक्रियाओं और कार्यान्वयन में चार्टर्ड अकाउंटेंट के लिए उपलब्ध नए अवसरों के बारे में बताया। ऑडिटिंग के मानक और आचार संहिता पर छात्र पेपर प्रस्तुतकर्ता अक्षत गुप्ता, जानवी चावला और निशा मालविया थे, जिन्होंने वित्तीय रिपोर्टिंग में नैतिक दुविधाएं, ऑडिट गुणवत्ता,कमियां, उपाय और ऑडिटिंग प्रौद्योगिकी कंपनियां-उभरती चुनौतियां विषय पर पेपर प्रस्तुत किया। वक्ता ने इन विषयों पर गहन जानकारी दी। मोटिवेशनल सेशन गाजियाबाद की सीए नेहा दत्ता ने लिया, जिनके यूट्यूब चैनल पर पांच लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। सीए नेहा ने अपने प्रेरक विचार-विमर्श में छात्रों को विभिन्न जीवंत उदाहरणों का हवाला देकर आत्म-प्रेरित होने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि सीए परीक्षा के दौरान छात्रों को विभिन्न कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद सभी चुनौतियों का सामना करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए तैयार रहना पड़े। दूसरे तकनीकी सत्र में वक्ता सीए, रायपुर से रिधि जैना। सत्र अध्यक्ष सत्र सीए तरुण अम्मानी थे। प्रत्यक्ष कर पर छात्र पेपर प्रस्तुतकर्ता अदिति जैन, गौतम कृपलानी और राघव अग्रवाल थे, जिन्होंने कराधान में एआई-संचालित अनुपालन प्रबंधन, लेखांकन प्रक्रिया में स्वचालन पर अवलोकन और वित्तीय पूर्वानुमान में पूर्वानुमानित विश्लेषण विषयों पर चर्चा की। अध्यक्ष सीए रिद्धि जैन ने अपने विशेषज्ञ आलोचकों के साथ पेपर प्रस्तुतकर्ताओं को बहुत जरूरी प्रेरणा दी।

## पांच से आठ फरवरी के बीच ऑनलाइन मूल्यांकन

# रिलायंस स्नातक इंजीनियरों को करेगा विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में नियुक्त

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी कार्यक्रम शुरू किया है। इसका लक्ष्य पेट्रोरसायन से लेकर नई ऊर्जा तक सभी व्यवसायों में स्नातक इंजीनियरों को नियुक्त करना है। कंपनी की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार, रिलायंस ने पूरे देश से ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी 2024 कार्यक्रम के नाम से युवा इंजीनियरों के लिए अपना प्रवेश स्तर का भर्ती अभियान शुरू किया है। मकसद व्यावसायिक क्षेत्रों में प्रमुख तकनीकी भूमिकाओं के लिए युवा, उच्च क्षमता वाली इंजीनियरिंग प्रतिभा को नियुक्त करना है। इस वर्ष आवेदन प्रक्रिया पहली बार ऑनलाइन की गई है। कार्यक्रम के लिए पंजीकरण 11 जनवरी से शुरू हुआ। पंजीकरण कराने की आखिरी तारीख 19 जनवरी है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष चेयरमैन एस. सोमनाथ ने कहा कि भारत की प्रतिभा छोटे शहरों और क्षेत्रीय संस्थानों में बसती है। इस कार्यक्रम के तहत, कंपनी एआईसीटीई-अनुमोदित संस्थानों से रसायन, विद्युत, यांत्रिक तथा उपकरण जैसे विभिन्न विषयों के 2024 बैच के बीटेक और बीई स्नातकों के ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित कर रही है। चयनित छात्रों को पांच से आठ फरवरी के बीच ऑनलाइन मूल्यांकन (संज्ञानात्मक परीक्षण तथा विषय वस्तु) से गुजरना होगा।

## विश्वस्तरीय सर्जिकल इंटरवेंशन प्रदान करने यूनिहेल्थ ने किया सहयोग

**मुंबई।** यूनिहेल्थ कंसल्टेंसी लिमिटेड भारत के विख्यात ऑर्थोपेडिक और स्पाइन सर्जनों के सहयोग से नाइजीरिया में हेल्थकेयर क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए तैयार है। इस पहल का उद्देश्य कानो, नाइजीरिया में कंपनी के टेरिटरी केयर हॉस्पिटल, यूएमसी जहिर हॉस्पिटल में आम जनता को अत्याधुनिक मेडिकल एक्सपर्टीज प्रदान कर विश्वस्तरीय सर्जिकल इंटरवेंशन प्रदान करना है। यह सहयोग विभिन्न समुदाय की जरूरतें पूरी करने के लिए भौगोलिक सीमाओं को पार कर यूनिहेल्थ की हेल्थकेयर सॉल्यूशंस की दिशा में आगे बढ़ने की वैश्विक प्रतिबद्धता पर रोशनी डालता है। इस क्षेत्र के प्रमुख विशेषज्ञ, डॉ. रोहन गाला और डॉ. गौरव कनाडे यूएमसी जहिर हॉस्पिटल, नाइजीरिया में सहयोगात्मक सर्जिकल कैंप के बारे में उत्साहित है।

## ट्रक ऑपरेटरों का आरोप-11 मील टोल प्लाजा में हो रहा भ्रष्टाचार

# फास्टैग स्टीकर के बावजूद टोल पर नकद देने का दबाव

वाहन चालकों ने परिवहन मंत्री से की भ्रष्टाचार और बदसलूकियों पर रोक लगाने की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶भोपाल




सरकार ने टोल प्लाजा पर वाहनों की लग रही लंबी-लंबी लाइनों को कम करने के लिए फास्टैग के जरिए इलेक्ट्रॉनिक टोलिंग को बढ़ावा दिया है।

लेकिन राजधानी भोपाल के 11 मील चौराहा स्थित टोल प्लाजा में ड्राइवरों को नगद राशि देकर टोल पर्ची कटवाने जो दिया जा रहा है। वाहन चालकों को फास्टैग जरिए टोल जमा किए जाने और नगद राशि नहीं दिए जाने पर टोल के कर्मचारियों द्वारा बदसलूकी के साथ मारपीट की जा रही है। यह आरोप ट्रक ऑपरेटरों ने लगाए और टोल नाके पर वाहन चालकों के साथ यहां के कर्मचारियों द्वारा की जा रही बदसलूकी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया।


मध्यप्रदेश टैंकर वर्कर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अब्दुल रहमान (राजा) के अनुसार टोल प्लाजा पर लंबी-लंबी लाइनों से बचने वाहन मालिकों को गाड़ियों में फास्टैग स्टीकर लगा रखे हैं। ताकि टोल नाके पर टोल टैक्स ऑनलाइन जमा हो और टोल टैक्स का लेखा जोखा दुरूस्त रहे। लेकिन शहर के 11 मील चौराहा स्थित टोल प्लाजा के कर्मचारी टोल टैक्स में कालाबाजारी करने के लिए ड्राइवरों नकद राशि देने का दबाब डाल रहे हैं। अब्दुल रहमान ने बताया कि वाहनों में फास्टैग स्टीकर के बाद भी 11 मिल चौराहे पर नगद राशि की पर्ची काटी जा रही।

नगद राशि से पर्ची कटवाने से मना किए जाने पर 11 मिल टोल टैक्स के कर्मचारियों के द्वारा दादागिरी और बदसलूकी की जाती है। हर गाड़ियों के फास्ट्रेक लगे है जिससे ऑनलाइन पेमेंट होती है। उसके बाद भी बिना टोल नाका के कर्मचारियों द्वारा दादागिरी करना, ड्राइवर से गली करना आम बात हो गई है। कर्मचारियों के इस प्रकार की हरकत से यह सिद्ध हो रहा है कि यहां बड़े लेवल पर भ्रष्टाचार हो रहा है।

एसोसिएशन अध्यक्ष अब्दुल रहमान ने परिवहन मंत्री से मांग की है कि 11 मील चौराहे पर हो रहे भ्रष्टाचार और वाहन चालकों से की जा रही बदसलूकियों पर रोक लगाने सख्त कार्रवाई की जाए।

## स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी ने लांच किए नए सर्टिफिकेट कोर्सेज

**भोपाल।** मध्य भारत के पहले कौशल विश्वविद्यालय स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी भोपाल ने छात्रों के लिए नए हाई एंड सर्टिफिकेट कोर्सेज की शुरुआत की है। इस अवसर पर कार्यक्रम में एनएसडीसी में जीएम-इंपेक्ट फाइनेंसिंग सोनल गुप्ता, भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सुनील भार्गव, मैग्नम ग्रुप में जीएम राजू पांडे, स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिट के कुलपति डॉ. अजय भूषण और कुल सचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा मौजूद रहे। इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप छात्रों को कौशलयुक्त कर रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने के प्रयास के तहत की गई। इस पहल में फ्यूचर स्किल्स डिपार्टमेंट द्वारा जूनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर, प्रोग्रामिंग विथ पायथन, सर्टिफाइड इथिकल हैकर, ग्राफिक डिजाइनर, ड्राइंग एवं डिजिटल आर्ट पर सर्टिफिकेशन कोर्सेज, फैकल्टी ऑफ साइंस द्वारा सोलर पैनल इंस्टॉलेशन, फूड एडल्टरेशन, फूड एवं न्यूट्रीशन, क्रिएटिव,कॉन्टेंट राइटिंग और फैकल्टी ऑफ एजुकेशन द्वारा सर्टिफिकेट कोर्स इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग, सर्टिफिकेट कोर्स इन इंफॉर्मेशन एंड कम्यूनिकेशन टेक्नोलॉजी की शुरुआत की गई है।




## किआ ने पेश की एडैस वाली नई सॉनेट, शुरुआती कीमत 7.99 लाख रुपए

**भोपाल।** कार निर्माता किआ ने अपनी सबसे प्रीमियम कॉम्पैक्ट एसयूवी - नई सॉनेट को 7.99 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) से शुरू होने वाली विशेष प्रारंभिक कीमत पर पेश किया है। किआ के दूसरे सबसे ज्यादा बिकने वाले इनोवेशन के इस नवीनतम संस्करण में 25 सुरक्षा सुविधाएं दी गई हैं, जिसमें 10 ऑटोनॉमस सुविधाओं वाला उत्कृष्ट एडैस और मजबूत 15 हाई-सेफ्टी विशेषताएं शामिल हैं। इस वाहन में 70 से अधिक कनेक्टेड कार सुविधाएं हैं, जैसे कि फाइंड माइ कार विद एसवीएम, जो सॉनेट को सबसे आरामदायक ड्राइव बनाने के लिए कार के आसपास का दृश्य प्रदान करता है और हिंग्लिश कमांड देता है। नई सॉनेट 19 अलग-अलग वेरिएंट में अपनी उपलब्धता के साथ विविध प्रकार के ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है, जिसमें 9.79 लाख रुपए से शुरू होने वाले 5 डीजल मैनुअल वेरिएंट भी शामिल हैं। 10 ऑटोनॉमस फंक्शंस की विशेषता वाला सेगमेंट का बेस्ट एडैस लेवल 1, डीजल और पेट्रोल दोनों इंजंस के लिए टॉप-ऑफ-द-लाइन वेरिएंट में उपलब्ध है। पेट्रोल में जीटी लाइन और एक्स-लाइन वेरिएंट की कीमत क्रमशः 14.50 और 14.69 लाख रुपए और डीजल की कीमत 15.50 और 15.69 लाख रुपए है। इस लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी का यह नवीनतम संस्करण आधुनिक भारतीय ग्राहकों के व्यक्तित्व से गहराई से मेल खाता है।



## बिजनेस न्यूज


### भोपाल मेले में लगा जन्मजात विकलांग बच्चों का प्रशिक्षण शिविर



**भोपाल।** कष्ट तो प्रारब्ध से आता है अर्थात हमारे कर्मों से इसे ईश्वर भी नहीं रोकता, किंतु सेवा से हम इस कष्ट का निवारण करते हैं उस समय ईश्वर के नेत्रों से आनंद के अश्रु आते हैं। उक्त उद्गार भोपाल मेला उत्सव समिति द्वारा आयोजित एक दिवसीय जन्मजात विकलांग एवं बाल अस्थि रोग (सेरेब्रल पॉलिसी) शिविर में करुणा धाम आश्रम के पीठाधीश्वर गुरुदेव सुदेश शांडिल्य ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा की दुआ और बद्दुआ कभी खाली नहीं जाती आप लोग दुआ काम रहे हैं जीवन की यही सच्ची कमाई है। महामंत्री सुनील जैनाविन ने बताया की शिविर में त्रिशला फाउंडेशन इलाहाबाद के डॉक्टर जेके जैन द्वारा 190 जन्मजात विकलांग मरीजों का परीक्षण कर उनके अभिभावकों को परामर्श एवं थेरेपी की ट्रेनिंग दी गई। भोपाल उत्सव मेला समिति द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में जन्मजात मानसिक विकलांग रोगियों की जांच एवं उचित परामर्श कराने के लिए इंदौर, जबलपुर, दमोह, सागर, विदिशा, सिरोंज, खनियाधाना एवं भोपाल के लगभग 190 रजिस्ट्रेशन किए गए भोपाल उत्सव मेले के 31 वें वर्ष में नियमित सेवा कार्य के अंतर्गत इस शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी प्रमोद नेमा मेले के महामंत्री सुनील जैनाविन, उपाध्यक्ष विजय अग्रवाल, प्रदीप गोल्डन वीरेन जैन, डॉ. योगेंद्र मुखरिया, विमल भंडारी ओपी खुराना, डॉ. महेश गुप्ता, श्याम मंगल, मोहन कुशवाहा, पंडित यतींद्र शर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

### एसआरके यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

**भोपाल।** सर्वपल्ली राधाकृष्णन विश्वविधालय के प्रांगण में वेदांत के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ नंद किशोर रजक (प्रशासनिक अधिकारी), एसएस पवार (कुल सचिव), कुलपति रुचि चौबे, सीईओ प्रियंका जयसवाल की उपस्थिति में स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर पुष्प माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। मुख्य अतिथि रजक ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन के पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने शिकागो धर्म सभा सम्मेलन के माध्यम से सर्वप्रथम पूरे विश्व में भारत के सर्वधर्म समभाव के विषय में भारत के अध्यात्मिक विचारों से अवगत कराया।




### शेफाली अल्वरेज की बेहतर परफॉर्मेंस के साथ अथर्व 2024 का समापन

**भोपाल।** मशहूर बॉलीवुड सिंगर शेफाल अल्वरेज की धुंआधार परफॉर्मेंस के साथ अथर्व 2024 का समापन हुआ। मानसरोवर ग्रुप के तीनों आयुर्वेदिक महाविद्यालयों में 12 दिवसीय अथर्व एनुअल फेस्ट का आयोजन किया गया था, जिसके अंतिम दिन डीजे नाइट में युवा भारतीय पार्श्व गायिका शेफाली अल्वरेज के गानों पर विद्यार्थी थिरकते नजर आए। वहीं डीजे चेष्ठा के ट्रैक्स पर युवा झूमते नाचते नजर आए। कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की चांसलर मंजुला तिवारी, चीफ एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर गौरव तिवारी, डायरेक्टर दिशा तिवारी ने किया। इस दौरान आयुर्वेद डायरेक्टर डॉ. बाबुल ताम्रकर, मानसरोवर आयुर्वेदि कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग सिंह राजपूत, श्री साईं के प्राचार्य डॉ. भारत चैरागड़े, फैकल्टी ऑफ आयुर्वेदा के प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह आदि सहित हजारों की संख्या में युवा मौजूद रहे।



### लिटरेचर फेस्टिवल में प्रेम बुक डिपो को मिला अवॉर्ड

**भोपाल।** राजधानी में आयोजित भोपाल लिटरेचर फेस्टिवल के छठवें महाकुंभ में प्रेम बुक डिपो जबलपुर को ज्ञान प्रकाश अवार्ड दिया गया। लगातार 75 साल से शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में काम करने और छात्रों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के कारण यह अवॉर्ड प्रेम बुक डिपो प्राप्त हुआ। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश शासन के सांस्कृतिक विभाग द्वारा भारत भवन में हुआ।



### सैम कन्या महाविद्यालय में हुई 'टाई और डाई हुनर' कार्यशाला

**भोपाल।** सैम कन्या महाविद्यालय एवं हुनर ऑनलाइन कोर्स के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं को रोजगारोन्मुखी बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय टाई एवं डाई हुनर कार्यशाला का आयोजन सैम कन्या महाविद्यालय प्रांगण में किया गया। प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर नीता लुल्ला द्वारा प्रशिक्षित एवं संचालित हुनर क्लासेज से प्रशिक्षक विजया दुबे,नेहा अग्रवाल एवं नज्मीन ख़ान द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं को टाई एंड डाई प्रक्रिया से अवगत कराया स प्रतिभागियों ने बहुत उत्साह के साथ बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यशाला का आयोजन सैम कन्या महाविद्यायल की प्राचार्या डॉ. नीतू बाजपाई एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल प्रमुख डॉ.निहारिका गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ। सैम ग्लोबल विश्वविद्यालय की कुलाधिपति इंजीनियर प्रीती सलूजा द्वारा इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्राचार्या,समस्त सदस्यों एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाए प्रेषित की गई।




### ओरिएंटल इंस्टीट्यूट में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

**भोपाल।** राष्ट्रीय युवा दिवस और स्वामी विवेकानंद जयंती के इस शुभ अवसर पर ओरिएंटल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने ओरिएंटल स्कूल सेमिनार हॉल में विवेकानंद जयंती को विश्व युवा दिवस के रूप में आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन ओआईपीआर (ओरिएंटल इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च), एनएसएस और एनसीसी टीमों के सहयोग से किया गया। साथ ही ओरिएंटल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च के उत्साही छात्रों ने भी भाग लिया। उत्सव में धीरेन्द्र चतुर्वेदी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन में प्रकाश डाला। जो वर्तमान में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में ऊर्जा प्रवाह मध्यभारत के संयोजक के रूप में सेवा कर रहे हैं। उनके शब्दए ज्ञान से भरपूर ने युवा को ज्ञान को अपनाने और उत्कृष्टता की दिशा में प्रेरित किया। इस घड़ी में, एक ध्यान सत्र भी कराया गया, जिसे गया प्रसाद पटेल, बीएसएनएल के लेह के डीजीएम ने कुशलता से पर्यवेक्षित किया। उनके मार्गदर्शन ने समारोह को शांतिपूर्ण समापन दिया। ओरिएंटल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स की तरफ से आरके सहानी, ओरिएंटल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के सीईओ, ओरिएंटल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च के निदेशक, ओरिएंटल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के छात्र कल्याण डीन, प्रोफेसर और छात्र भी उपस्थित थे। एनएसएस, एनसीसी और ओआईपीआर की सक्रिय भागीदारी ने इस घड़ी को युवाए ज्ञान और एकता का यादगार उत्सव बनाया, जो ओरिएंटल स्कूल सेमिनार हॉल में आयोजित हुआ।



### सेंटपॉल में बारहवीं के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई

**भोपाल।** जीवन की लंबी यात्रा में कदम बढ़ाते हुए शाला का अंतिम दिन तरुण नयनों में पलते सुंदर सपनों को लेकर कक्षा बारहवीं के छात्रों के लिए अनुपम एवं यादगार रहा। सेंटपॉल को-एड स्कूल आनंदनगर, भोपाल में कक्षा बारहवीं के छात्रों को भावभीनी विदाई देते हुए बोन वयाज कार्यक्रम 13 जनवरी 2024 को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ । सभी के कल्याण एवं मंगल के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। सर्वधर्म समभाव की भावना के साथ सभी धर्मों के पवित्र ग्रंथों का पाठ किया गया। प्राचार्य फादर जयसन ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन की वास्तविकता को समझने के लिए हमें अपने विश्वास को दृढ़ बनाना होगा एवं अपना कर्म पूर्ण लगन एवं बुद्धिमत्ता से करना होगा। फॉक्सी फोर्स, ग्रुव कैचर्स, हिप-हॉप नृत्य हुए जिसमें प्राचीन एवं आधुनिक नृत्यों का सुंदर संयोजन किया गया। अंजली गुर्जर, अमन शर्मा, दिव्यांशी हरोडे को विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने प्रतिभाशाली विद्यार्थी के रूप में नवाजा गया। मिस्टर सेंटपॉल हर्ष गुप्ता, मिस सेंटपॉल मानवी गुप्ता, मिस्टर ईव इकरम अंसारी और मिस ईव नंदिनी श्रीवास्तव बनी। शाला छात्र-समिति अध्यक्ष अमन शर्मा, कप्तान तुषार पांडे, सचिव प्रेरणा सिंह को अपनी निष्ठा और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया।



### आईआईएम ने किया फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

**संबलपुर।** देश के प्रमुख प्रबंधन संस्थानों में से एक आईआईएम संबलपुर ने ओडिशा कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (ओयूएटी), भुवनेश्वर के एक्जीक्यूटिव्स के लिए अपने कैम्पस में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया। इस प्रोग्राम का आयोजन दो अलग-अलग बैचों में किया गया, जिनमें 36 मिड-कॅरियर फैकल्टी सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस दौरान कृषि क्षेत्र से संबंधित प्रबंधन शिक्षा की दुनिया में लगातार आने वाले परिवर्तनों पर विचार-विमर्श किया गया और फैकल्टी सदस्यों के पेशेवर विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया। आईआईएम संबलपुर के डायरेक्टर प्रोफेसर महादेव जायसवाल ने इस अवसर पर कहा, "फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का प्राथमिक उद्देश्य ओडिशा कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों के पेशेवर विकास को तेज करना और उन्हें एक नई पहचान प्रदान करना है। यह प्रोग्राम प्रबंधन के सामान्य बुनियादी सिद्धांतों के बारे में गहराई से प्रशिक्षण प्रदान करता है। साथ ही, नवीन शैक्षणिक तकनीक, रिसर्च से संबंधित अत्याधुनिक पद्धतियों और विशिष्ट डोमेन के भीतर एडवांस किस्म के विषयों पर गहरी जानकारी प्रदान करता है। प्रोफेसर महादेव जायसवाल ने आगे कहाकि यह वर्तमान दौर की मांग है कि प्रत्येक संगठन ऐसे प्रोफेशनल डेवलपमेंट पर ध्यान दे, जो शिक्षा के व्यावहारिक मार्गदर्शक सिद्धांतों पर आधारित हो।

### कलाकारों ने जाहिर की मकर संक्रांति मनाने की खुशी

**मुंबई।** मकर संक्रांति एक हिंदू त्योहार है जो हर साल हमारे देश के विभिन्न हिस्सों में पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। इस दिन लोग अक्सर अपने घरों में रंगोली बनाते हैं, तिल गुड़ के लड्डू, पूरन पोली जैसी मिठाइयां और अन्य पारंपरिक व्यंजन तैयार करते हैं और पतंग उड़ाने के एक दोस्ताना मुकाबले के लिए छतों पर इकट्ठा होते हैं। इस खास मौके पर 'क्योंकि... सास मां, बहू बेटी होती है' की मानसी जोशी रॉय, 'भाग्य लक्ष्मी' की रोहित सुचंती, 'प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति' के अर्जुन बिजलानी, 'कुमकुम भाग्य' की सिमरन बुधरूप, 'कैसे मुझे तुम मिल गए' की हेमांगी कवि, कुंडली भाग्य के शक्ति आनंद, 'इक कुड़ी पंजाब दी' के मनोज चंदीला, 'रब से है दुआ' की निशिगंधा वाड़ और 'प्यार का पहला नाम राधा मोहन' की स्वाति शाह जैसे जी टीवी के कलाकारों ने योजनाओं के बारे में बात की।

### बजाज फिनसर्व का निफ्टी 50 ईटीएफ और निफ्टी बैंक ईटीएफ लांच

**मुंबई।** बजाज फिनसर्व एएमसी ने नए एक्सचेंज फंड की घोषणा की है। बजाज फिनसर्व निफ्टी 50 ईटीएफ और बजाज फिनसर्व निफ्टी बैंक इटीएफ ये दोनों कंपनी के पहले ईटीएफ प्रोडक्टस है और इनकी शुरुआत एक रणनीतिक कदम है, जिसका उद्देश्य निवेशकों को निवेश का बेहतर और लागत प्रभावी विकल्प प्रदान करना है। ये ईटीएफ भारतीय शेयर बाजार में दो प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स के प्रदर्शन को ट्रैक करते हैं।


## भोपाल विकास प्राधिकरण

विज्ञापन क्रमांक 3845 /सम्पदा/भोविप्रा/ 24 — भोपाल दिनांक 12/01/2024

### प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में स्थित सम्पत्ति के ऑफर एवं नियत मूल्य पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में स्थित सम्पत्ति के ऑफर एवं नियत मूल्य दर पर ऑनलाईन आमंत्रित रिक्त सम्पत्ति जैसेः- भूखण्ड / भवन / प्रकोष्ठ / डूप्लेक्स / हॉल / वाणिज्यक / दुकानें, जो कि निम्न तालिका में वर्णित होकर ऑन लाईन ऑफर वेबसाइट https://vikaspradhikaran.mponline.gov.in के माध्यम से नियत दर / प्रस्ताव दिनांक 15.01.24 से दिनांक 29.01.24 तक आमंत्रित किये जाते है । निर्धारित अवधि में प्राप्त ऑफर / आवेदन पत्र दिनांक 30.01.24 को समय 12.30 बजे खोले जावेंगे।

| क्रं. | योजना का नाम | ऑफर / नियत दर | सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति की संख्या | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मिसरोद फेस-2 | ऑफर | भूखण्ड | 01 | रेरा पंजीयन क्रमांक पी-बी.पी.एल. -17-1018 |
| 2 | मिसरोद फेस-1 | ऑफर | भूखण्ड | 04 | रेरा पंजीयन क्रमांक पी-बी.पी.एल. -20-2629 |
| 3 | गौरी शंकर अफोर्डेबल योजना बर्रई चरण-1 में मिश्रित भूखण्ड | ऑफर | भूखण्ड | 06 | वर्ष 2017 के पूर्व निर्मित |
| 4 | महालक्ष्मी आवासीय परिसर | ऑफर | 2 बीएचके प्रकोष्ठ<br>3 बीएचके प्रकोष्ठ | 32<br>28 | रेरा पंजीयन क्रं. -पी-बी.पी.एल. -17-306 |
| 5 | एयरोसिटी फेस-1 | ऑफर | भूखण्ड | 22 | रेरा पंजीयन क्रं.- पी-बी.पी.एल. -17-246 |
| 6 | नबीबाग | ऑफर | वाणिज्यिक | 11 | रेरा पंजीयन क्रं. -पी-बी.पी.एल. -17-837 |
| 7 | गुरू रविन्द्रनाथ टैगौर साकेत नगर | ऑफर | प्रकोष्ठ | 02 | वर्ष 2017 के पूर्व निर्मित |
| 8 | सोनिया गांधी परिसर (कोटरा सुल्तानाबाद) | ऑफर | प्रकोष्ठ | 01 | वर्ष 2017 के पूर्व निर्मित |
| 9 | अन्नपूर्णा कॉम्प्लेक्स (पी.एण्ड टी चौराहा) | ऑफर | प्रकोष्ठ | 02 | वर्ष 2017 के पूर्व निर्मित |
| 10 | एम.जी. रूसिया नगर, पीपलनेर | ऑफर | डूप्लेक्स | 03 | वर्ष 2017 के पूर्व निर्मित |
| 11 | कटारा हिल्स सेक्टर-ए एवं सी | ऑफर | दुकानें | 31 | वर्ष 2017 के पूर्व निर्मित |
| 12 | आई.एस.बी.टी ( कुशभाऊ ठाकरे ट्रमिनल ) | ऑफर | दुकानें | 01 | वर्ष 2017 के पूर्व निर्मित |
| 13 | गुरु रविन्द्रनाथ टैगौर परिसर ( साकेत नगर ) | ऑफर | दुकानें | 03 | वर्ष 2017 के पूर्व निर्मित |
| 14 | अन्नपूर्णा कॉम्प्लेक्स (पी.एण्ड.टी चौराहा) | ऑफर | दुकान | 01 | वर्ष 2017 के पूर्व निर्मित |
| 15 | पंचशील नगर | ऑफर | दुकानें | 04 | वर्ष 2017 के पूर्व निर्मित |
| 16 | महर्षि पतंजलि | ऑफर | दुकान | 35 | वर्ष 2017 के पूर्व निर्मित |
| 17 | पंडित भीमसेन जोशी परिसर, साकेत नगर (एम्स के पास ) | ऑफर | दुकानें | 02 | वर्ष 2017 के पूर्व निर्मित |
| 18 | माता मंदिर (न्यू मार्केट) | ऑफर | दुकानें | 08 | वर्ष 2017 के पूर्व निर्मित |
| 19 | स्वामी विवेकानन्द परिसर कटारा हिल्स, (भवन) | ऑफर | भवन | 15 | रेरा पंजीयन क्रं. -पी-बी.पी.एल.-21-2845 |
| 20 | स्वामी विवेकानन्द परिसर कटारा हिल्स | ऑफर | प्रकोष्ठ | 46 | वर्ष 2017 के पूर्व निर्मित |
| 21 | स्वामी विवेकानन्द परिसर कटारा हिल्स, स्थित डूप्लेक्स भवनों | ऑफर | भवन एमआईजी / एचआईजी | 02 | वर्ष 2017 के पूर्व निर्मित |
| 22 | एयरोसिटी योजना में (एयरो रेसीडेंसी) | ऑफर | डूप्लेक्स भवन | 80 | रेरा पंजीयन क्र. पी-बी.पी.एल. -17-246 |
| 23 | महर्षि पातंजलि ग्रोदरमउ | नियत दर | प्रकोष्ठ | 22 | वर्ष 2017 के पूर्व निर्मित |
| 24 | स्वामी विवेकानन्द परिसर कटारा हिल्स स्थित ई.डब्लू.एस | नियत दर | ई.डब्लू.एस प्रकोष्ठ | 07 | वर्ष 2017 के पूर्व निर्मित |
| 25 | अमरावद खुर्द | नियत दर | एल.आई.जी डूप्लेक्स | 20 | वर्ष 2017 के पूर्व निर्मित |
| 26 | नवीबाग योजना ( बैरसिया रोड़ ) | नियत दर | 2 बीएचके प्रकोष्ठ<br>1 बीएचके प्रकोष्ठ | 21<br>02 | रेरा पंजीयन क्र. पी-बी.पी.एल. -17-837 |
| 27 | राजाभोज गोदरमउ योजना तलवार प्रकोष्ठ | ऑफर | प्रकोष्ठ | 261 | नगर निगम से कार्य पूर्णताः प्रमाण-पत्र प्राप्त |
| 28 | शहीद भगत सिंह | नियत दर | 1 बीएचके प्रकोष्ठ<br>2 बीएचके प्रकोष्ठ | 19<br>114 | वर्ष 2017 के पूर्व निर्मित |
| 29 | विद्या नगर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स | ऑफर | प्रकोष्ठ | 01 | वर्ष 2017 के पूर्व निर्मित |
| 30 | अमरावर्द खुर्द | ऑफर | शाला भूखण्ड | 02 | वर्ष 2017 के पूर्व निर्मित |
| 31 | 45 मीटर मास्टर प्लान रोड योजना स्थित भूखण्ड बर्रई | ऑफर | भूखण्ड | 01 | - |

नोटः- बेवसाईट पर दिये गये लिंक को ओपन करने के पश्चात् आपको योजना की सम्पूर्ण जानकारी प्रदर्शित होगी, जिसमें सेम्पल फार्म, योजना के मानचित्र तथा प्रकोष्ठ / दुकान / हॉल के मानचित्र व अपलोड करने हेतु विभिन्न आवश्यक अभिलेखों की जानकारी देखी जा सकती है। ऑनलाईन फॉर्म भरने हेतु प्राधिकरण की आई0टी0 सेल से सम्पर्क किया जा सकता है। ऑनलाईन फॉर्म भरने हेतु प्राधिकरण की आई.टी. सेल से सम्पर्क किया जा सकता है। (2) किसी भी प्रकार के बाद / विवाद की स्थिति में माननीय अध्यक्ष भोविप्रा भोपाल का निर्णय मान्य होगा। (3) मध्यप्रदेश शासन एंव प्राधिकरण के द्वारा समय-समय पर निर्धारित किये जाने वाले नियम एवं शर्ते आप पर बंधनाकरी होगी। (4) यदि किसी भी कारण वश ऑफर अस्वीकार किया जाता है तो मान. अध्यक्ष महोदय/ संचालक मण्डल का निर्णय मान्य होगा। (5) विज्ञापन में प्रकाशित नियम एवं शर्तें तथा आवंटन पत्र में उल्लेखित नियम एवं शर्ते आप पर बंधनकारी होगी।

आवश्यकतानुसार जानकारी हेतु सम्पर्कः- 1- श्री रवि सिंह मो. 8770234380

सम्पदा अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण
भोपाल

## चिंतन

# डब्ल्यूईएफ से वैश्विक अर्थव्यवस्था को उम्मीदें

आज जब विश्व कई आर्थिक संकटों का सामना कर रहा है, पिछले एक दशक से वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार सुस्त बनी हुई है, कई बार सरकारें भुगतान संकट में फंस चुकी हैं, रूस व यूक्रेन जंग, हमास व इजराइल संघर्ष, पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई आदि के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था पर आसन्न संकट बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में सोमवार से दावोस में शुरू हो रहे विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक पर विश्व की निगाहें टिकी हुई हैं। रविवार को कई देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) ने यूक्रेन शांति सूत्र पर चर्चा के लिए एक बैठक की। भारत और कई अन्य देश यूक्रेन में शांति बहाली पर जोर दे रहे हैं। पहली बार दुनियाभर के 90 राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक का गवाह दावोस बना है। स्विट्जरलैंड के खूबसूरत शहर दावोस में शुक्रवार तक चलने वाली बैठकों में सैकड़ों देशों के 2,800 से अधिक नेता विश्व के तमाम मुद्दों पर चर्चा करेंगे। गाजा से लेकर यूक्रेन में संघर्ष, अंटार्कटिका या अमेजन में जलवायु परिवर्तन के खतरे, एआई के उत्पन्न डीपफेक समस्या और चुनाव को इससे खतरे, उभरते बाजारों से लेकर विकसित दुनिया तक में आर्थिक संकट तक डब्ल्यूईएफ में चर्चा का विषय होंगे। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक का दायरा इस साल बड़ा है। डब्ल्यूईएफ के साथ दावोस का वार्षिक संबंध 1971 में शुरू हुआ जब मंच को यूरोपीय प्रबंधन मंच के रूप में जाना जाता था। उस वर्ष, डब्ल्यूईएफ के संस्थापक क्लॉस श्वाब ने यूरोपीय आयोग के संरक्षण में दावोस कांग्रेस सेंटर में एक बैठक के लिए 400 से अधिक यूरोपीय व्यापारिक हस्तियों को आमंत्रित किया था। इस 54वीं विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में 60 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष तथा शासनाध्यक्ष शामिल होंगे। भारत की ओर से तीन केंद्रीय मंत्री, तीन मुख्यमंत्री, उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगी और 100 से अधिक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) इसमें शिरकत करेंगे। विश्व आर्थिक मंच पांच दशक से अधिक समय से दावोस में इस बैठक की मेजबानी कर रहा है। कई मौकों पर यहां प्रमुख चिंताओं के लिए सकारात्मक परिणाम निकाले गए हैं। मंच खुद को दुनिया की स्थिति में सुधार के लिए प्रतिबद्ध सार्वजनिक-निजी सहयोग के लिए एक अंतरराष्ट्रीय संगठन के रूप में पेश करता है। बैठक से पहले ऑनलाइन आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में डब्ल्यूईएफ के अध्यक्ष बोर्गे ब्रेंडे ने कहा कि यह बैठक बेहद जटिल और सबसे चुनौतीपूर्ण भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक परिदृश्य में होगी। इस साल वार्षिक बैठक का विषय 'रीबिल्डिंग ट्रस्ट' (फिर से भरोसा कायम करना) है। इस समय दुनिया गंभीर रूप से भरोसे के संकट से गुजर रही है। अमेरिका, चीन, रूस, ईरान समेत कई देश हैं जो अपने अपने हित के लिए ग्लोबल गोलबंदी में फंसे पड़े हैं। डब्ल्यूईएफ का कहना है कि बैठक आर्थिक वृद्धि, जलवायु तथा प्रकृति कार्रवाई, ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी प्रशासन और मानव विकास सहित वैश्विक अनिवार्यताओं पर बातचीत, सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देगी। अगर डब्ल्यूईएफ की बैठकों से विश्व में चल रहे आर्थिक संकटों का हल निकालने की दिशा में कुछ भी ठोस कार्ययोजना तैयार हो सकी तो यह बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी। इस वक्त खाद्यान्न संकट, ऊर्जा संकट, ईंधन आपूर्ति, हरित विकास आदि प्रमुख ग्लोबल आर्थिक समस्या बने हुए हैं।

# हमारी सेना हर मुकाबले को तैयार



सेना दिवस
डॉ. एल.एस. यादव

चीन व पाकिस्तान की सीमा पर बेहतर निगरानी के लिए जल्द ही नया सैटेलाइट बनाया जाएगा। चीन व पाक से किसी भी स्थिति में निपटने के लिए भारतीय सेना ने जम्मू कश्मीर की उत्तरी व पश्चिम सीमा पर स्वदेश निर्मित हाईटेक ड्रोन की तैनाती कर रखी है। लद्दाख क्षेत्र में सीमा पर टैंक व सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की तैनाती कर दी गई है। सीमा पर सड़कों के जाल बिछाया गया है। सैन्य ताकत के रूप में भारतीय थल सेना में इस समय 14 लाख सक्रिय सैनिक हैं। इसके अलावा 3565 युद्धक टैंक, लड़ाई में प्रयोग आने वाले वाहन 3100, आर्म्ड पर्सनल कैरियर्स 336 तथा आर्टिलरी गन 9729 हैं। इसके अतिरिक्त सेना के पास परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अनेक प्रकार की मिसाइलें हैं।

सेना दिवस स्वतन्त्र भारत के इतिहास का वह स्वर्णिम अवसर है जब 15 जनवरी 1949 को सेना प्रमुख के तौर पर एक भारतीय नागरिक लेफ्टिनेंट जनरल के.एम.करियप्पा को तत्कालीन ब्रिटिश कमान्डर-इन-चीफ जनरल सर फ्रांसिस बूचर से सेना की आधिकारिक कमान सौंप दी गई थी। इसके अगले वर्ष 1950 से 15 जनवरी को देश में सेना दिवस मनाए जाने की परम्परा की शुरूआत हुई। तब से सेना ने देश को सही मायने में अखण्ड भारत बनाए रखने में शीर्ष योगदान दिया है। यही नहीं तबसे भारतीय सेना की ताकत में भी लगातार इजाफा हुआ है।

चीन की सीमा पर उसके साथ पिछले वर्ष जो तनाव शुरू हुआ था वह अभी तक समाप्त नहीं हुआ है। अब चीन सीमा के नजदीक सेना पूरे वर्ष मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहेगी, क्योंकि रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण सेला टनल के तैयार हो जाने से भारतीय सेना के जवानों की पहुंच हर मौसम में चीन सीमा तक बनी रहेगी। यह टनल चीन सीमा तक पहुंचने के लिए प्राकृतिक रास्ते सेला दर्रे से 4200 मीटर नीचे खुदाई करके बनाई गई है। सेला दर्रा जहां साल के अधिक दिनों बर्फ से ढके रहने के कारण बंद रहता है वहीं सेला टनल पूरे वर्ष आवागमन के लिए खुली रहेगी। इस टनल की मदद से भारतीय सेना आसानी से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों एवं हथियारों की तैनाती कर सकेगी। यह टनल चीन के सीमावर्ती इलाके से अरुणाचल प्रदेश और देश के बाकी हिस्से को पूरे वर्ष जोड़े रखेगी। इस सुरंग का शिलान्यास 1 अप्रैल 2019 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। योजना के मुताबिक इसे तीन वर्षों में पूरा किया जाना था, परन्तु कोविड के कारण इसे समय पर पूरा नहीं किया जा सका। अब इसका काम पूरा होने वाला है और जनवरी 2024 में प्रधानमंत्री कभी भी इसे देश को समर्पित कर सकते हैं।

चीन ने पैंगांग झील के उत्तरी हिस्से में अपनी सेनाएं तैनात कर रखी हैं, जिससे यह स्पष्ट है कि इस इलाके में उसकी मंशा पीछे हटने की नहीं है। ऐसे में भारतीय सेना अपने नियंत्रण वाले उंचाइयों के स्थानों को छोड़ने के पक्ष में बिल्कुल नहीं है। चीन सीमा पर भयंकर सर्दी पड़ने के कारण मौसम खराब रहता है इसके बावजूद सेना ने वहां पर जमे रहने की अपनी पूरी तैयारी कर रखी है। ऐसे में चीन सीमा पर बराबर लम्बे समय तक डटे रहने और सर्दी से बचने के उपायों की तैयारी पूरी कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि दोनों देशों की सेनाओं के कमांडरों के बीच कई दौर की वार्ता के बेनतीजा रही है। ऐसे में एलएसी पर तैनाती बनाए रखना आवश्यक है क्योंकि चीन ने अरुणाचल प्रदेश से लद्दाख तक, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखण्ड से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा तक अपनी सैन्य तैयारी बढ़ा रखी है।

चालू वर्ष में भारतीय सेना हल्की बुलेटप्रूफ जैकेट से लैस हो जाएगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की मांग पर दुनिया की पहली बीआईएस लेबल 5 एवं बीआईएस लेबल 6 की सबसे हल्की एवं मजबूत मेड इन इंडिया अभेद्य दो तरह की बुलेटप्रूफ



जैकेट बनाने में सफलता हासिल कर ली है। इसके अनेक परीक्षणों के बाद डीआरडीओ ने इस स्वदेशी हल्की बुलेटप्रूफ जैकेट की स्वीकृति प्रदान कर दी है। बीआईएस लेबल 5 बुलेटप्रूफ जैकेट का वजन 8.2 किलोग्राम और बीआईएस लेबल 6 बुलेटप्रूफ जैकेट का वजन 9.2 किलोग्राम है जो विदेशी जैकेटों की तुलना में क्रमशः एक व ढाई किलोग्राम कम है। फिलहाल भारतीय सेना के जवान बीआईएस लेबल 5 की 10 किलोग्राम वजन वाली विदेशी जैकेटों का प्रयोग करते हैं। नई जैकेट वजन में हल्की होने के साथ ही साइज में अधिक चौड़ी हैं और स्नाइपर गन की 6 से 8 गोलियां झेल सकती हैं।

चीन व पाकिस्तान की सीमा पर बेहतर निगरानी के लिए थल सेना की सभी कमांड केन्द्र व अन्य सेनाओं से तालमेल बनाए रखने हेतु जल्द ही नया सैटेलाइट बनाया जाएगा। इसका निर्माण इसरो द्वारा किया जाना है। इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने गत वर्ष न्यू स्पेस इंडिया से 2963 करोड़ रुपये का समझौता किया था। यह सैन्य उपग्रह तकरीबन पांच टन वजन का होगा। यह एक एडवांस्ड कम्यूनिकेशन सैटेलाइट होगा जो सेना के हर मिशन की सटीक जानकारी देगा और खुफिया संचार में भी मदद करेगा। यूं तो भारतीय सेना के पास अनेक तरह के सैन्य उपग्रह हैं, लेकिन यह नई सीरीज का आधुनिक उपग्रह होगा। यह एक प्रकार का जियोस्टेशनरी उपग्रह होगा जिससे रियल टाइम इमेजरी हो सकेगी तथा इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस के जरिए सर्विलांस करना आसान होगा। उल्लेखनीय है कि इसरो भारतीय सेना के लिए कई सैन्य उपग्रह बना चुका है। आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस की महत्ता को देखते हुए भारतीय सेना इसके प्रयोग पर फोकस कर रही है। चीन व पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों से किसी भी स्थिति में निपटने के लिए भारतीय सेना ने जम्मू कश्मीर की उत्तरी व पश्चिम सीमा पर स्वदेश निर्मित हाईटेक ड्रोन की तैनाती कर रखी है। ये पहाड़ी इलाकों में वजन ले जाने में भी सक्षम हैं। चीन सीमा पर सैन्य ऑपरेशन के दौरान गोला-बारुद की आपूर्ति, मशीनगनों और राइफलों के मेंटिनेंस पर भी सेना सजग है। इन मसलों को लेकर अक्टूबर 2023 में मध्य भारत एरिया के सैन्य मुख्यालय में 6 राज्यों के सैन्य कमांडर एवं वरिष्ठ सैन्य अधिकारी एकत्र हुए थे। इसमें मुख्य मुद्दा गोला-बारूद के स्टॉक को तत्काल सीमा तक पहुंचाने का था। इसके साथ ही सेना की भविष्य की रणनीति व सामरिक तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया।

चीन सीमा पर जारी तनाव को देखते हुए भारतीय सेना ने अपनी हवाई रक्षा क्षमता को बढ़ावा देने की दिशा में भी अपने कदम बढ़ा लिए हैं। इसके लिए सेना ने जमीन से हवा में मार करने में सक्षम मिसाइल रेजिमेंट को गठित किया है। अत्याधुनिक स्वदेशी हथियार प्रणाली से सुसज्जित यह रेजिमेंट हवाई क्षेत्र में शत्रु के किसी भी दुस्साहस का उत्तर देने तथा जमीन से हवा में मिसाइल फायर करने में सक्षम है। यह रेजीमेंट लड़ाकू विमानों, यूएवी, हेलीकॉप्टर, सुपरसोनिक मिसाइल जैसे हवाई लक्ष्यों का एक साथ सामना करने एवं हवाई सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम है। लद्दाख क्षेत्र में सीमा पर टैंक व सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की तैनाती कर दी गई है। सेना की आपूर्ति व्यवस्था में कोई परेशानी न आए, इसके लिए सीमा पर बिछाई गई सड़कों के जाल ने स्थिति को बेहतर बना दिया है। सैन्य ताकत के रूप में भारतीय थल सेना में इस समय 14 लाख सक्रिय सैनिक हैं। इसके अलावा 3565 युद्धक टैंक, लड़ाई में प्रयोग आने वाले वाहन 3100, आर्म्ड पर्सनल कैरियर्स 336 तथा आर्टिलरी गन 9729 हैं। इसके अतिरिक्त सेना के पास परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अनेक प्रकार की मिसाइलें हैं। ऐसी ताकतवर सेना किसी भी शत्रु सेना को हर क्षेत्र में पराजित करने के लिए सक्षम है।

(लेखक सैन्य विज्ञान विषय के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## नया शोध

बाल मुकुन्द ओझा



# बोतलबंद पानी सेहत के लिए अत्यंत जहरीला

आजकल बोतल का पानी पीने का रिवाज व्यापक रूप से प्रचलन में है। घर हो या बाहर हर जगह बोतल का पानी सर्व सुलभ है। इस पर हुए अनेक शोध में बोतलबंद पानी को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया गया है। हाल ही में इसे लेकर हुए एक नए शोध में कई हैरान करने वाले खुलासे हुए। अमेरिका में हुए नए अध्ययन में सामने आया है कि दुकानों में बिकने वाले बोतलबंद पानी में लाखों छोटे-छोटे प्लास्टिक के कण होते हैं, जो शरीर की कोशिकाओं को प्रभावित कर सकते हैं। शोध में स्पष्ट रूप से इस पानी को जहरीला बताया। रिपोर्ट में बताया गया है पानी की बोतल में मिलियन की संख्या में छोटे प्लास्टिक के टुकड़े होते हैं जो शरीर के विभिन्न अंगों को हानि पहुंचा सकते हैं। वैज्ञानिकों ने पहली बार दोहरे लेजर का उपयोग करके माइक्रोस्कोप द्वारा पता लगाया है कि बोतलबंद पानी के औसत लीटर में दो मिलियन से अधिक छोटे नैनोप्लास्टिक के अदृश्य टुकड़े होते हैं। कोलंबिया एंड रटगर्स यूनिवर्सिटीज के शोधकर्ताओं पता लगाया है कि तीन कॉमन बोतलबंद वाटर ब्रांड के प्रत्येक के पांच नमूनों को देखते हुए पाया एक लीटर पानी में 1,10,000 से 4,00,000 प्लास्टिक के टुकड़े थे, जो औसतन लगभग 2,40,000 हैं। ऐसे कण हैं जिनका आकार एक माइक्रोन से भी कम है। एक इंच में 25,400 माइक्रोन होते हैं - जिन्हें माइक्रोमीटर भी कहा जाता है क्योंकि यह एक मीटर का दस लाखवां हिस्सा होता है। एक इंसान का बाल लगभग 83 माइक्रोन चौड़ा होता है।


अध्ययनों में थोड़े बड़े माइक्रोप्लास्टिक्स पाए गए थे जिनकी रेंज 5 मिलीमीटर से लेकर एक चौथाई इंच से भी कम, एक माइक्रोन तक है। अध्ययन में पाया गया कि बोतलबंद पानी में माइक्रोप्लास्टिक की तुलना में लगभग 10 से 100 गुना अधिक नैनोप्लास्टिक पाए गए। आज घर घर में प्लास्टिक ने अपना कब्ज़ा जमा लिया है। एक मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार प्लास्टिक की बोलत में पानी पीने से डायबिटीज सहित शरीर के विभिन्न अंगों में स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या भी हो सकती है। ये बोलतें बाइफिनाइल एक एस्ट्रोजन-मिमिकिंग केमिकल होता है, जो डायबिटीज, मोटापा, प्रजनन संबंधी समस्याएं, व्यवहार संबंधी समस्याएं और लड़कियों में जल्दी प्यूबर्टी का कारण बनता है। बताया जाता है प्लास्टिक से होने वाली हानि से सुरक्षित रहने के लिए प्लास्टिक की बोतल के बजाय तांबे, कांच या स्टेनलेस स्टील की बोतल से पानी पीना अधिक सुरक्षित है ।

पीने के पानी से लेकर खाने की प्लेट तक प्लास्टिक हमारी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन गया है। प्लास्टिक सस्ता और आसानी से उपलब्ध होने वाला विकल्प है। इसलिए हमारी रोजमर्रा की चीजें या तो प्लास्टिक से बनी होती हैं या उनके निर्माण में प्लास्टिक की भूमिका होती है। केन्द्रीय पर्यावरण नियन्त्रण बोर्ड के एक अध्ययन के मुताबिक एक व्यक्ति एक साल में 6 से 7 किलो प्लास्टिक कचरा बिखेरता है। इस प्लास्टिक कचरे से नालियां बंद हो जाती है, धरती की उर्वरा शक्ति खत्म हो जाती है, भूगर्भ का जल अपेय बन जाता है, रंगीन से कैंसर जैसे असाध्य रोग हो जाते हैं। आज वैश्विक स्तर पर प्रतिव्यक्ति प्लास्टिक का उपयोग जहां 18 किलोग्राम है वहीं इसका रिसायक्लिंग मात्र 15.2 प्रतिशत ही है। प्लास्टिक प्रदूषण मानव जीवन के समक्ष एक बड़े खतरे के रूप में उभरा है।

देश और दुनिया में शायद ही कोई ऐसा घर, ऑफिस या कोई जगह हो जहां प्लास्टिक का उपयोग ना होता हो। यह सही है की प्लास्टिक के उपयोग ने मनुष्य के जीवन को बहुत सरल बना दिया है। लेकिन इसका व्यापक स्तर पर उपयोग होने की वजह से यह अब धरती पर रहने वाले प्रत्येक जीव के लिए खतरा बनता जा रहा है। भारत में प्रत्येक दिन 9205 टन प्लास्टिक का कचरा जमा होता है और इसे रिसाइकल किया जाता है. इसके साथ ही करीब 6100 टन ऐसा प्लास्टिक कचरा होता है, जो धरती पर स्थित नदी, नालों और पर्वतों पर ही पड़ा रहता है। एक रिपोर्ट के अनुसार अकेला भारत देश हर वर्ष 56 लाख टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न करता है। रिपोर्ट के मुताबिक प्लास्टिक का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होने के कारण इसका निपटारा करना दुनिया के लिए एक गंभीर चुनौती है। प्लास्टिक का नष्ट होना 500 से 700 साल बाद शुरू होता है और प्लास्टिक को पूरी तरह से नष्ट होने में 1000 साल का समय लगता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



संकलित
दर्शन

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ज्ञातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्त्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है।

# अच्छे कार्य करने से गुरु शिष्य को कभी न रोके



संकलित
प्रेरणा

दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य बताए गए हैं। भगवान शिव ने शुक्राचार्य को मृत संजीवन विद्या दी थी। इस विद्या से शुक्राचार्य मरे हुए दैत्यों को फिर से जीवित कर देते थे। जब दैत्यराज बलि का राज था। तब एक दिन भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और बलि के पास पहुंचे। बलि अपनी दानवीरता की वजह से बहुत प्रसिद्ध थे। वे किसी भी मांगने वाले को खाली हाथ नहीं जाने देते थे। राजा बलि उस समय यज्ञ कर रहे थे। बलि ने वामन देव को देखा तो वह उनके पास पहुंचा। वामन देव ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी। शुक्राचार्य वामन देव को पहचान गए थे कि ये विष्णु जी हैं। इसलिए उन्होंने बलि को दान देने से रोकना चाहा। राजा बलि ने अपने गुरु की बात नहीं मानी और वामन देव को दान देने के लिए तैयार हो गए। तब शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में सूक्ष्म रूप में बैठ गए, जिससे की पानी बाहर न आए और राजा बलि भूमि दान करने का संकल्प न ले सकें। वामन भगवान जानते थे कि शुक्राचार्य बलि के कमंडल में बैठे हैं। उन्होंने बलि के कमंडल में एक तिनका डाल दिया, जिससे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। इसके बाद शुक्राचार्य कमंडल से बाहर आ गए और बलि ने वामन देव को भूमि दान दे दी। अगर कोई गुरु अपने शिष्य को नेक काम करने से रोकता है तो उसे इसका बुरा फल भोगना पड़ता है।

## पोंगल पर झूमे कलाकार



रविवार को नई दिल्ली में पोंगल त्योहार के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार।


## आज की पाती

### ऑनलाइन शॉपिंग में बढ़ी मुश्किलें

आजकल देश में ऑनलाइन शॉपिंग का दौर भी पूरे जोरों पर शुरू हो चुका है, क्योंकि इससे खासतौर पर उन्हें फायदा होता है जो समय के अभाव के कारण शॉपिंग करने बाजार नहीं जा सकते। लेकिन कभी कभी यह शॉपिंग लोगों के लिए मुश्किल भी पैदा कर देती है। अक्सर यह खबर भी पढ़ने और सुनने को मिलती है कि किसी ने सामान मंगवाया कुछ होता है और संबंधित कंपनी भेज कुछ और देती है, या फिर वो सामान का बिल नहीं भेजती। कुछ ऑनलाइन कंपनियां ऐसी भी हैं जो सोशल साइट्स पर लोगों को अपने जाल में फंसाकर पुराना या घटिया सामान भी बेचती हैं। सरकार को चाहिए कि ऑनलाइन शॉपिंग में उपभोक्ताओं के हित सुरक्षित करने के लिए भी कोई कठोर कदम उठाए। सरकार को आम उपभोक्ताओं के पक्ष में कोई कानून बनाना चाहिए। – *कमल किशोर पांडे, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# इजराइल हमास के खिलाफ जीत मिलने तक लड़ेगा



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में जारी युद्ध के 100 दिन पूरे होने के बीच कहा कि इजराइल हमास के खिलाफ जीत मिलने तक युद्ध जारी रखेगा और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) समेत कोई उसे रोक नहीं सकता। संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने दक्षिण अफ्रीका के इन आरोपों को लेकर दो दिन सुनवाई की कि इजराइल फलस्तीनियों का जनसंहार कर रहा है। इजराइल ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। नेतन्याहू ने आईसीजे में सुनवाई के बाद यह बयान दिया। दक्षिण अफ्रीका ने न्यायालय से इजराइल को यह आदेश देने का अनुरोध किया है कि वह अपने भीषण हवाई और जमीनी हमलों को अंतरिम कदम के तहत रोके। आईसीजे का मुख्यालय हेग में है। नेतन्याहू ने ईरान और उसके सहयोगी मिलिशिया का जिक्र करते हुए शनिवार शाम को टेलीविजन पर प्रसारित टिप्पणियों में कहा, 'हमें कोई नहीं रोकेगा, न हेग, न कोई और।' अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के समक्ष मामले की सुनवाई वर्षों तक चलने की संभावना है लेकिन अंतरिम कदमों पर फैसला कुछ हफ्तों के भीतर आ सकता है। न्यायालय के फैसले बाध्यकारी हैं लेकिन उन्हें लागू करना कठिन है।

## ऑफ बीट

# जिज्ञासु बच्चों का सवाल : दुनिया में कितना पैसा है?



लंदन के 10 वर्षीय सुबामे का सवाल है कि दुनिया में कितना पैसा है? अगर हम यह कहें कि दुनिया में कितना धन है तो इसकी शुरुआत लोगों की जेब, गुल्लक, अलमारी तथा नकदी मशीनों में रखे सभी नोट और सिक्कों की गिनती से करना सही होगा। चलिए पाउंड से शुरू करें। सिक्कों और नोट के रूप में करीब 84 अरब पाउंड की ब्रिटिश मुद्रा है। साथ ही 2,236 अरब डॉलर अमेरिकी मुद्रा, 1,578 अरब यूरो की यूरोपीय संघ की मुद्रा और 9,616 अरब युआन की चीनी मुद्रा के साथ ही कई अन्य मुद्रा में धन मौजूद है। चूँकि हर देश में पैसा एक जैसा नहीं होता है, दुनिया के सभी सिक्कों और नोटों को जोड़ने का मतलब है कि आपको यह मापने की ज़रूरत है कि ब्रिटिश पाउंड में एक अमेरिकी डॉलर, एक भारतीय रुपया या एक चीनी युआन का मूल्य कितना है। अगर ताजा उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार ऐसा किया जाए तो इसके जोड़ने पर कुल 6,113 अरब पाउंड बैठेगा। यह धन राशि बहुत तेजी से बदल सकती है। और हो सकता है कि जब आप इस लेख को पढ़ें तो यह पहले ही पुरानी हो जाए। इसका आंशिक कारण यह है कि देश हर समय पैसा छापते रहते हैं।

## ट्रेंड

### समर्पण के प्रतीक सैनिक



सैनिक सीमाओं के सजग प्रहरी ही नहीं, राष्ट्र के प्रति त्याग और समर्पण के भी प्रतीक हैं। सैनिक केवल अपने परिवार के बारे में नहीं सोचता बल्कि देश और समाज को सुरक्षित रखने की सदा चिंता करता है।

-कलराज मिश्र, राज्यपाल, राजस्थान

### एफसीआई भ्रष्टाचारमुक्त बने



भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करे, परिचालन लागत घटाए, 'भ्रष्टाचार-मुक्त' बने। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत किसानों और गरीब लाभार्थियों का भरोसा जीते।

-पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री

### इतिहास दोहराएगा



'टाइगर जिंदा है' और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस) 2004 का वह इतिहास इस बार दोहराएगा, जब 'भारत उदय' अभियान के बावजूद भाजपा को पराजित किया गया था।

-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

### प्रतिभा नहीं है क्या



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास क्या अपनी कोई प्रतिभा नहीं है। भाजपा के उन कार्यकर्ताओं का क्या जिन्होंने पार्टी के लिए कड़ी मेहनत की है। उनका यह बयान पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा के कांग्रेस छोड़ने की पृष्ठभूमि में आया है।

-सुप्रिया सुले, राकांपा नेता

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।



भगवान शिव का किया विशेष श्रृंगार, सुबह आरती में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

# मकर संक्रांति... भोजपुर में तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ आज, प्रशासन ने किए इंतजाम

◆ सोमवार और मकर संक्रांति के चलते भोजपुर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में इस साल मकर संक्रांति 15 जनवरी को मनाई जाएगी। रविवार होने के कारण भोजपुर में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से शुरू हो गई थी।

सोमवार और मकर संक्रांति पर्व के चलते भोजपुर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसे देखते हुए प्रशासन ने पर्याप्त व्यवस्था की है। यहां वर्षों से तीन दिवसीय मकर संक्रांति मेले का



आयोजन करने की परंपरा रही है। शिवधाम भोजपुर के पुजारी अनूप गिरी गोस्वामी ने बताया कि एक दिन पूर्व ही शिव मंदिर को दर्शनार्थियों के लिए फूलों से सजाया गया है।

रविवार को सुबह श्रद्धालुओं आरती में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए। तारीख के अनुसार कुछ लोग रविवार से ही दान पुण्य कर मकर संक्रांति का पुण्य अर्जित किया।


पूर्व सरपंच शैलेंद्र गिरी गोस्वामी ने बताया कि रविवार और सोमवार को मकर संक्रांति मनाई जाएगी। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही दूर-दराज से भी श्रद्धालु पहुंचेंगे।

## सिख समाज ने उत्साह से मनाया लोहड़ी, दी बधाई

**औबेदुल्लागंज।** सिख समाज की महिलाओं ने समाज में खुशियां और उन्नति बनी रहे, सभी परिवारों में भगवान का आशीर्वाद बना रहे। इस अवसर पर लोहड़ी जलाकर सभी परिक्रमा की और एक दूसरे को बधाइयां दी।

लोहड़ी पर समाज की महिलाओं ने पारंपरिक पंजाबी सूट पहनकर लोकगीत गए और तिल, गुड़ और मूमफली लोहड़ी को अर्पित की। पवित्र कौर ने नगर और समाज की उन्नति के लिए लोहड़ी के सामने खड़े होकर अरदास की और सभी परिवारों को बधाई दी। वहीं जिस घर में नववधु का आगमन हुआ, उनको रेबड़ियां और अन्य खाद्य वस्तुएं उपहार में देकर बधाई दी।

## खबर संक्षेप



### खेड़ापति माता मंदिर में होंगे धार्मिक आयोजन

**औबेदुल्लागंज।** हिरानिया मैं 100 साल पुराना खेड़ापति माता मंदिर में 21 एवं 22 जनवरी को भगवान श्री राम की विशेष पूजा अर्चना, आरती और सुंदरकांड का पाठ की तैयारी जोरों पर है। मंदिर कमेटी अध्यक्ष डॉक्टर माखन नागर, सहयोगी जेपी मिश्रा, जेपी शर्मा, रामेश्वर नागर, योगेश तिवारी, नरेंद्र शर्मा, मेहताब नागर, डॉक्टर सीएल नागर, उमेश नागर, पूर्व पार्षद ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के समय हम सब श्रीराम नाम का जाप किया जाएगा। वहीं एलसीडी पर अयोध्या धाम का सीधा प्रसारण भी दिखाया जाएगा। कार्यक्रम के लिए मंदिर को आकर्षक सजाया जाएगा।

### महावीर कॉलोनी में भागवत कथा का समापन



**औबेदुल्लागंज।** महावीर कॉलोनी में भागवत कथा का समापन हो गया। यहां महिलाओं ने सामूहिक रूप से कथा कर वातावरण धर्ममय बनाया। पार्वती, लक्ष्मी बाई, संतोष भाई, कथा वाचक मनोज तिवारी ने कथा में मानव जीवन पर प्रकाश डाला। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। डॉ. भूपेंद्र नागर, दीपू परमार, कुंवर सिंह नागर, विकास श्रीवास्तव, पंकज नागरानी, संजय सिंह चौहान, पवन मालवीय, परसाई आदि ने सफल आयोजन की प्रशंसा की।

### 21 जनवरी तक मंदिरों में की जाएगी सफाई

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 15 से 21 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें सभी मंदिरों और पूजा स्थलों के आसपास क्षेत्र में साफ-सफाई के साथ मंदिरों को सुसज्जित किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव ने बताया कि संगठन द्वारा नगर के सभी वार्डों में स्थित सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

### कैनरा बैंक एटीएम में तोड़फोड़, चोरी का प्रयास

**भोपाल।** टीटी नगर स्थित मालवीय नगर में केनरा बैंक एटीएम बूथ पर शनिवार-रविवार की दरमियानी रात एक बदमाश घुस गया। उसने मशीन पर तोड़फोड़ की और मशीन की स्क्रीन को तोड़ दी। इतना ही नहीं उसने एटीएम के केबल भी काट लिए। वह केश ट्रै तक नहीं पहुंच सका तो सीलिंग उखाड़ दी। चोर के सारे प्रयास करने के बाद जब असफल रहा तो एटीएम बूथ से निकलकर भाग गया। घटना की जानकारी रविवार दोपहर मिलने के बाद ब्रांच मैनेजर ने पुलिस को शिकायत की थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार मालवीय नगर में चार महीने पहले केनरा बैंक की शाखा खुली है।

जाम में बाइक टकराने पर विवाद

## युवकों ने की मारपीट, बाइक पर पत्थर पटककर की तोड़फोड

ट्रैफिक जाम होने पर बाइक निकलवा रहे युवक और उसके साथी से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित साईं मंदिर के पास द्वारिका नगर में शनिवार रात सड़क पर लगे जाम में दो बाइक आपस में टकरा गई। बाइक टकराने से बाइक सवार युवकों में मामूली कहासुनी हुई और जाम लगने लगा। इसी बीच वहां खड़े युवक ने हस्तक्षेप किया तो विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर वहां मौजूद एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक और उसके दोस्त से मारपीट की और उनकी बाइक पर पत्थर पटक दिया।

पुलिस के अनुसार मिनहाल खान पिता नासिर हुसैन (24) अग्रवाल नर्सिंग होम्स के पीछे चांदबड़ में रहता है और निजी बैंक में रिकवरी का काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि वह अपने साथी सोयेब के साथ बाइक से जा रहा था। द्वारिका नगर, साईं मंदिर के पास जाम लगने लगा और वह बाइक से उतर गया। वह जाम निकालने का प्रयास करने लगा। इसी बीच जल्दी निकलने के प्रयास में दो बाइक आपस में टकरा गई। बाइक टकराने से विवाद हो गया और जाम बढ़ने लगा।



### पुलिस ने विभिन्न धाराओं में दर्ज किया मामला

मिनहाल ने बाइक वालों से कहा कि विवाद मत करो, जाम बढ़ रहा है। इसी बीच वहां लीला किशन और उसके साथी पहुंच गए। उन्होंने मिनहाल और उसके साथी से उसका नाम पूछा। नाम पूछने के बाद लीला किशन ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनसे मारपीट शुरू कर दी। मिनहाल और नव बहार कॉलोनी छोला निवासी सोयेब बाइक छोड़कर वहां से भाग निकले। इसी बीच एक आरोपी ने सोयेब की बाइक पर बड़ा सा पत्थर उठाकर पटक दिया। विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर पूछताछ की तो पता चला कि विवाद करने वाला व्यक्ति लीला किशन कुशवाह था। इसके बाद पुलिस ने उसके और उसके साथियों के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़ समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।


रात करीब पौने 10 बजे दुकान से सामान लेकर घर लौट रहा था नाबालिग

# सड़क पार कर रहे किशोर को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत; ड्राइवर हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कान्हासइया में शनिवार रात सड़क पार कर रहे नाबालिग को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल नाबालिग को इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

बिलखिरिया थाना पुलिस ने ट्रक जब्त कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी



### परिजन सड़क से उठाकर अस्पताल लेकर पहुंचे

पुलिस के अनुसार मोहित पाल पिता घीसीलाल (15) ग्राम कान्हासैया बिलखिरिया में रहता था और आठवीं कक्षा में पढ़ता था। उसके पिता किसानी करते हैं। शनिवार रात करीब पौने 10 बजे मोहित कान्हा सइया मुख्य सड़क पर दुकान से सामान लेकर घर लौट रहा था। इस दौरान सड़क पार करते समय तेज रफ्तार से आ रहे आयसर ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। घटना की जानकारी लगते ही परिजन सड़क से उठाकर उसे पटेल नगर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने कुछ देर बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक ड्राइवर ट्रक मौके पर छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने ट्रक जब्त कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## शराब के लिए अड़ीबाजी, युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**भोपाल।** टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित बाणगंगा में दशहरा मैदान गेट नंबर तीन के पास एक बदमाश ने युवक से अड़ीबाजी करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू का हमला हाथ से रोकने के कारण युवक की तीन अंगूलियां बुरी तरह से कट गई, जबकि जांघ में भी चाकू से गहरा घांव लगा है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अड़ीबाजी, हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। एएसआई राजकुमार दुबे ने बताया कि नीरज राजपूत पिता जगदीश राजपूत (29) सुलभ कांप्लेक्स के पास बाणगंगा, टीटी नगर में रहता है और पार्किंग में ठेकेदार के पास काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि शनिवार रात करीब 8 बजे के आसपास वह दशहरा मैदान गेट नंबर 3 के पास खड़ा था, तभी वहां अज्जु उर्फ अजहर पहुंचा और शराब के लिए अड़ीबाजी करने लगा। नीरज ने उसे कहा कि उसके पास रुपए नहीं है। इस पर आरोपी भड़क गया और चाकू से हमला कर दिया। चाकू का वार नीरज ने बांए हाथ से रोका था इस लिए उसके हाथ की तीन अंगूलियां कट गई। आरोपी ने अगला वार नीरज की बांई जांघ में किया। नीरज का शोर सुनकर आसपास के लोग उसे बचाने पहुंचे तो आरोपी अज्जू वहां से भाग निकला। गंभीर रूप से घायल नीरज को जय प्रकाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अज्जू पर पूर्व में आधा दर्जन अपराध दर्ज है और वह गुंडा लिस्ट में शामिल है।

बाएं हाथ की तीन अंगूली कटी, जांघ में लगा चाकू

### करंट से झुलसकर नवीं कक्षा के छात्र की मौत

*भोपाल। कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित रापड़िया गांव में नवीं कक्षा का छात्र करंट से झुलस गया। गंभीर रूप से झुलसने के बाद परिजन उसे एम्स लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार अजय नामदेव पिता बबलू नामदेव (16) गांव रापड़िया में रहता था और नवीं कक्षा में पढ़ता था। उसके पिता की गांव में थोड़ी बहुत जमीन है और मजदूरी करते हैं। अजय का छोटा भाई और बहन है। परिजन ने बताया कि शनिवार रात करीब 9 बजे वह आंगन में बल्व लगाने वाला होल्डर जोड़ रहा था, तभी करंट से झुलस गया। अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है।*

बबचिया स्थित सिद्धेश्वर घाट पर रामकथा

## घर-घर दीप जलाएं, मंदिरों को स्वच्छ बनाएं: खत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैरसिया

रामलला 22 जनवरी को विराजने वाले हैं। ऐसा शुभ दिन वर्षों बाद आया है। इस सौभाग्यशाली दिन पर सभी अपने-अपने घरों में दीप जलाएं और 22 जनवरी से पहले अपने आस-पास के मंदिरों में साफ-सफाई कर मंदिरों को स्वच्छ बनाएं।

यह बात बैरसिया विधायक विष्णु ने रविवार को बबचिया स्थित सिद्धेश्वर घाट पर आयोजित रामकथा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी के दिन सभी खुशियां मनाएं। एक दूसरे को बधाई दें। विधायक विष्णु खत्री ने कथा के दौरान सिद्धेश्वर घाट पर 10 लाख रुपए की लागत से टीन शेड निर्माण और एक स्वागत द्वार निर्माण के लिए राशि देने की घोषणा की है। जल्द ही उक्त स्थान पर यह कार्य किए जाएंगे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम सोहाया पहुंची

**बैरसिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का शनिवार को बैरसिया विकासखंड के ग्राम सोहाया पहुंची। यहां विधायक विष्णु खत्री की अध्यक्षता, भारत सरकार की सचिव निधि खरे के मुख्य आतिथ्य, प्रमुख राजस्व आयुक्त, मध्य प्रदेश विवेक पोरवाल के विशेष आतिथ्य के रूप में उपस्थित थे। जिस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत का संकल्प लिया है, उसी तरह आपको भी अपने गांव को विकसित बनाने का संकल्प लेना होगा।

विधायक खत्री ने सोहाया ग्राम के लाभार्थियों का आंकड़े सहित विवरण दिया। भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग की सचिव निधि खरे ने भी सरकार की योजनाओं को सिलसिलेवार समझाया। संकल्प यात्रा के दौरान शासन की योजनाओं का विभागवार प्रत्येक स्टॉल पर जाकर निरीक्षण किया।

नदियों और जलाशयों में दीपदान कर दीपोत्सव मनाने का आह्वान

## नवांकुर संस्थाओं ने ग्रामों में निकाली कलश यात्रा व प्रभातफेरी, जयकारों से गूंजा नगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

श्रीराम मंदिर अयोध्या में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व स्वयंसेवक एवं जन अभियान परिषद के नवांकुर संस्थाओं ने ग्रामों में प्रभात फेरी निकालकर पूरे वातावरण को राममय बना दिया है। रविवार को सुलतानपुर सेक्टर में प्रभारी ओमप्रकाश चौहान के नेतृत्व में ग्राम खपरिया खापा में कलश यात्रा निकाली। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष शिवनारायण चौकसे, सचिव कैलाश अहिरवार के द्वारा नागरिकों के सहयोग से कलश यात्रा निकाली गई। इधर, ग्राम साजड़ी एवं पिपलिया गोली में बारेलाल नायक एवं हरनाम सिंह के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान जयकारों से नगर गूंज उठा।



### मंदिरों में विशेष साफ-सफाई करने आह्वान

संस्थाओं ने सभी ग्रामों से 22 जनवरी के पूर्व मंदिरों में विशेष साफ-सफाई करने का आह्वान किया है। मालूम हो कि भोजपुर में जन अभियान परिषद ,संस्कृति विभाग, रायसेन कलेक्टर एवं क्षेत्र के विधायक सुरेन्द्र पटवा के आह्वान पर श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर नदियों, जलाशयों में दीपदान कर दीपोत्सव मनाने को कहा है। साथ ही नगर सहित ग्रामों को भी सुन्दर सजाकर उत्सव मनाने की तैयारी की गई है।

### फौजी की पत्नी ने घर पर फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित लालघाटी में द्रोणांचल बेस में रहने वाले एक फौजी की पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार इंगवले प्रगति (26) द्रोणांचल बेस में रहती थी। उसके पति इंगवले स्वप्निल फौज में नौकरी करते हैं। शनिवार शाम करीब 7 बजे इंगलवे स्वपनिल घर लौटा तो दरवाजा खुला हुआ था। वे अंदर पहुंचे तो उन्हें इंगवले प्रगति फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई। घटना की सूचना उन्होंने तत्काल पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए भेज दिया था। पुलिस ने कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। सुसाइड नोट में मृतिका ने अपनी मर्जी से आत्महत्या करने की बात लिखी है। उसकी शादी दो साल पहले हुई थी।

गेहूंखेड़ा स्थित मिनी सचिवालय में होंगे सभी कार्यालय

# विधायक रामेश्वर ने किया भूमि पूजन... 21 करोड़ से जगमगाएगा कोलार, बनेगा नया डिवीजन कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार के वार्ड 80 से 85 तक के क्षेत्र में 21 करोड़ की लागत से विद्युतीकरण कार्य किए जाएंगे, जिसके अंतर्गत 33-11 केवी सब स्टेशन का निर्माण, अतिरिक्त ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि, पावर क्षमता वृद्धि सहित पुराने तारों एवं पोलो को बदला जाएगा। रविवार को सात करोड़ से होने वाले कार्य का शुभारंभ विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि पहले कोलार में हमने नया डिवीजन क्षेत्र घोषित कराया। पहले इसका चांदबड डिवीजन में था, जिसके लिए ओल्ड सिटी जाना पड़ता था। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि कोलार में निर्वाद विद्युत सप्लाई के क्षेत्र




में बहुत काम किया गया। पहले भी 25 करोड़ की राशि से आईपीडीएस योजना के अंतर्गत खर्च किए गए। थुआखेड़ा में अशोक सिंहल पॉवर हाउस का निर्माण कराया गया।

### बनेगा मिनी सचिवालय

विधायक शर्मा ने कहा की गेहूंखेड़ा स्थित एसडीएम कोलार कार्यालय परिसर में ही सभी कार्यालय स्थापित किए जाएंगे, जिसे मिनी सचिवालय भी कहा जा सकता है। एक ही जगह सभी कार्यालय होने से नागरिकों को अलग-अलग जगह आना-जाना न पड़े। शर्मा ने कहा कि यहां एसडीएम तहसील, नगर निगम जोन कार्यालय तो पहले से ही लग रहा है यहीं विद्युत डिवीजन कार्यालय बनाया जाएगा साथ ही यहीं एडिशनल डीसीपी का कार्यालय भी बनाया जाएगा।

## मुनिश्री के सानिध्य में विश्व शांति पंचकल्याण महोत्सव हुआ सफल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विशाल पंचकल्याण महोत्सव को सफल बनाने में नायक अनुराग नीति जैन, वर्षा जैन, संतोष जैन, अध्यक्ष मुकेश जैन, दिगंबर जैन मंदिर अध्यक्ष पंकज रवि जैन, रितेश जैन आदि का विशेष सहयोग रहा। संस्कार सागर महाराज, मुनिश्री विश्व सूर्य महाराज के सानिध्य में प्रतिष्ठाचार्य शोभित भैया के मार्गदर्शन में विश्व शांति पंचकल्याण महोत्सव यादगार बन गया। परब शांति परिवार की मनोकामना एवं पंचकल्याण समिति अध्यक्ष मुकेश जैन ने धर्म प्रवहाना की मिसाल कायम कर क्षेत्र में नगर में शांति, सुख समृद्धि, एकता की छाप छोड़ी।

# बीकानेर में अंतरराष्ट्रीय ऊंट महोत्सव में जमकर थिरके विदेशी



## उत्सव की थीम 'आइकन्स ऑफ बीकानेर' रखी

एजेंसी ▶▶ बीकानेर

हर साल की भांति इस बार भी अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव का रंगारंग आगाज हो चुका है। पहली बार धरणीधर मैदान में आयोजित होने वाले इस ऊंट उत्सव उत्सव की थीम 'आइकन्स ऑफ बीकानेर' है। इस उत्सव में हेरिटेज वॉक, बीकानेर कार्निवल साथ ही क्लासिकल फॉर्म्स ऑफ़ आर्ट्स पर आधारित कई कार्यक्रम हुए।

ऐतिहासिक रामपुरिया हवेली से हेरिटेज वॉक के जबरदस्त कार्यक्रम हुआ। इसमें विधायक जेठानंद व्यास, संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया, आईजी ओम प्रकाश, जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने हरी झंडी दिखाकर इस वॉक को रवाना किया।



### रंग-बिरंगे परिधानों में सजे कलाकार

मेहमानों के आदर सत्कार और मीठी मनुहार की बीकानेरी परंपरा का रंग पूरी हेरिटेज वॉक के दौरान नजर आया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे स्थानीय कलाकारों के दलों के साथ कदमताल मिलाते, देसी विदेशी पर्यटकों का उत्साह भी देखने लायक था।





### गृहमंत्री शाह ने भी पतंग उड़ाई

अहमदाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद में मकर संक्रांति उत्सव के दौरान पतंग उड़ाई।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में आज से खुलेंगे सभी स्कूल, समय बदला



**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार से सभी स्कूल खुलेंगे। कोई भी स्कूल सुबह 9 बजे से पहले शुरू नहीं होगा। शाम 5 बजे के बाद नहीं चलेगा। शिक्षा निदेशालय ने बीते रविवार को कहा था कि दिल्ली में नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए सभी स्कूल और फिजिकल कक्षाएं 14 जनवरी तक बंद रहेंगी।

### प्राण प्रतिष्ठा की 'जन-जागरण' में दिखीं नूपुर




**अयोध्या।** देश के कई इलाकों में हिंदूवादी संगठन अलग-अलग यात्राएं निकाल रहे हैं। ऐसी ही एक यात्रा दिल्ली में निकाली गई, जिसमें भाजपा से निष्कासित प्रवक्ता नूपुर शर्मा सार्वजनिक रूप से दिखाई दी हैं। इससे पहले नूपुर विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' देखने के लिए गई थीं।

### एयरोब्रिज पर घंटों फंसे रहे इंडिगो के यात्री



**मुंबई।** मुंबई से भुवनेश्वर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट घंटों तक छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के एयरोब्रिज पर फंसे रहे, जिससे मुंबई एयरपोर्ट पर अफरा तफरी का माहौल बना रहा। यात्रियों ने कहा कि एयरोब्रिज पर एयर सर्कुलेशन नहीं था।

### आयुर्वेदिक दवा बनाने वाली फैक्ट्री में आग



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में आयुर्वेदिक दवा बनाने वाली एक फैक्ट्री में आग लग गई। इस कारण वहां अफरा-तफरी का माहौल हो गया। घटना रविवार अल सुबह 4 बजकर 10 मिनट की है। गनीमत ये रही कि आगजनी की घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

### पीएम मोदी के आह्वान पर देशभर के मंदिरों में साफ-सफाई अभियान शुरू

# नड्डा, योगी समेत कई सीएम और सांसदों ने लगाई झाड़ू, अधिकारी भी रहे शामिल

केंद्र के कई मंत्रीगण, राज्यों के सीएम और सांसद- विधायक भी रहे शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मंदिरों में साफ सफाई अभियान शुरू हो गया। भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान समेत कई सीएम और सांसद भी सफाई अभियान में शामिल रहे। प्रयागराज में प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने मसूरियादीन मंदिर में साफ-सफाई की, जबकि कमिश्नर विजय विश्वास पंत और कुंभ मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने श्री बड़े हनुमान मंदिर परिसर में झाड़ू लगाया।

बड़ी संख्या में साधु-संतों और मंदिर के कर्मचारियों ने सफाई अभियान में हिस्सा लिया। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पहले देशभर के मंदिरों और तीर्थस्थलों में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनमानस द्वारा सफाई का कार्य हो रहा है। इसके तहत देशभर के मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर मंत्रियों और नेताओं द्वारा सफाई की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमोद जायसवाल, मोदी मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र मिश्र, अंजू शुक्ला, आभा भारती, नरेंद्र जायसवाल, पार्षद रुद्रसेन जायसवाल, स्मृति श्रीवास्तव, मीनू पांडेय, प्रमोद पांडेय, दिलीप केसरवानी, संजय केसरवानी, पार्षद मुकेश कसेरा, विवेक मिश्र, श्रीधर पांडेय आदि मौजूद रहे।

## अयोध्या से लेकर पूरे देश के मंदिरों में राजनेताओं और राजनयिकों ने स्वच्छता का संदेश दिया



### संत रविदास मंदिर में नड्डा ने लगाई झाड़ू

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा रविवार को दिल्ली के संत रविदास मंदिर में झाड़ू लगाकर सफाई करके पार्टी के तीर्थ स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। तीर्थ स्वच्छता अभियान के तहत मंदिर में सफाई करने के बाद मीडिया से बात करते हुए नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी के आह्वान पर पार्टी ने तय किया है कि मकर संक्रांति के दिन 14 जनवरी से 22 जनवरी तक हम प्रत्ये क तीर्थस्थल और मंदिर के सफाई अभियान में शामिल होंगे और वहां भजन-कीर्तन भी करेंगे।

### मंत्री धर्मेंद्र ने भी सफाई में लिया हिस्सा

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी स्वच्छता अभियान में भाग लिया। इसके तहत उन्होंने ओडिशा के अंगुल में स्थित मां हिंगुला मंदिर में साफ-सफाई की। इस दौरान कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को की जाएगी। प्रधान श्री वेणीमाधव मंदिर के प्रधान पुजारी सर्वदा तिवारी ने गंगा तटों की स्वच्छता पूरे भारत में दूसरे स्थान पर आने पर अनामिका चौधरी को बधाई दी।

### सीएम योगी ने झाड़ू लगाकर शुरू किया स्वच्छता अभियान



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को रामनगरी अयोध्या के लता मंगेशकर चौक पर झाड़ू लगाकर स्वच्छ तीर्थ महाभियान का शुभारंभ किया। अयोध्या को स्वच्छतम नगरी बनाने और यहां के सभी धार्मिक, पर्यटन, तीर्थ स्थलों, सार्वजनिक स्थलों पर सफाई का संदेश देते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से रामलला के आगमन के अवसर पर साफ-सुथरा-स्वच्छ बनाने का आह्वान किया। वहीं, यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भी अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा से पहले स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

### श्री बड़े हनुमानजी मंदिर में भी चला अभियान

पीएम मोदी के आह्वान पर भाजपा की प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी ने पदाधिकारियों संग मकर संक्रांति पर्व से शुरू होकर 21 जनवरी तक अपने आसपास के मंदिरों में स्वच्छता एवं भगवान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के लिए भजन कीर्तन करने के लिए रविवार को संगम तट, दशाश्वमेध घाट, प्रभु घाट, अष्टभुजा घाट पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाया।

### सीएम पटेल ने गांधीनगर में की सफाई



गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले स्वच्छता अभियान के तहत गांधीनगर के ढोलेश्वर महादेव मंदिर में सफाई अभियान में भाग लिया। साफ-सफाई के बाद सीएम ने गांधीनगर के ढोलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की।

### कांग्रेस के खराब प्रदर्शन पर टीएमसी का तंज

## अपनी जमीन बचती नहीं और निशाना सितारों पर साध रहे



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल टीएमसी और कांग्रेस के बीच एक बार फिर तकरार तेज हो गई है। असम हिल्स परिषद के चुनाव में कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन पर टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बेनर्जी ने तंज कसा है। अभिषेक ने कहा कि कांग्रेस तारों को निशाना बनाने में जुटी है। उन्होंने बंगाल में अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने की कांग्रेस की महत्वाकांक्षा पर सवाल खड़ा किया है।

असम के दिमा हसाओ जिले में उत्तरी कछार हिल्स स्वायत्त परिषद में कांग्रेस की निराशाजनक हार के बाद टीएमसी नेता ने हमला बोला है। अभिषेक ने कहा कि कांग्रेस असम में तो अपनी जगह वापस पा नहीं पा रही, लेकिन बंगाल में सितारों को निशाना बनाने जैसी आकांक्षाएं लगाए बैठी है। कांग्रेस की ओर से बंगाल में ज्यादा सीट मांगने पर निशाना साधा है। बेनर्जी ने कहा कि कांग्रेस अपनी जमीन बचा नहीं पा रही और दूसरे राज्यों में बड़े सपने देख रही है।

## कोहरे-शीतलहर की चपेट में पूरा उत्तर भारत



**लखनऊ।** चारबाग रेलवे स्टेशन पर रविवार को लखनऊ में सर्द सुबह कोहरे के बीच लोग इस तरह दिखा दे रहे हैं। इसके अलावा दिल्ली समेत कई राज्यो में लोग कोहरे के कारण हलाकान है। यात्रियों को ज्यादा परेशानी हो रही है। ठिठुरन के कारण लोग परेशान हैं।

### मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने किया दावा

## 74 फीसदी मुसलमान अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से खुश

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) ने दावा किया कि देश के अधिकतर मुसलमानों का मानना है कि भगवान राम सभी के हैं और उन्होंने राम मंदिर के पक्ष में अपनी राय दी है। गुजरात के एक धर्मार्थ ट्रस्ट के सहयोग से किए गए सर्वेक्षण के निष्कर्षों का हवाला देते हुए एमआरएम ने दावा किया कि अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य चाहते हैं कि तथाकथित उलेमा, मौलाना और विपक्षी नेता जो इस्लाम के नाम पर राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं, उनका



पूर्ण बहिष्कार किया जाना चाहिए।

आरएसएस के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार की अगुवाई वाले एमआरएम ने सर्वेक्षण रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 74 प्रतिशत मुस्लिम राम मंदिर के निर्माण से खुश हैं। सर्वेक्षण में 72 फीसदी मुसलमानों ने मोदी अपनी राय दी है। सर्वेक्षण में 26 प्रतिशत मुसलमान ऐसे थे जिन्होंने मोदी सरकार पर कोई भरोसा नहीं जताया है।

## राहुल की खत्म होती टीमः 2019 के बाद से अब तक कांग्रेस को अलविदा कह चुके इस पार्टी के कई नेतागण

# सिब्बल, आजाद, सिंधिया समेत अब तक 11 दिग्गज तोड़ चुके कांग्रेस से नाता

देवड़ा कांग्रेस छोड़कर जाने वाले पहले और आखिरी नेता नहीं हैं। इस सूची में गुलाम नबी, सिब्बल और जितिन जैसे बड़े नेताओं का नाम भी शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिलिंद देवड़ा के कांग्रेस से इस्तीफे के बाद पार्टी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा से पहले एक बड़ा झटका लगा है। ये कांग्रेस के लिए एक बड़ा झटका इसलिए भी है क्योंकि लोकसभा चुनाव नजदीक है। मिलिंद समेत अब तक 11 बड़े नेताओं ने अपना नाता तोड़ चुके हैं।

सूची में दूसरे नंबर पर कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल हैं जो 2022 को कांग्रेस से नाता तोड़ था। वहीं दिग्गज नेता गुलाम नबी आज़ाद ने 2022 में पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार ने 2022 में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह ने जनवरी 2022 को भाजपा में शामिल हो गए थे। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 2020 में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। जितिन प्रसाद ने 2021 में कांग्रेस छोड़ दी थी। पूर्व केंद्रीय मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी ने पिछले साल जनवरी में पार्टी छोड़ दी। इसी तरह हार्दिक पटेल, सुनील जाखड़ और अल्पेश ठाकोर कांग्रेस को टाटा कह चुके हैं।

### ये रहे प्रमुख नाम





### यात्रा सफल हो या विफल, विचारधारा की लड़ाई है: अधीररंजन



अधीर रंजन चौधरी ने कहा राहुल गांधी के नेतृत्व में ये यात्रा मणिपुर से मुंबई तक जाएगी। यात्रा सफल या विफल , विचारधारा की लड़ाई है।

**खरगे का संबोधन**

### पंडित नेहरू ने मणिपुर को भारत का गहना बताया था

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी समंदर में सैर करने जाते हैं, राम-राम जपते हैं लेकिन मणिपुर नहीं आते। उनके मुख में राम और बगल में छुरी है। खरगे ने कहा कि जब पंडित नेहरू पहली बार मणिपुर आए थे तब उन्होंने इसे भारत का गहना बताया था। यही बात इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने भी कही थी। यह मणिपुर की वह भूमि है जो आजादी के लिए लड़ी। शायराना अंदाज में कहा कि जब हौसला बना लिया ऊंची उड़ान का फिर देखना फिजूल है, कद आसमान का।

### ऐसा है राहुल की यात्रा का 'ठिकाना'

#### यूपी में सबसे ज्यादा यात्राएं

भारत जोड़ो न्याय यात्रा एक दिन के लिए मणिपुर में रहेगी। इसके बाद यह नगालैंड में प्रवेश करेगी और दो दिनों में 257 किमी और 5 जिलों को कवर करेगी और आठ दिनों में असम में 833 किमीऔर 17 जिलों को कवर करेगी। इसके बाद यात्रा एक-एक दिन के लिए अरुणाचल प्रदेश और मेघालय जाएगी।

#### मध्य प्रदेश में 7 दिन, 698 किमी और 9 जिलों में जाएगी

मध्य प्रदेश में कांग्रेस की यह यात्रा 7 दिनों में 698 किमी और 9 जिलों को कवर करेगी। यह एक दिन में राजस्थान के 2 जिलों में जाएगी। गुजरात और महाराष्ट्र में 5-5 दिन तक चलेगी, जो क्रमशः 445 किमी और 479 किमी की दूरी तय करेगी। ओडिशा में न्याय यात्रा चार दिन में 341 किमी और चार जिलों को कवर करेगी और छत्तीसगढ़ में पांच दिन में 536 किमीऔर सात जिलों को कवर करेगी। कांग्रेस की यह यात्रा उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 11 दिन का समय बिताएगी और 20 जिलों को कवर करेगी। यात्रा पश्चिम बंगाल में पांच दिनों तक चलेगी, जिसमें 523 किमी और 7 जिले शामिल होंगे। बिहार में 4 दिन तक 425 किमी और 7 जिलों को कवर किया जाएगा। इसके बाद झारखंड में यात्रा आठ दिन में 804 किमी और 13 जिलों को कवर करेगी।

#### यात्रा का समय 'अशुभ काल': आचार्य कृष्णम



भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर पार्टी के ही वरिष्ठ नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि यात्रा ऐसे समय में शुरू की जा रही जब पंचक लगा हुआ है। यात्रा के लिए यह 'अशुभ काल' है। उन्होंने पार्टी के उन नेताओं पर भी सवाल उठाया जो अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के मुहूर्त को लेकर बयान दे रहे थे।

## गृहमंत्री शाह ने जगन्नाथ मंदिर में गजानन का लिया आशीर्वाद



**अहमदाबाद।** पूरे देश में मकर संक्राति पर्व पर कई तरह धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन किए गए। इस दौरान प्रमुख मंदिरों में भक्तों की खासी भीड़ रही। देश के गृहमंत्री अमित शाह भी संक्रांति के पर्व पर अहमदाबाद के जगन्नाथ मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने गजानन का अशीर्वाद लिया और देश की खुशहाली की कामना की।

## मथुराः यमुना नदी में हुआ चुनरी मनोरथ, स्वच्छता का संकल्प

*मथुरा। कोविड से मुक्ति व शुद्ध यमुना जल की कामना को लेकर रविवार को मां वैष्णो देवी मित्र मंडल के तत्वावधान में राजा घाट पर यमुना महारानी का चुनरी मनोरथ किया गया। वेद विद्वानों के आचार्यत्व में वैदिक रीति से यमुना महारानी व श्रीनाथ जी का पूजन-अर्चन किया गया। इस दौरान भक्तों ने करीब 350 मीटर की चुनरी ओढ़ाकर मनोरथ किया। इससे पूर्व मनोरथ में राम घाट से शहनाई की मंगल ध्वनि व यमुना महारानी के जयघोष के मध्य भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो अनेक घाटों पर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची।*



1. मां यमुना को चुनरी ओढ़ाते वैष्णो देवी मित्र मंडल के पदाधिकारी
2. भक्तों ने यमुना शुद्धिकरण का भी लिया संकल्प
3. यमुना में देखते ही बन रही थी नाव से चुनरी मनोरथ की भव्यता
4. 300 भक्तों ने यमुना को 500 साड़ी की चुनरी बनाकर पहनाई

## खबर संक्षेप

### तूफान से अमेरिका में आपातकाल, उड़ानें रद्द



**वॉशिंगटन।** आर्कटिक तूफानों की सर्द लहर के बीच अमेरिका के न्यूयॉर्क से लुइसियाना राज्यों तक गवर्नरों ने आपातकाल की घोषणा कर दी है। देश के अधिकांश हिस्सों में अंधी बर्फबारी, बर्फीली बारिश और तेज हवाएं चलने लगी हैं। बिस्मार्क, नॉर्थ डकोटा में तापमान शून्य से 26 डिग्री सेंटीग्रेड नीचे तक चला गया। रविवार तक इसके शून्य से 29 डिग्री नीचे जाने की आशंका है। तेज हवाओं और तूफान के चलते 2000 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गई हैं, जिससे सैकड़ों यात्री फंस गए हैं।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 12 भारतीय मछुआरे पकड़े



**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में कराईनगर तट से 12 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। उनकी तीन नौकाओं को भी जब्त कर लिया गया है। उन पर द्वीप राष्ट्र के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने का आरोप है। उन्हें कार्रवाई के लिए कांकेसंथुरई बंदरगाह ले जाया गया है। मछुआरों के मुद्दे पर लंबे समय से विवाद है। पिछले साल श्रीलंकाई नौसेना के कर्मियों ने भारतीय मछुआरों पर अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने का आरोप लगाया था।

### मुइज्जू राष्ट्रपति बनने से पहले थे माले के मेयर, समर्थक शकूर को मिली करारी हार

# भारत से पंगा लेना मुइज्जू को पड़ा भारी मेयर चुनाव में जीते भारत समर्थक अजीम

एजेंसी ▸▸ माले

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी के मामले में भारी किरकिरी का सामना करने वाले मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को एक और झटका लगा है। राजधानी माले के मेयर के लिए हुए चुनाव में उनकी पार्टी के प्रत्याशी चुनाव हार गए हैं। मोहम्मद मुइज्जू राष्ट्रपति बनने से पहले स्वयं यहां के मेयर थे। इस चुनाव में भारत-समर्थक विपक्षी दल 'मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी' (एमडीपी) उम्मीदवार आदम अजीम ने शनिवार को प्रचंड जीत हासिल की। अजीम ने मुइज्जू की अगुवाई वाले प्रतिद्वंद्वी दल 'पीपुल्स नेशनल कांग्रेस' (पीएनसी) की ऐशथ अजीमा शकूर को हराया। राजधानी ने महज 58 दिन के अंदर राष्ट्रपति मुइज्जू और उनकी नीतियों को न कह दिया है। एडम अजीम एमडीपी के नेता कर्नल (रिटायर्ड) मोहम्मद नजीम के छोटे भाई हैं। वह धनगेठी संसदीय क्षेत्र के प्रतिनिधि भी हैं।

**खास बातें**

- राष्ट्रपति मुइज्जू 5 दिवसीय यात्रा पर गए थे चीन
- मालदीव मीडिया ने इस जीत को बताया 'प्रचंड'
- राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को एक और झटका लगा

राजधानी ने महज 58 दिन के अंदर राष्ट्रपति मुइज्जू और उनकी नीतियों को न कह दिया है। माले का मेयर चुनाव पीएम मोदी के खिलाफ तीन मंत्रियों की अपमानजनक टिप्पणियों के बाद हुआ है।

» *मेयर के चुनाव में मुइज्जू के दल पीएनसी की बड़ी हार*

» *भारत समर्थक दल एमडीपी को स्थानीय चुनाव में मिली जीत*





» अजीम एमडीपी के नेता कर्नल (रिटायर्ड) मोहम्मद नजीम के छोटे भाई हैं

» धनगेठी संसदीय क्षेत्र के प्रतिनिधि भी हैं नवागत चुने गए मेयर अजीम

### इंडिया आउट कैंपेन के जरिए सत्ता में आए मुइज्जू

*बता दें कि मोहम्मद मुइज्जू मालदीव की सत्ता में 'इंडिया आउट' अभियान के जरिए आए थे। उनके राष्ट्रपति बनने के बाद भारत और मालदीव के संबंधों में अच्छा-खासा तनाव आया है। उनके कुछ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी की थी जिसके चलते भारत में मालदीव विरोधी माहौल बना हुआ है।*

### 5303 वोटों के साथ भारी बढ़त

मालदीव के चुनाव आयोग के अनुसार 54,680 योग्य मतदाताओं में से लगभग 17,000 ने मतदान किया था। सत्ताधारी पार्टी नेशनल कांग्रेस की उम्मीदवार आयशा अजीमा शकूर को हार का सामना करना पड़ा। चुनाव में कुल 41 बक्सों की गिनती के बाद अजीम ने 5303 वोटों के साथ भारी बढ़त बना ली थी। मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस की उनकी प्रतिद्वंद्वी ऐशथ अजीमा शकूर को 3,301 वोट मिले।

### भारतीय हाई कमिश्नर से बोले मुइज्जू- 15 मार्च तक हटाएं सेना

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने एक बार फिर से भारत के खिलाफ सख्त तेवर दिखाए हैं। चीन से लौटते ही मुइज्जू ने कह दिया है कि भारत 15 मार्च से पहले मालदीव से अपने सैनिकों को हटा लें। रविवार को मीडिया से बात करते हुए मालदीव के प्रेसिडेंट ऑफिस के प्रवक्ता अब्दुल्ला नजीम इब्राहिम ने कहा कि भारतीय सैनिक मालदीव में नहीं रह सकते। मालदीव में फिलहाल 88 भारतीय सैनिक मौजूद हैं। मालदीव और भारत ने सैनिकों की वापसी पर बातचीत के लिए एक उच्च स्तरीय कोर ग्रुप का गठन किया है। समूह ने रविवार सुबह माले में विदेश मंत्रालय मुख्यालय में अपनी पहली बैठक की। बैठक में भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर भी शामिल हुए। नाजिम ने कहा कि बैठक का एजेंडा 15 मार्च तक सैनिकों को वापस बुलाने का अनुरोध था।

### क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा

# मंत्री जयशंकर दो दिवसीय यात्रा पर ईरान पहुंचे



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर दोनों देशों के बीच चल रहे उच्च स्तरीय बैठक के हिस्से के रूप में 14 जनवरी को ईरान की यात्रा पर रवाना हो गए। विदेश मंत्रालय के मुताबिक वे 14 से 15 जनवरी तक ईरान के दौरे पर रहेंगे। अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर अपने ईरानी समकक्ष, होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन से मिलकर द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा, राजनीतिक सहयोग, कनेक्टिविटी पहल जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे चर्चा में शामिल होंगे।

बता दें कि पिछले वर्ष नवंबर में ईरान की राजधानी तेहरान में 18वां भारत-ईरान विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) आयोजित किया गया था। भारत का नेतृत्व विदेश सचिव विनय क्वात्रा और ईरान का नेतृत्व ईरानी उप विदेश मंत्री अली बाघेरी ने किया।

### चाबहार पोर्ट डील में भारत और ईरान की प्रगति

भारत और ईरान चाबहार बंदरगाह सौदे पर आगे बढ़ रहे हैं, जो दोनों देशों के लिए एक महत्वपूर्ण विकास है। बता दें कि चाबहार बंदरगाह को विकसित करने के लिए 2016 में समझौते की शुरुआत हुई भारत द्वारा एक दशक तक शाहिद बेहिश्ती टर्मिनल के विकास और संचालन पर केंद्रित था। हालांकि, विवादों के कारण, विशेष रूप से मध्यस्थता के क्षेत्राधिकार पर, अंतिम रूप देने में देरी का सामना करना पड़ा। चाबहार बंदरगाह भारत को एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक व्यापार मार्ग प्रदान करता है, जो पाकिस्तान पर निर्भरता को कम करेगा यह अफगानिस्तान और मध्य एशिया के लिए भी रास्ते खोलेगा है, इससे न केवल भारत को आर्थिक बल्कि क्षेत्र में भारत के रणनीतिक प्रभाव को बढ़ाएगा।

### हजारों साल पुराने हैं संबंध

एफओसी के दौरान, दोनों देशों के बीच राजनीतिक, व्यापार और आर्थिक, सांस्कृतिक, लोगों से लोगों के संबंधों (पीपुल्स टू पीपुल्स ) डायलॉग, चाबहार बंदरगाह सहित कनेक्टिविटी परियोजनाओं, कृषि सहयोग और क्षमता निर्माण सहित कई द्विपक्षीय मामलों पर चर्चा हुई। उन्होंने वर्तमान में चल रहे क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी बातचीत की। भारत और ईरान के बीच परस्पर संबंधों का हजारों साल पुराना इतिहास रहा है। वर्तमान में भी दोनों देशों के बीच संबंध प्रगाढ़ है। विदेश मंत्री की यह यात्रा साझा मूल्यों और हितों वाले इन दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूती मिलने की संभावना है।

### जो बाइडेन के लिए बोले अपशब्द

# फिलिस्तीन समर्थकों ने व्हाइट हाउस घेरा और तोड़ी बाड़, फेंकी बोतलें

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन



अमेरिका में फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने व्हाइट हाउस का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने व्हाइट हाउस की बाड़ को गिराने का प्रयास किया। फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन बच्चों की हत्या का समर्थन करते हैं। प्रदर्शनकारियों ने व्हाइट हाउस के बाहर एक बाड़ को तोड़ने की कोशिश की। प्रदर्शनकारियों ने पानी की बोतलें और छड़ें फेंकी और बाड़ पर चढ़ने का प्रयास किया।



### व्हाइट हाउस के गेट से टकरा गई थी गाड़ी

इससे पहले अमेरिका में 8 जनवरी को एक गाड़ी व्हाइट हाउस परिसर के एक गेट से टकरा गयी थी। यूएस सीक्रेट सर्विस ने इसके बाद गाड़ी के ड्राइवर को हिरासत में ले लिया था। गाड़ी की टक्कर व्हाइट हाउस के नॉर्थ ईस्ट साइड की तरफ के कॉम्प्लेक्स में हुई थी। यूएस सीक्रेट सर्विस ने जानकारी दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी के ड्राइवर को हिरासत में ले लिया था।

# सुरक्षा सलाहकारों की बैठक में यूक्रेन में शांति बहाली पर जोर



एजेंसी ▸▸ दावोस

दावोस में 15 से 19 जनवरी को होने वाले विश्व आर्थिक मंच की बैठक से से एक दिन पहले रविवार को कई देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों ने बैठक की। बैठक भारत समेत कई देशों ने युद्ध प्रभावित देशों में शांति को लेकर जोर दिया। स्विट्जरलैंड के विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधि ने कहा कि स्विट्जरलैंड रूस-यूक्रेन युद्ध की समाप्ति की वकालत करता है। हमारा यूक्रेन को समर्थन जारी रहेगा। इस दौरान बैठक में यूक्रेन और रूस युद्ध पर भारत के रुख की सराहना की गई है।

### एनएच-66 मुंबई-गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर

# भारत का पहला स्टील स्लैग हाइवे तैयार

**मुंबई।** राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-66 मुंबई-गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारत के पहले नेशनल हाइवे स्टील स्लैग रोड का निर्माण हो गया है, जिसका उद्घाटन नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी.के. सारस्वत ने किया। इस रोड में स्टील स्लैग रोड टेक्नोलॉजी, स्टील उद्योग के कचरे का इस्तेमाल हुआ। यह एक मजबूत, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल सड़क निर्माण करने का एक अच्छा विकल्प है।



1. सड़क में 80,000 टन सीओएनएआरसी स्टील स्लैग का इस्तेमाल
2. पारंपरिक बिटुमिनस सड़कों की तुलना में 28% कम मोटाई
3. यह सड़क मजबूत, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल
4. पारंपरिक सड़कों की तुलना में लगभग 32% अधिक किफायती

### उपलब्धिः वायुसेना के 60 हजार से अधिक उपकरण अब भारत निर्मित

# एयरचीफ मार्शल बोले- आत्मनिर्भरता व स्वदेशीकरण पर सेना का जोर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



भारतीय वायुसेना स्वदेशी तकनीक पर जोर दे रही है। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा कि आत्मनिर्भर बनने के प्रयासों का बेहतरीन परिणाम भी सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दो-तीन साल के दौरान कई ऐसे सैन्य उपकरण हैं, जिन्हें भारत में निर्मित किया गया है। वायुसेना प्रमुख ने बताया कि भारत में बनाए गए उपकरणों को वायुसेना ने हर कसौटी पर खरा पाया उसके बाद इसे वायुसेना के बेड़े में शामिल भी किया गया। उन्होंने बताया कि पिछले दो-तीन साल में विकसित ऐसे स्वदेशी उपकरणों की संख्या लगभग 60 हजार है। वायु सेना मरम्मत और ओवरहॉल रखरखाव के लिए हमेशा विदेशी कंपनियों पर निर्भर नहीं रहा जा सकता। उन्होंने यह टिप्पणी नागपुर के भोंसला मिलिट्री स्कूल में कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान की।

### आईएएफ से जुड़ीं कई कंपनियां

बेस रिपेयर डिपो (बीआरडी) के स्वदेशीकरण से जुड़े एक सवाल पर वायुसेना प्रमुख ने कहा, अब सभी बीआरडी में उद्योग जगत की अधिकांश कंपनियां काम कर सकेंगी। उन्हें आकर देखने का मौका मिल सकेगा कि वायुसेना के लिए औद्योगिक जगत कहां योगदान दे सकता है। बीआरडी के आलावा वायु सेना की सभी इकाइयों में योगदान करने के काबिल कंपनियों के लिए दरवाजे खुले हैं। एयरचीफ मार्शल के मुताबिक वायुसेना ने मरम्मत और ओवरहॉल रखरखाव के मामले में आत्मनिर्भरता की जरूरत को महसूस किया है।

### आत्मनिर्भर बनना समय की मांग

उन्होंने कहा कि विदेशी ओईएम यानी ऐसी कंपनी जो उपकरणों की मूल निर्माता हैं, उन पर भारत हमेशा के लिए भरोसा नहीं कर सकता। बदलती परिस्थितियों में वायुसेना का मानना है कि मरम्मत और ओवरहॉल मेंटेनेंस जैसी कई चीजों के मामले में आत्मनिर्भर बनना होगा।

### लापता विमान का मलबा खोजने में दुर्भाग्य से लंबा समय लगा

*चेन्नई के समुद्र तट के पास बंगाल की खाड़ी में भारतीय वायु सेना के एक परिवहन विमान के मलबे के बारे में चौधरी ने कहा कि दुर्भाग्य से, इसमें बहुत लंबा समय लग गया, लेकिन समुद्र तल में ऐसी चीजों का पता लगा पाना उल्लेखनीय सफलता है। अब वायुसेना कम से कम गहरे समुद्र में (अन्वेषण) करने की तकनीक से लैस है। उन्होंने कहा कि मलबा मिलने के बाद लंबे समय से बना हुआ सस्पेंस खत्म हो गया। उन्होंने कहा कि तलाशी को सुविधाजनक बनाने और मलबे की खोज में सक्षम बनाने के लिए वायुसेना, महासागर और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की आभारी है। 29 कर्मियों के साथ वायुसेना का परिवहन विमान लापता हो गया था।*

# यूएनएससी में भारत के साथ ब्राजील को किया जाए शामिल

### बेल्जियम के पूर्व पीएम ने मोदी की तारीफ की

एजेंसी ▸▸ कोलकाता



बेल्जियम के पूर्व प्रधानमंत्री यीव लटार्म ने भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का स्थायी सदस्य बनाए जाने की वकालत की।

उन्होंने कहा कि भारत को स्थायी सदस्य बनाने से प्रतिनिधित्व में बढ़ोतरी होगी। यूएनएससी को 21वीं सदी की वास्तविकताओं के अनुरूप ढलने की आवश्यकता है। उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश ने बहुपक्षीय परिदृश्य में मजबूत स्थिति बना ली है। लटार्म ने संपर्क सुविधा की नयी पहल 'भारत पश्चिम एशिया यूरोप आर्थिक गलियारे' की सराहना की और उसे चीन की 'बेल्ट एंड रोड' पहल का पूरक बताया।



# निगेटिव किरदार में नजर आएंगे रितेश...

**मुंबई।** अजय देवगन स्टारर फिल्म 'रेड 2' में एक्टर रितेश देशमुख खलनायक की भूमिका निभाते नजर आएंगे। राजकुमार गुप्ता निर्देशित और भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित, 'रेड 2' में रितेश देशमुख निगेटिव किरदार में होंगे। रितेश देशमुख पहली बार सिल्वर स्क्रीन पर अजय के खिलाफ होंगे। फिल्म की शूटिंग पिछले हफ्ते मुंबई में शुरू हुई और इसे मुंबई, दिल्ली, उप्र और राजस्थान में बड़े पैमाने पर फिल्माया जाएगा। 'रेड 2' का निर्माण भूषण कुमार , कुमार मंगत , अभिषेक और कृष्ण कुमार ने किया है।

लाइफ Style

# उर्वशी

## झूमते हुए गिरी, हुईं ट्रोल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उर्वशी रौतेला बॉलीवुड की इकलौती ऐसी एक्ट्रेस हैं, जो अपने काम से कम और ऊटपटांग वजहों से ज्यादा सुर्खियां बटोरती हैं। कभी अपनी बॉयफ्रेंड की वजह से तो कभी अपने सेल्फ लव को लेकर वो लोगों का ध्यान खींच लेती हैं।

पूरा देश अब उन्हें अटेंशन सीकर बुलाने लगा है। दरअसल, उर्वशी रौतेला कई बार ऐसी हरकतें कर चुकी हैं कि अब वो अक्सर ट्रोलर्स के निशाने पर बनी रहती हैं। ऐसे में अब उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है जिसके बाद वो अब बुरी तरह से ट्रोल हो रही हैं। इस वीडियो को देखने के बाद यूजर्स ने एक्ट्रेस पर नशे में होने का आरोप लगा दिया है। इतना ही नहीं उर्वशी के साथ-साथ उनके माता-पिता भी सोशल मीडिया पर लोगों के गुस्से का शिकार हो गए हैं। ये वीडियो एक पार्टी का है लेकिन इसमें ऐसा क्या है, जिसके वायरल होने के बाद उर्वशी रौतेला अब इतनी चर्चा में आ गई हैं चलिए जानते हैं। इस वीडियो को देखकर आप भी हैरान रह जाएंगे। दरअसल, इसमें एक्ट्रेस बुरी तरह से लड़खड़ाती हुई नजर आ रही हैं। उन्हें देखकर ऐसा लग रहा है जैसे उन्होंने काफी पी रखी है। अपनी मम्मी के बर्थडे पर वो याच में पार्टी कर रही हैं। उनके पापा भी साथ में झूम रहे हैं। अचानक ही उर्वशी डांस करते-करते गिर जाती हैं फिर उनसे उठा नहीं जाता। उर्वशी की मां उन्हें उठाने की कोशिश करती हैं। हालांकि, कुछ वक्त लेने के बाद वो खुद से उठती हैं और फिर से झूमने लगती हैं।




हॉलीवुड मसाला




# इंस्टाग्राम पर वापस लौटीं...

**लॉस एंजेलिस।** सेलेना गोमेज सोशल मीडिया पर वापस आ गई हैं। सिंगर और एक्ट्रेस द्वारा कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से ब्रेक लेने की योजना की घोषणा करने के एक दिन बाद, उन्होंने शेफ गॉर्डन रामसे के साथ एक कोलेबोरेटिव कूकिंग वीडियो को बढ़ावा देने के लिए इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। रिपोर्ट के अनुसार, गोमेज ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर क्लिप के साथ लिखा, गॉर्डन रामसे ने मेरी रसोई में कदम रखा और मुझे बताया कि एक अद्भुत नाश्ता बर्गर कैसे बनाया जाता है।




# निकोल ने अवॉर्ड शो में किया अकेला महसूस...

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस निकोल किडमैन ने 2002 में ऑस्कर जीतने वाली रात अपने होटल के कमरे में अकेले खाना खाया था। उन्होंने सफल करियर के बावजूद अपने पर्सनल लाइफ में होने वाले 'स्ट्रगल' को याद किया। निकोल ने 2002 में ड्रामा फिल्म 'द आवर्स' में अपनी भूमिका के लिए ऑस्कर जीता था। उस वक्त वह टॉम क्रूज से तलाक लिए जाने को लेकर सुर्खियों में थी। एक्ट्रेस ने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए बताया कि उस वक्त उन्होंने अवॉर्ड शो के बाद बहुत अकेला महसूस किया और अपने होटल वापस जाने का विकल्प चुना था। डेव कार्गर की आने वाली किताब '50 ऑस्कर नाइट्स' के एक अंश में उन्होंने कहा, मैं अपनी पर्सनल लाइफ में काफी चीजों से जूझ रही थे।



# कंगना ने खोला मिस्ट्री मैन का राज...

**मुंबई।** अभिनेत्री कंगना रनौत अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ की वजह से अक्सर ही सुर्खियों में छाई रहती हैं। हाल ही में मुंबई के सैलून के बाहर एक्ट्रेस को मिस्ट्री मैन के साथ स्पॉट किया गया था। उसके बाद से ऐसी अफवाहें उड़ रही थी कि कंगना की लाइफ में नए प्यार की एंट्री हो गई है। अब क्वीन एक्ट्रेस ने बेबाक होकर सच बताया है। कंगना ने मिस्ट्री मैन की सच्चाई बताते हुए अपनी डेटिंग रूमर्स पर फुल स्टॉप लगा दिया है। एक्ट्रेस ने कहा कि वो साथ में काम करने वाले भाई-बहन, वर्क फ्रेंड्स और कभी-कभी सालों से फ्रेंडली क्लाइंट के साथ एक बेहतरीन हेयर स्टाइलिस्ट भी हो सकते हैं। इसके साथ ही क्लीयर हो गया है कि कंगना के साथ दिखाई देने वाला मिस्ट्री मैन कोई और नहीं बल्कि अदाकारा का हेयर स्टाइलिस्ट हैं।



# वरुण करेंगे एटली की फिल्म में काम

**मुंबई।** जवान के डायरेक्टर एटली अगली फिल्म वरुण धवन के साथ करेंगे। मकर संक्रांति और पोंगल के मौके पर उन्होंने इसे कंफर्म किया है। हालांकि वह फिल्म को डायरेक्टर नहीं करेंगे बल्कि वह अपनी नई फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे। शूटिंग के लिए हाल ही में पूजा हुई। मुहूर्त शॉट भी इसी दिन किया गया। एटली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया गया, जिसमें पूजा और मुहूर्त शॉट की एक झलक दिखाई गई। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वामिका गब्बी मुख्य भूमिका निभाएंगी। एटली ने वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, कृपया इस प्रोजेक्ट को अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं दें। यह हमारे दिल के बहुत करीब है। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'टाइटल का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।'

# सान्या के लोहड़ी सेलिब्रेशन में जबर्दस्त डांस से फैंस हैरान...

**मुंबई।** एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा के घर लोहड़ी की धूम देखने को मिली। खुशी के पल को साझा करने के लिए अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो और फोटोज शेयर किए हैं। इस मौके पर एक्ट्रेस ने जलती लोहड़ी के सामने जमकर भांगड़ा किया। लुक की बात करे तो उन्होंने ब्लू कलर का सलवार-सूट पहना था। अभिनेत्री ने अपने बाला का जूड़े बनाया हुआ था। इतना ही नहीं उन्होंने हाथों में मैचिंग चूड़ियां भी पहनी हुई थीं। आखिरी वीडियो में वह अपने फिटनेस ट्रेनर के साथ भांगड़ा करती नजर आईं। उनके जबर्दस्त डॉस को देखकर फैंस हैरान है और कमेंट कर रहे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो सान्या सैम बहादुर में विक्की कौशल की पत्नी सिलू मानेकशॉ का रोल निभाती नजर आ रही थी, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं।



# इंटीमेट सीन की हो ठोस वजह : कोंकणा



**मुंबई।** एनिमल को लेकर लोग अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। फिल्म में कई सीन को महिला विरोधी बताया गया। अब इस पर कोंकणा सेन ने अपनी राय दी है। कोंकणा ने कहा कि उन्हें स्क्रीन पर हिंसा दिखाने पर कोई दिक्कत नहीं है लेकिन इसके पीछे कोई ठोस वजह होनी चाहिए। यही बात इंटीमेट सीन पर भी लागू होती है। उन्होंने कहा, फिल्म में इसके होने का कोई कारण होना चाहिए। चाहे वह किरदारों से जुड़ा हो या किसी प्लॉट से जुड़ा हो। केवल एक बात है कि इस तरह का सीन क्यों है? डायरेक्टर की मंशा क्या है?

कोंकणा आगे कहती हैं, जहां तक मैं समझती हूं मुझसे गलती हो सकती है। मैंने एनिमल नहीं देखी है क्योंकि मुझे नहीं लगता है कि यह मेरी तरह की फिल्म है। रिव्यूज और अन्य चीजों से भी इसे देखने की मेरी इच्छा नहीं हुई। कोंकणा ने बताया कि डायरेक्टर के पहले के काम के बारे में उन्हें पता है और उन्होंने रिलेशनशिप में हिंसा दिखाने को लेकर अपना बचाव किया है लेकिन कोंकणा इसका सपोर्ट नहीं करतीं। उन्होंने आगे कहा, मुझे नहीं लगता है मैं किसी भी तरह से उनकी टारगेट ऑडियंस हूं। लाखों लोग इसे देख रहे हैं इसलिए यह बहुत अच्छा चल रहा है और उन्हें मेरी जरूरत नहीं है।

# 'मैरी क्रिसमस' ने पकड़ी रफ्तार, दोगुना कलेक्शन...



**मुंबई।** 12 जनवरी को कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की 'मैरी क्रिसमस' ने सिनेमाघर में एंट्री मारी है। फिल्म की कहानी में दम है, लेकिन फिर भी ओपनिंग डे पर मूवी कुछ कमाल न कर सकी। फिल्म के दूसरे दिन के कलेक्शन में उछाल आया है। बल्कि पहले दिन के कलेक्शन से डबल कमाई हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैरी क्रिसमस ने 3.50 करोड़ का कलेक्शन किया है। ऐसे में कूल कलेक्शन 6.05 करोड़ हो गया है। बात फिल्म की कहानी की करें तो कैटरीना ने मारिया को किरदार निभाया है। वहीं विजय सेतुपति ने अलबर्ट का रोल अदा किया है। दोनों की मैरिड लाइफ में पंगे हैं। जहां मारिया का पति उसे धोखा दे रहा होता है और एक दिन आत्महत्या कर लेता है। वहीं अलबर्ट ने भी अपनी पत्नी की हत्या कर दी होती है और 7 साल की जेल सी सजा काटकर आया होता है।

# 1933 ने देविका रानी पर फिल्माया था बॉलीवुड का पहला लंबा किसिंग सीन...

**मुंबई।** आज के समय में फिल्में हों या वेब सीरीज अभिनेत्रियां इंटीमेट सीन और लिपलॉक देने से कतराती नहीं हैं। कम ही ऐसी फिल्में होती हैं, जिनमें किसिंग सीन न फिल्माया गया हो। देखा जाए तो ये पब्लिक की डिमांड भी है, तभी तो इन सींस का बोलबाला है। दीपिका पादुकोण हो या फिर आलिया भट्ट या बात हो मल्लिका शेरावत की सभी ने किसिंग सीन दे बड़े पर्दे पर आग ही लगा दी थी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बॉलीवुड का पहला और सबसे लंबा किसिंग सीन किसने दिया था। हालांकि इस सीन पर बाद में विवाद भी हुआ था।

### कब फिल्माया गया ये किसिंग सीन

फिल्मों में अक्सर किसिंग सीन आते रहते हैं, जो अब आम हो गए हैं। लेकिन अगर हम बात साल 1933 की फिल्म की करें जिसमें लिप लॉक किया गया था, तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि क्या हुआ होगा। बड़े पर्दे पर पहला और सबसे लंबा किसिंग सीन फिल्म कर्मा में फिल्माया गया था। ये मूवी साल 1933 में रिलीज हुई थी। किसिंग सीन



देने वाली एक्ट्रेस और कोई नहीं बल्कि 'देविका रानी' थी। हालांकि उन्हें इस सीन को करने में कोई दिक्कत नहीं हुई क्योंकि एक्ट्रेस ने अपने पति हिमांशु राय के अपोजिट ही इस इंटीमेट सीन को किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ये सीन 4 मिनट लंबा था, जिसने गदर मचा दिया था। हालांकि उस दौर में बोल्डनेस इतनी ज्यादा दिखाई नहीं देती थी। लेकिन देविका रानी ने अपनी अपार बोल्डनेस से तहलका मचा दिया था। न सिर्फ किसिंग सीन बल्कि सिगरेट और शराब पीने में भी वो आगे थीं। एक्ट्रेस के गर्म मिजाज की वजह से उन्हें ड्रैगन लेडी का नाम भी दिया गया।

# एयरलाइन कंपनी पर लगाया टॉर्चर का आरोप



**मुंबई।** इश्कबाज फेम एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर एक एयरलाइन कंपनी पर गुस्सा निकाला है। हाल ही में, सुरभि को अपनी मां के लिए फ्लाइट के जरिए कुछ सामान भेजना था, लेकिन फ्लाइट डिले और स्टाफ के झूठे वादों से एक्ट्रेस इतना तंग आ गईं कि उन्होंने उस एयरलाइन कंपनी को सबसे बेकार बता दिया। यही नहीं, सुरभि ने कंपनी पर मेंटल टॉर्चर का आरोप लगाया। उनका कहना है कि स्टाफ ने उनके साथ बद्तमीजी की और जानकारी देने की बजाय झूठे वादे किए।

ऑस्ट्रेलियन ओपन



# जोकोविच पहली बार चार घंटे में जीते पहले दौर का मैच, प्रिज्मिक को चार सेट में हराया

एजेंसी ⏭ मेलबर्न

गत चैंपियन नोवाक जोकोविच ने 18 वर्षीय क्रोएशियाई क्वालीफायर डिनो प्रिजमिच से मिली चुनौती को पस्त करते हुए रविवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चार घंटे तक चले पहले दौर के मुकाबले में 6-2, 6-7 (5), 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। प्रिजमिच कभी भी ग्रैंडस्लैम का मैच नहीं खेले थे और उनका जन्म जोकोविच के 2005 में ग्रैंडस्लैम पदार्पण करने के सात महीने बाद हुआ था। पर उन्होंने 24 बार के मेजर विजेता को तब तक परेशान किया, जब तक वह कर सकते थे।

मेलबर्न पार्क में 2005 में ग्रैंडस्लैम पदार्पण करने वाले जोकोविच ने आस्ट्रेलियाई ओपन में ऐसा रिकॉर्ड बना दिया है जिसकी बराबरी शायद ही कोई खिलाड़ी कर सके। वह यहां 10 खिताब अपनी झोली में डाल चुके हैं। जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया ओपन में लगातार 29वां मैच जीता है। वहीं, टूर्नामेंट में अपना 90वां मैच जीता। इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा मुकाबले जीतने का रिकॉर्ड रोजर फेडरर के नाम है, जिन्होंने मेलबर्न में 102 मैच जीते है।



## वाइल्ड से फ्रेंच ओपन में हारे थे रुबलेव

फ्रेंच ओपन में आंद्रे रुबलेव को शिकस्त का स्वाद चखाने वाले थियागो सेबोथ वाइल्ड ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में रविवार को यहां एक बार फिर उनके खिलाफ उलटफेर करने के करीब पहुंच गए थे। रूस के अनुभवी खिलाड़ी ने पांच सेट तक चले मुकाबले में आखिरी नौ में आठ अंक भुना कर मैच जीता। पांचवें सेट के 12वें गेम में चार मैच प्वाइंट गंवाने के बाद रुबलेव टाईब्रेकर में 5-2 से पीछे हो गए। उन्होंने धैर्य बनाए रखा और अगले नौ में से आठ अंक जीतकर 7-5, 6-4, 3-6, 4-6, 7-6 से जीत दर्ज की। इस जीत के बाद वह जमीन पर लेट गए और फिर खड़े होकर ब्राजील के प्रतिद्वंद्वी को गले लगाया।

## नोवाक को मिली टक्कर

पहला सेट उम्मीद के अनुरुप हुआ लेकिन दूसरे सेट में प्रिजमिच ने बराबरी हासिल की और फिर तीसरे को ब्रेक तक ले गए जिससे दर्शकों को काफी हैरानी हुई। लेकिन फिर दुनिया के नंबर एक रैंकिंग के खिलाड़ी ने वापसी कर सेट जीत लिया। प्रिजमिच ने चौथे सेट में भी हार नहीं मानी जब वह 0-4 से पिछड़ रहे थे। उन्होंने तीन मैच प्वाइंट बचाकर स्कोर 5-3 कर दिया। अंत में जोकोविच ने चार घंटे एक मिनट तक चले मुकाबले को समाप्त किया।

## ढाई घंटे में जीते सिनर

इटली के यानिक सिनर ने विश्व रैंकिंग में 59वें पायदान पर काबिज बोटिक वान डे जैंडस्चुल्प पर 6-4, 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। सिनर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के शुरुआती मैच को जीतने के लिए लगभग ढाई घंटे का समय लिया।

## वोज्नियाकी की शानदार वापसी



महिला वर्ग में कैरोलिन वोज्नियाकी ने मां बनने के बाद अपने पहले आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। 20वीं वरीयता प्राप्त माग्डा लिनेटे के मैच के दूसरे सेट में रिटायर होने से 2018 आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन वोज्नियाकी अगले दौर में पहुंची, तब वह 6-2, 2-0 से आगे चल रही थीं। वोज्नियाकी ने 2020 में संन्यास ले लिया था और फिर दो बच्चों के जन्म के बाद उन्होंने पिछले साल अमेरिकी ओपन में वापसी की थी। अब वह मारिया टिमोफीवा से भिड़ेंगी जिन्होंने अलीजे कोर्नेट को 6-2, 6-4 से मात दी।


## लेला ने दर्ज की जीत

आठवीं वरीयता प्राप्त मारिया सकारी ने जापान की नाओ हिबिनो को 6-4, 6-1 से शिकस्त दी। पिछले साल के ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद ग्रैंड स्लैम में यह उनकी पहली जीत है। अमेरिकी ओपन 2021 की उपविजेता लेला फर्नांडीज 17 वर्षीय सारा बेजलेक को 7-6, 6-2 हराकर दूसरे दौर में पहुंची। नौवीं वरीयता प्राप्त बारबोरा क्रेजिसिकोवा से पहले सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए माई होंटामा को 2-6, 6-4, 6-3 से शिकस्त दी।

## रिकॉर्ड 68वें मैच में हारी कॉर्नेट

रूस की क्वालीफायर मारिया टिमोफीवा ने फ्रांस की अनुभवी एलिज कॉर्नेट को 6-2, 6-4 से हराया। कॉर्नेट लगातार 68वें ग्रैंड स्लैम स्पर्धा में भाग ले रही थीं, जो महिला टेनिस का रिकॉर्ड है। अमांडा अनिसिमोवा ने करियर ब्रेक के बाद वापसी पर शानदार खेल जारी रखते हुए 13वीं वरीयता प्राप्त ल्यूडमिला सैमसोनोवा पर 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की।

## खबर संक्षेप



### पदार्पण कर रहे जेहान 16वें स्थान पर रहे

**मैक्सिको सिटी।** भारतीय रेसर जेहान दारुवाला फॉर्मूला ई के अपने पदार्पण रेस मैक्सिको ई-प्रिक्स में निराशाजनक 16वें स्थान पर रहे। पच्चीस साल के जेहान ने क्वालीफाइंग सत्र में ग्रुप ए में एक मिनट 14.469 सेकंड के साथ नौवां स्थान हासिल किया था। मासेराती एमएसजी रेसिंग टीम के इस ड्राइवर को इससे मुख्य रेस की ग्रिड में 17वां स्थान मिला। रेस की शुरुआत में उन्होंने अच्छा नियंत्रण दिखाया और 15वें स्थान पर पहुंचे लेकिन पहले लैप की समाप्ति पर वह 17वें और दूसरे लैप के बाद 20वें स्थान पर खिसक गए।

### एथलेटिक बिलबाओ तीसरे स्थान पर पहुंचा

**बार्सिलोना।** फारवर्ड एलेक्स बेरेंगुएर के दो गोल की मदद एथलेटिक बिलबाओ ने ला लिगा मैच में रियल सोसिदाद पर 2-1 से जीत दर्ज की। इस जीत से एथलेटिक बिलबाओ ने तालिका में बार्सिलोना और एटलेटिको मैड्रिड जैसी बड़ी टीमों को पीछे छोड़ दिया। टीम तालिका में तीसरे स्थान पर है और चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में बनीं हुई है। बेरेंगुएर ने आठ मिनट (32वें और 40वें) के अंदर दो गोल कर टीम के पिछले 13 मैचों से चले आ रहे अजेय क्रम को जारी रखा।

### मुलानी के प्रदर्शन से मुंबई जीत के करीब

**मुंबई।** बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी की शानदार गेंदबाजी के दम पर मुंबई ने रविवार को यहां आंध्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच में जीत की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।



मुलानी ने पहली पारी में 65 रन देकर 6 विकेट लिए जिसकी मदद से मुंबई ने आंध्र को 72 ओवर में 184 रन पर आउट कर दिया। मुंबई ने आंध्र को फॉलोआन के लिए आमंत्रित किया। आंध्र ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 166 रन बनाए हैं और उसे पारी की हार से बचने के लिए अभी 47 रन की जरूरत है।

### रणजी मैच में कर्नाटक की शानदार गेंदबाजी

**अहमदाबाद।** मध्यम गति के गेंदबाज वासुकी कौशिक की अगुवाई में कर्नाटक ने मजबूत गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत रविवार को यहां रणजी ट्राफी ग्रुप सी मैच के तीसरे दिन स्टंप तक गुजरात के 171 रन तक सात विकेट झटक लिए। कर्नाटक ने सुबह पांच विकेट पर 328 रन से आगे खेलते हुए 46 रन जोड़े। सने 374 रन पर सिमटने से 110 रन की बढ़त हासिल की। गुजरात की टीम पहली पारी में 264 रन पर सिमट गई थी।

# जायसवाल-दुबे चमके, भारत ने अफगानिस्तान से श्रृंखला जीती

173 रन का टारगेट 15.4 ओवर में 4 विकेट पर हासिल किया

- जायसवाल ने 34 बॉल पर 68 रन की पारी खेली
- शिवम ने 32 बॉल पर नाबाद 63 रन बनाए
- 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की
- तीसरा मुकाबला 17 जनवरी को बेंगलुरु में होगा





भाषा ⏭ इंदौर

यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे के अर्धशतकों की मदद से भारत ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में रविवार को यहां अफगानिस्तान को 26 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद निर्धारित 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 172 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। भारत ने 15.4 ओवर में चार विकेट पर 173 रन बनाकर जीत दर्ज की। तीसरा और अंतिम मैच 17 जनवरी को बेंगलुरु में खेला जाएगा।

जायसवाल ने 34 गेंद पर पांच चौकों और छह छक्कों की मदद से 68 रन बनाए जबकि दुबे ने 32 गेंद पर नाबाद 63 रन की पारी खेली जिसमें पांच चौके और चार छक्के शामिल हैं। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की। अफगानिस्तान की तरफ से गुलबदीन नैब ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 35 गेंद पर 57 रन की पारी खेली, लेकिन अगर अफगानिस्तान अंतिम चार ओवर में 55 रन जुटाने में सफल रहा तो उसका श्रेय नजीबुल्लाह जादरान (21 गेंद पर 23 रन), मुजीब उर रहमान (नौ गेंद पर 21 रन) और करीम जनत (10 गेंद पर 20 रन) को जाता है। भारत की तरफ से तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने 32 रन देकर तीन विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने फिर से किफायती गेंदबाजी करके चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट हासिल किये। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अपने 150वें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच को यादगार नहीं बना पाए और पारी के पहले ओवर में ही फजलहक फारुकी की गेंद पर बोल्ड होकर बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इस तेज गेंदबाज ने अपने अगले ओवर में जायसवाल का कैच छोड़ा। भारत के सलामी बल्लेबाज ने हालांकि इस ओवर में दो छक्के लगाकर अपने तेवर दिखाये।

**अफगानिस्तान-172/10 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| गुरबाज का दुबे बो बिश्नोई | 14 |
| इब्राहिम का एवं बो अक्षर | 08 |
| नईब बो रोहित बो अक्षर | 57 |
| ओमरजई बो दुबे | 02 |
| नबी का रिंकू बो बिश्नोई | 14 |
| जदरान बो अर्शदीप | 23 |
| जनत का पटेल बो अर्शदीप | 20 |
| मुजीबुर रहमान रन आउट | 21 |
| नूर का कोहली बो अर्शदीप | 01 |
| नवीनुल हक नाबाद | 01 |
| फारूकी रन आउट | 00 |

अतिरिक्त : 11
कुल : 20 ओवर में 172 रन पर आउट
विकेट पतन : 1-20 , 2-53, 3-60, 4-91, 5-104, 6-134, 7-164, 8-170, 9-171, 10-172
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-32-3, मुकेश 2-0-21-0, रवि 4-0-39-2, अक्षर 4-0-17-2, दुबे 3-0-36-1, सुंदर 3-0-23-0

**भारत- 173/4 (15.4)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी का गुरबाज बो जनत | 68 |
| रोहित बो फजलहक फारूकी | 00 |
| कोहली का जदरान बो हक | 29 |
| शिवम दुबे नाबाद | 63 |
| जितेश का नबी बो जनत | 00 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 09 |

अतिरिक्त : 04
कुल : 15.4 ओवर में चार विकेट पर 173 रन
गेंदबाजी: फारूकी 3.4-0-28-1, रहमान 2-0-32-0, नवीनुल हक 3-0-33-1, नूर 3-0-35-0, नबी 2-0-30-0, करीम जनत 2-0-13-2

# सात्विक-चिराग मलेशिया ओपन में बने उपविजेता



एजेंसी ⏭ कुआलालंपुर

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी रविवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में हार गए। चीन के लियांग वेई केंग और वांग की विश्व में नंबर एक जोड़ी ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में उन्हें हराया।

इस तरह से उन्हें उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा।दोनों जोड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया लेकिन एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली सात्विक और चिराग की जोड़ी पहला गेम जीतने और निर्णायक गेम में 11-7 की बढ़त का फायदा नहीं उठा पाई और आखिर में उन्हें लियांग और वांग से 21-9, 18-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी की लियांग और वांग के हाथों यह चौथी हार है। यह दोनों जोड़ियां पिछले साल चार बार आमने-सामने थी जिनमें चीन की जोड़ी तीन मुकाबले जीतने में सफल रही थी। सात्विक और चिराग ने इस बीच केवल कोरिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में अपनी इस प्रतिद्वंद्वी टीम को हराया था।

बनाई 2-0 की बढ़त

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 21 रन से दी मात



एजेंसी ⏭ हैमिल्टन

सलामी बल्लेबाज फिन एलेन के आकर्षक अर्धशतक और तेज गेंदबाज एडम मिल्ने के चार विकेट की मदद से न्यूजीलैंड ने रविवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 21 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त बनाई।

पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर 10 ओवर के बाद एक विकेट पर 111 रन था। कीवी टीम 8 विकेट पर 194 रन ही बना पाई। एलेन ने 41 गेंद पर सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से 74 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से हारिस रऊफ ने 38 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 19.3 ओवर में 173 रन बनाकर आउट हो गई। उसके केवल तीन बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे। इनमें बाबर आजम (66) और फखर जमां (50) भी शामिल है जिन्होंने अर्धशतक लगाए। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी की। इनके अलावा शाहीन शाह अफरीदी ने 22 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से एडम मिल्ने ने 33 रन देकर चार विकेट लिए। उनके अलावा टिम साउदी, बेन सीयर्स और ईश सोढ़ी ने दो-दो विकेट हासिल किए।

## मोहन बागान ने हैदराबाद को हराया

**भुवनेश्वर।** ऑस्ट्रेलिया के दिमित्रियोस पेट्राटोव के अंतिम क्षणों में पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से मोहन बागान सुपर जॉइंट्स ने रविवार को यहां कलिंग सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट में हैदराबाद एफसी को 2-1 से हराया। मोहन बागान ने फिर से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करके तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किये। उसके अब दो मैच में छह अंक हो गए हैं। हैदराबाद एफसी ने अपने दोनों मैच गंवाए हैं और वह खिताब की दौड़ से लगभग बाहर हो गया है। हैदराबाद एफसी ने शानदार शुरुआत की और रामहलुन्चुंगा के गोल की मदद से शुरू में ही बढ़त हासिल कर ली। पहले हाफ में हैदराबाद का दबदबा रहा और मध्यांतर तक वह 1-0 से आगे था। मोहन बागान ने दूसरे हाफ में शुरू से दबाव बनाया, लेकिन उसके खिलाड़ियों ने गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए। मोहन बागान की तरफ से आखिर में 88वें मिनट में स्थानापन खिलाड़ी जेरेमी ने बराबरी का गोल किया। इसके दो मिनट बाद मोहन बागान को पेनल्टी मिली और पेट्राटोव ने उसे गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की।

# उरोज के दो गोल से चिली ने चेक गणराज्य को 6-0 से रौंदा



एजेंसी ⏭ रांची

मैनुएला उरोज के दो गोल की मदद से चिली ने रविवार को यहां एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के पूल ए के अपने दूसरे मैच में चेक गणराज्य को 6-0 से हराकर खुद को पेरिस खेलों की क्वालीफिकेशन की दौड़ में बरकरार रखा। विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज चिली को इससे पहले शनिवार को जर्मनी से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था। लगातार दूसरी हार के बाद विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज चेक गणराज्य की टीम इसके साथ ही ओलंपिक क्वालीफायर के दौड़ से बाहर हो गई। टीम को टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में जापान से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। उरोज ने 36वें और 47वें मिनट में मैदानी गोल किए। टीम के लिए अन्य गोल कॉन्सुएलो डी लास हेरास (13वें), कैमिला कैरम (38वें), एंटोनियो मोरालेस ऑर्चर्ड (44वें) और मारिया माल्डोनाडो (58वें) ने किये। चिली अपने अंतिम पूल मैच में मंगलवार को जापान से भिड़ेगा जबकि चेक गणराज्य का मुकाबला दुनिया के पांचवें नंबर की टीम जर्मनी से होगा।

# ओलंपिक क्वालीफायर में योगेश का गोल्डन डबल

**जकार्ता।** भारतीय निशानेबाजों ने रविवार को यहां एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में स्वर्ण पदक जीतना जारी रखा। योगेश सिंह ने अमित कुमार और ओम प्रकाश के साथ मिलकर टीम स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करने से पहले पुरुष 25 मीटर व्यक्तिगत स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में भी सोने का पदक जीता। कुवैत सिटी में शॉटगन के ओलंपिक क्वालीफायर में कम से कम दो महिला ट्रैप निशानेबाज पहले दिन के क्वालिफिकेशन के बाद सोमवार को शीर्ष छह फाइनल्स में जगह बनाने के लिए अच्छी स्थिति में थीं। योगेश ने 572 अंक से स्टैंडर्ड पिस्टल स्वर्ण पदक जीता और फिर अमित (565) और प्रकाश (553) के साथ जोड़ी बनाकर टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी जीत लिया। इससे भारत के 14 स्वर्ण और 10 रजत से कुल 32 पदक हो गए हैं। इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में यह देश का सबसे शानदार प्रदर्शन है।





## दीव में हुए पहले बीच गेम्स में मध्य प्रदेश चैंपियन बना

**नई दिल्ली।** भारत के पहले मल्टी-स्पोर्ट्स बीच गेम्स "द बीच गेम्स 2024" का आयोजन दीव में ब्लू फ्लैग प्रमाणित घोघला बीच पर किया गया। इन खेलों में जमीन से घिरा हुआ मध्य प्रदेश चैंपियन बनकर उभरा। मध्य प्रदेश ने 7 स्वर्ण सहित कुल 18 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि ने न केवल मध्य प्रदेश के दल की खेल क्षमता को दिखलाया, बल्कि इस राज्य के भीतर विकसित हो रही प्रतिभाओं की गहराई को भी सामने रखा। महाराष्ट्र ने 3 स्वर्ण सहित 14 पदक जीते, वहीं तमिलनाडु, उत्तराखंड और मेजबान दादरा, नगर हवेली, दीव और दमन ने 12-12 पदक हासिल किए।

सुआरेज ने इंटर मियामी से किया है एक साल का करार

# सुआरेज ने मेसी, अल्बा के साथ किया अभ्यास

एजेंसी ⏭ फोर्ट लॉडरडेल



बार्सिलोना के लिए एक साथ खेल चुके लियोनेल मेसी, लुईस सुआरेज, सर्जियो बस्केट्स और जोर्डी एल्बा ने अमेरिका के मेजर सॉकर लीग की टीम इंटर मियामी फुटबॉल क्लब के लिए एक साथ अभ्यास किया। इंटर मियामी का सत्र पूर्व अभ्यास शिविर आधिकारिक तौर पर शनिवार को शुरू हुआ।

सुआरेज पहली बार टीम के अभ्यास सत्र में पहुंचे जहां 2014 में बार्सिलोना के उनके तीन अन्य पूर्व साथी पहले से मौजूद थे। सुआरेज ने पिछले महीने ही इंटर मियामी से एक साल का करार किया है। सुआरेज ने कहा, 'मेरी लिए एक ऐसी टीम में खेलना शानदार होगा जिसमें कई जाने-माने खिलाड़ी हैं। इन खिलाड़ियों को हर कोई जानता है। मेरा यह नया क्लब एमएसएल चैंपियन बनना चाहता है और मुझसे उसकी यही उम्मीद है कि मैं इस में पेशेवर तरीके से उनकी मदद करूं।' सुआरेज और मेस्सी ने बार्सिलोना में एक साथ छह सत्र खेले हैं। टीम ने इस दौरान चार स्पेनिश लीग खिताब और नौ अन्य ट्रॉफियां जीतीं, जिसमें एक चैंपियंस लीग खिताब भी शामिल था।

## छेत्री को अगले मैच में दमदार प्रदर्शन का भरोसा



**दोहा।** करिश्माई भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री ने एएफसी एशियाई कप के पहले मैच में मजबूत ऑस्ट्रेलिया से 0-2 की हार के बाद टीम के साथी खिलाड़ियों से उज्बेकिस्तान के खिलाफ मैच पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया है। 'ब्लू टाइगर्स' ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीम को पहले हाफ में गोलरहित बराबरी पर रोके रखा। विश्व कप 2022 के अंतिम 16 में पहुंचने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम ने हालांकि दूसरे हाफ में दो गोल के दम पर जीत दर्ज की।




## इंटीरिया डिजाइन कॉम्पीटिशन में लिया शहर के स्टूडेंट्स ने भी हिस्सा

# परी बाजार के आखिरी दिन की शाम लेडीज-सूफियाना कव्वाली से सजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गौहर महल में चल रहे 4 दिवसीय 'परी बाजार' का समापन रविवार को लेडीज कव्वाली के साथ हुआ। सत्रों का आगाज इंटीरिया डिजाइन कॉम्पीटिशन से हुआ, जिसमें शहर के स्कूल-कॉलेज के स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। वहीं, मेहंदी आर्ट कॉम्पीटिशन में भी स्टूडेंट्स ने अपनी क्रिएटिविटी दिखाई। दोपहर क सत्र ओपन माइक और रंगोली आर्ट मेकिंग कॉम्पीटिशन के नाम रहा। लेकिन, शाम का सत्र सबसे खास महिलाओं के कव्वाली के नाम रहा। मुंबई से आईं गायिका रीना नारायण की मखमली आवाज ने भी गीत, संगीत, संस्कृति और भोपालियत से भरी शाम को खुशनुमा बना दिया। इस मौके पर भोपाल को टूरिस्ट सिटी बनाने के लिए हों प्रयास बेस्ट टॉक शो में सोशल एक्टिविस्ट स्पर्श द्विवेदी ने भोपाल को पर्यटन हब के रूप में कैसे ब्रांड करें का विषय लोगों के बीच उठाया।




### मुझे तुम नजर से गिरा तो रहे हो...

शाम के सत्र में गायिका रीना नारायण ने मेहंदी हसन के गीत मुझे तुम नजर से गिरा तो रहे हो... के साथ शाम को रौशन किया। इसके बाद उन्होंने आईए मेहरबां बैठिए जाने जां..., गीता दत्त का गीत ऐ दिल मुझे बता दे... और फिर लता जी को याद कर गीत वो भूली दास्तां..., झुमका गिरा रे... गीत को पेश किया। सूफियाना कव्वाली में मुनव्वर मासूम ने कोक स्टूडियो की गजल बिस्मिल्लाह..., नाते पाक - तरीफ करने वालों कोशिश तमाम की..., नज्म - ओ सनम मान भी जा... और अंत में गजल पेश कर सभा को विराम दिया।

### फिर महकी राजधानी...







भोपाल। रविवार को राजधानी के लिंक रोड एक पर गुलाब उद्यान में लगी 43वीं गुलाब प्रदर्शनी का दूसरा और अंतिम दिन था। प्रदर्शनी देर शाम तक खुली रही, जिसे शहरवासियों ने खूब निहारा। वहीं कुछ लोगों ने इन खुशबू भरे पलों को संजोने के लिए इन महकते गुलाबों के बीच अपने फोटो भी खिंचवाए। वहीं छोटे बच्चों को यहां के पल बेहद सुकून भरे लगे कि उन्होंने जरा भी अपने पेरेंट्स को परेशान नहीं किया।

## दो दिनी आयोजनः फूड लवर्स में उत्साह


# पलाश रेसीडेंसी में नजर आई पोंगल फूड फेस्टिवल की धूम

» सक्कराई पोंगल, वेन पोंगल,परुअप्पू पायसम, थायिर पचड़ी सहित 20 से ज़्यादा किस्म के व्यंजन परोसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की इकाई पलाश रेसीडेंसी में शुरू हुए दो दिवसीय फूड फेस्टिवल में राजधानीवासियों और फूड लवर्स का उत्साह देखते ही बना, इस फूड फेस्टिवल के लिए पलाश रेसीडेंसी को पोट्रेट रंगोली से एवं फूलों और केले के पत्तों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था, वहीं पलाश रेसीडेंसी के सदर्न स्पाइसेस रेस्टोरेंट का स्टॉफ पारंपरिक वेशभूषा में अतिथियों का स्वागत करते हुए नजर आया।



### सेल्फी प्वाइंट पर दिखा उत्साह

पोंगल पर्व की थीम पर पलाश रेसीडेंसी के रिसेप्शन में एक अट्रेक्टिव सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है यहां भी अतिथि बड़ी संख्या में अपने परिवार व दोस्तों और बच्चों के साथ सेल्फी लेते दिखाई दिए। इस दौरान सक्कराई पोंगल, वेन पोंगल,परुअप्पू पायसम, , थायिर पचड़ी सहित 20 से ज़्यादा किस्म के व्यंजन परोसे।

### केले के पत्तों और रंग बिरंगे फूलों की रंगोली

केले के पत्तों और रंग बिरंगे फूलों की रंगोली से सजा राजधानी के पलाश रेसीडेंसी के साउदर्न स्पाइसेस के स्टॉफ द्वारा प्रवेश द्वार पर अतिथियों का वेलकम पारंपरिक वेशभूषा में तिलक लगाकर करने के साथ ही रेस्टोरेंट में ओणम के अवसर पर बनने वाले 20 से अधिक पारंपरिक व्यंजनों को अतिथियों को केले के पत्तों पर परोसा गया, जिसका बड़ी संख्या राजधानीवासियों और फूड लवर्स ने लुत्फ लिया।

## तीन दिनी फेस्टिवल बीएलएफ का समापन

# आखिरी दिन शिवजी के शौर्य, चाइना पाक सहित 20 विषयों पर रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सोसायटी ऑफ कल्चर एंड एनवायरमेंट के अध्यक्ष और फेस्टिवल के फाउंडर राघव चंद्रा ने साहित्य और कला को समर्पित तीन दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम भोपाल फिल्म एंड आर्ट फेस्टिवल के समापन के अवसर पर कहा कि साहित्य और कला के इस अद्भुत समारोह में हम अगले वर्ष फिर मिलेंगे। इस वर्ष हमने अधिक से अधिक विषयों पर जानकारी पहुंचाने का प्रयास किया है, अगले वर्ष हम साहित्य प्रेमियों के लिए और नए अवसर लेकर आएंगे।

फेस्टिवल के अंतिम दिवस धमाकेदार प्रस्तुतियों के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था, वास्तुकला, पाकिस्तान-चीन, छत्रपति शिवाजी, संविधान, फिल्म अभिनेता इरफान खान, फिल्म निर्माता सतीश कौशिक सहित 20 विषयों पर सेशन हुए।

हैरिटेज वॉक से शुरू हुआ दिन रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुआ समाप्त






### स्वर कोकिला लता मंगेशकर श्रध्दा सुमन अर्पित

वहीं, सुबह कॉलेज विद्यार्थियों के लिए हैरिटेज वॉक, काव्य प्रशिक्षण इत्यादि आयोजन भी सम्पन्न हुए। शाम में 'स्वर कोकिला' लता मंगेशकर को श्रध्दा सुमन अर्पित करते हुए 'रहे न रहें हम.....' पर चर्चा हुई। तत्पश्चात कलाभूमि डांस ग्रुप द्वारा 'ब्रम्हपुत्र वैली' पर दी धमाकेदार नृत्य प्रस्तुति का भोपालवासियों ने आनंद उठाया।

### सही और गलत के बीच एक लकीर

भारतीय संविधान पर केंद्रित परिचर्चा में न्यायमूर्ति मदन बी लोकुर और मध्यस्थ विश्वजीत भट्टाचार्या मौजूद रहे। वक्ता ने मुख्य न्यायमूर्ति को 'मास्टर ऑफ दी रोस्टर' बताया और अदालती कार्यवाही में उनकी महत्ता का वर्णन किया। सत्र में डीविजन बेंच, कालेजियम (जजों की नियुक्ति और तबादले की प्रक्रिया) जैसे कानूनी प्रणाली पर विस्तृत संवाद हुआ। जजों की नियुक्तियों और संवेधानिक नैतिकता पर बल देते हुए भारतीय परिप्रेक्ष्य में आ रहीं दिक्कतों का जिक्र कर सही को सही और गलत को गलत बताने का सुझाव दिया।

### शाहजहांनाबाद पर विस्तृत चर्चा

'इतिहास और वास्तुकला में इसकी अभिव्यक्ति' विषय पर केंद्रित चर्चा में डॉ. मीरा दास व सौरभ पोपली के साथ अनीशा शेखर मुखर्जी और नीरू मिश्रा उपस्थित रहे। इस दौरान शाहजहांनाबाद का किला, शहर और हुमायूँ का उद्यान मकबरा पर प्रस्तुतिकरण कर विस्तृत चर्चा हुई। नीरू मिश्रा ने हुमायूं का उद्यान मकबरा बनाये जाने में उपयोग होने वाले पत्थर एवं मुख्य द्वार बनी कलाकृतियों की बात बताई।

## बालीवुड नाइट में सांस्कृतिक मंच पर वैशाली रायकवार ने दी प्रस्तुति

# आतिशबाजी, रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर भोजपाल मेले का समापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजा भोज की नगरी भोपाल के भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेला का रविवार को भव्य आतिशबाजी और रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर समापन किया गया। मेले में अंतिम दिन भारी भीड़ रही। सांस्कृतिक मंच पर बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर वैशाली रायकवार और बीआरडांस ग्रुप ने बॉलीवुड सांग्स की प्रस्तुति दी।

मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा ने 49 दिनों तक निर्बाध रूप से चले इस मेले के लिए मेला समिति के अध्यक्ष सुनील यादव, संयोजक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम के साथ ही पूरी मेटा टीम को बधाई दी। शर्मा ने कहा कि मेला समिति की पूरी टीम पूरे समर्पण भाव से करीब दो महीने तक इस कार्य में जुटी रही।

### सबका भरपूर सहयोग मिलाः यादव

*मेला अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि 49 दिनों तक चले भोजपाल महोत्सव मेले को शहरवासियों का भरपूर सहयोग और आशीर्वाद मिला। मेला समिति द्वारा शहरवासियों को एक ही परिसर में मनोरंजन करने के साथ ही घूमने फिरने और खरीदारी करने यह आयोजन किया गया। महामंत्री हरीश कुमार राम ने मेले में 49 दिनों तक अपनी विभिन्न प्रकार की दुकानें लगाकर सहयोग देने व्यापारियों, झूला संचालकों का आभार माना। मेला समिति उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, सुनील शाह, महेंद्र नामदेव, मो. जाहिद खान, दीपक बैरागी, देवेंद्र चौकसे, शैलेंद्र जाट, मो. रेहान, मंत्री चंदन वर्मा, विनय सिंह, अखिलेश नागर, मुकेश शाह, आफताब सिद्धकी, मधु भवनानी, दीपक शर्मा, गोपाल शर्मा, सहमंत्री सुनील वैष्णव, वाहिद खान, संदीप सहित मेला समिति से जुड़े अन्य लोगों द्वारा भरपूर सहयोग दिया जा रहा है।*

## लंदन के वरिष्ठ कथाकार तेजेन्द्र का विशेष व्याख्यान आज



◆ 'हिंदी सिनेमा और साहित्य : वैश्विक संदर्भ' पर रचनाकारों और युवाओं से रूबरू होंगे

**भोपाल।** विश्व रंग सचिवालय एवं प्रवासी भारतीय साहित्य एवं संस्कृति शोध केन्द्र, रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी सिनेमा और साहित्य : वैश्विक संदर्भ विषय पर तेजेन्द्र शर्मा, प्रख्यात लेखक एवं संपादक– पुरवाई (यूके) का विशेष व्याख्यान दिनांक 15 जनवरी (सोमवार), समय प्रातः 11 बजे से वनमाली सभागार, स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय, भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर वे 'हिंदी सिनेमा और साहित्य : वैश्विक संदर्भ' विषय पर रचनाकारों और युवाओं से रूबरू होंगे।

# संभावना गतिविधि में राई नृत्य की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना गतिविधि में रविवार की शाम प्रहलाद कुर्मी एवं साथी, सागर द्वारा बुन्देली राई नृत्य की प्रस्तुति दी गई। राई एक जीवन्त कलात्मक हिस्सेदारी की तरह ही है। जीवन का अटूट हिस्सा जिसमें आनंद की स्वच्छंद अभिव्यक्ति मनुष्य की जीवनी शक्ति जैसा प्रकट होता है।







## सकलपर्णा समूह की प्रथम अंतरराष्ट्रीय काव्य गोष्ठी सम्पन्न

# भले दिनों की ज़ेहन में यादें, लगी हैं लेने उछाल फिर सेः डॉ.कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सकलपर्णा समूह की एक अंतर्राष्ट्रीय काव्य गोष्ठी ऑनलाइन आयोजित की, जिसमें भारत सकलपर्णा की 27 कवयित्रियां और अमेरिका के विभिन्न राज्यों से 8 साहित्यकार सम्मिलित हुए, एक रचनाकार सिंगापुर से जुड़ीं। अध्यक्षता ममता वाजपेयी ने की तथा मुख्य अतिथि अमेरिका के डॉ. सुरेंद्र मोहन कौशिक रहे। कार्यक्रम संयोजिका अनीता सक्सेना ने कहा कि हम सभी एक ही वृक्ष की डालियों पर



लगे वो फूल हैं जो संपूर्ण विश्व में साहित्य से खुशबू बिखेर रहे हैं और हिंदी की सेवा कर रहे हैं। डॉ. सुरेंद्र मोहन कौशिक ने मेरी जिंदगी कुछ खैर कर और गुमान करता था, गीता कौशिक ने हृदय पीड़ा किसको बतलाते, प्रो. अफरोज ताज ने उलटी गंगा, उषा देव ने भाग्य रेखाएं और अकेली पांच की मुट्ठी, विशाखा ठक्कर ने अंधेरे मन के, हिमांशु श्रीवास्तव ने रामायण रचना पढ़कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

### चलो घर को मकान बनाएंः शैफालिका

इसी क्रम में डॉ. मालती बसंत-सूरज की लाली,कुमकुम गुप्ता-जीवन में लय, रंजना शर्मा- पावस गीत,नीलिमा रंजन- खुलने को गवाक्ष विनीता राउरीकर-ए मेरी कविता, वर्षा चौबे - शब्द अगर हम तुम्हें, नमिता सेन गुप्ता -मशीन माँ, कमल चंद्रा -पर्यावरण महिमा वर्मा-जीना अगर जीवन तो, शालिनी खरे- सांसों से जुड़ा प्रभु नाम, कल्पना विजयवर्गी -पावस संदेशय, सुधा दुबे- मुस्कुराते रहिए जनाब, मधुलिका सक्सेना- सुखदाई शिशिर, नविता जौहरी-आ गया नया साल, शेफालिका श्रीवास्तव -चलो घर को मकान बनाएं, खंजन सिंन्हा -जिस कागज पर इत्र लिख दिया, मधुलिका श्रीवास्तव ,हजारों शब्द जोड़कर सरोज दवे उत्कृष्ट जागृत, कुसुम श्रीवास्तव- आपके आने से, शीला मिश्रा- माँ की देहरी पर, साधना शुक्ला -जी चाहता है,अनीता सक्सेना ने -आओ एक पतवार बने कविता सुनाईं । आज सकलपर्णा समूह ने सचमुच भारत और अमेरिका के बीच पुल बनाने का कार्य किया। संचालन डॉ. साधना शुक्ला ने, आभार डॉ. विनीता राउरीकर ने और संयोजन-नियंत्रण महिमा वर्मा ने किया ।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930